संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 नवंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 315 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को उनके सरकारी आवास पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शिष्टाचार भेंट की।

## महायुति में ही महाराष्ट्र की तरक्की: मोदी

● एक तरफ संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त, दूसरी तरफ उनके कातिल को मसीहा मानने वाले

**वोट की अपील**

▶▶ पूरा महाराष्ट्र जानता है कि छत्रपति संभाजी नगर को ये नाम देने की मांग बालासाहेब ठाकरे ने उठाई थी



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में तीन रैलियां की। छत्रपति संभाजीनगर में पहली रैली में उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र का ये चुनाव सिर्फ नई सरकार चुनने का ही चुनाव नहीं है। इस चुनाव में एक तरफ संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त हैं और दूसरी ओर औरंगजेब के गुणगान करने वाले लोग हैं। कुछ लोगों को छत्रपति संभाजी के कातिलों में मसीहा नजर आता है।

उन्होंने कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि छत्रपति संभाजी नगर को ये नाम देने की मांग बालासाहेब ठाकरे ने उठाई थी। अघाड़ी सरकार की 2.5 साल सत्ता रही, लेकिन कांग्रेस के दबाव में इन लोगों की हिम्मत नहीं हुई। जबकि महायुति सरकार ने आते ही इस शहर का नाम छत्रपति संभाजी नगर किया। हमने आपकी इच्छा को पूरा किया, हमने बालासाहेब ठाकरे की इच्छा को पूरा किया। छत्रपति संभाजीनगर के बाद पनवेल में मोदी की जनसभा जारी है। पीएम की दिन की आखिरी जनसभा मुंबई में शाम 6.30 बजे होगी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सभी 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग है। इसके नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

**हमारी सरकार महाराष्ट्र को विकसित बनाने पर काम कर रही**भाजपा और महायुति मिलकर महाराष्ट्र को विकसित बनाने के लिए काम कर रहे हैं, ताकि महाराष्ट्र विकसित भारत के विजन का नेतृत्व कर सके। इसलिए आज महाराष्ट्र में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। मराठवाड़ा, विदर्भ और मुंबई से सीधे जुड़ गया है।

**अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद के लिए तरसाएंगे**

पीएम ने कहा कि अघाड़ी वालों ने महाराष्ट्र की परेशानियों को बढ़ाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। मराठवाड़ा में लंबे समय से पानी का संकट रहा है, लेकिन कांग्रेस और अघाड़ी वाले हमेशा हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। हमारी सरकार में पहली बार सूखे के खिलाफ ठोस प्रयास शुरू हुए। ये अघाड़ी वाले आपको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाएंगे। आपसे अनुरोध है कि इन अघाड़ी वालों को घुसने ही मत देना।

**महाराष्ट्र सरकार विरासत भी संभाल रही**

पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र में विकास के इस महायज्ञ के साथ ही, हमारी सरकार, विरासत का अनुष्ठान भी कर रही है। भगवान विठ्ठल के भक्तों की सुविधा के लिए हमने पालकी महामार्ग का निर्माण करवाया है।

### नक्सलवाद पर लगाम लगाई: मोदी



**पीएम** मोदी की 12 नवंबर को चंद्रपुर के चिमूर में जनसभा हुई थी। उन्होंने यहां कहा था– कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी वाले देश को पीछे करने का और कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ खूनी खेल दिए हैं। ये हमारी सरकार है जिसने नक्सलवाद पर लगाम लगाई। पीएम ने कहा था कि हमने जम्मू-कश्मीर से 370 को खत्म किया। कश्मीर को भारत और भारत के संविधान से पूरी तरह जोड़ा, लेकिन कांग्रेस और उसके साथी कश्मीर में फिर से 370 लागू करने के लिए प्रस्ताव पास कर रहे हैं। ये लोग वो काम कर रहे हैं जो पाकिस्तान चाहता है। प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमारे चंद्रपुर के इस क्षेत्र ने भी दशकों तक नक्सलवाद की आग को झेला है। यहां नक्सलवाद के कुचक्र में कितने ही युवाओं का जीवन बर्बाद हो गया। हिंसा का खूनी खेल चलता रहा, औद्योगिक संभावनाओं ने यहां दम तोड़ दिया। कांग्रेस और उसके साथियों ने आपको सिर्फ और सिर्फ खूनी खेल दिए हैं।

### जातियों में बांटकर कांग्रेस सत्ता में आने की राह तलाश रही: पीएम

**पीएम** मोदी ने कहा कि कांग्रेस सोच रही है कि ओबीसी जातियों में बंटेगा तो उसकी ताकत कम हो जाएगी और जब समाज की ताकत कम हो जाएगी, तो कांग्रेस को बैठे-बैठे ही फायदा मिल जाएगा। यहीं से कांग्रेस सत्ता में वापसी की तलाश कर रही है। अगर कांग्रेस को सरकार में आने का मौका मिला, तो एससी/एसटी/ओबीसी का आरक्षण रोक देगी। इसलिए एससी/एसटी/ओबीसी को इन साजिशों का शिकार रहना है। हमें जागरूक रहकर एकता को बल देना है, एकता की ताकत को बढ़ाना है। इसलिए हमें याद रखना है– हम एक हैं तो सेफ हैं।

## मोदी ने कभी संविधान नहीं पढ़ा: राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नंदूरबार:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि मैं जनसभाओं में जो संविधान दिखाता हूं, वो खाली है। नरेंद्र मोदी जी के लिए संविधान खाली है, क्योंकि उन्होंने कभी इसे पढ़ा नहीं है। महाराष्ट्र के नंदूरबार में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि संविधान में देश की आत्मा है और हिंदुस्तान का ज्ञान है। इसमें भगवान बुद्ध, बिरसा मुंडा, डॉ. बीआर आंबेडकर, महात्मा गांधी, और फुले की सोच है। राहुल गांधी बोले कि भाजपा को मेरे रैलियों में इस लाल किताब को दिखाने पर आपत्ति है। मगर हमें इसके लाल रंग से कोई फर्क नहीं पड़ता। जो इसके अंदर लिखा है, हम उसकी रक्षा के लिए जान देने को तैयार हैं। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग को निर्णय लेने में प्रतिनिधित्व दिलाना चाहती है। वर्तमान में आठ प्रतिशत आदिवासी आबादी में से निर्णय लेने में उनकी हिस्सेदारी केवल एक प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि भू-अधिग्रहण बिल और कानून लाकर कांग्रेस ने आपके जल-जंगल-जमीन की रक्षा की थी।

### सरकार चलाने वाले 90 अधिकारियों में से केवल 1 आदिवासी: राहुल

**राहुल** ने कहा आदिवासी देश के पहले मालिक हैं। जल, जंगल और जमीन पर पहला हक उनका है, लेकिन भाजपा चाहती है कि आदिवासी बिना किसी अधिकार के जंगल में रहें। उन्होंने दावा किया कि सरकार चलाने वाले 90 अधिकारियों में से केवल एक आदिवासी समुदाय से है। इन्हें देश के विकास में खर्च के लिए अगर 100 रुपये मिलते हैं तो आदिवासी अधिकारी के हिस्से केवल 10 पैसे आते हैं।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## टोंक: नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद फिर बवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर:** राजस्थान के टोंक जिले के देवली-उनियारा में नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद समर्थक फिर भड़क गए हैं। जिससे एक बार फिर बवाल शुरू हो गया है। नरेश मीणा की गिरफ्तारी के विरोध में देवली-उनियारा के समरावता गांव की सड़क पर टायर जलाए गए हैं। पुलिस की गाड़ियों को रोकने के लिए समर्थकों ने चक्काजाम किया है। उपद्रवियों ने पुलिस पर हल्का पथराव भी किया है। जिन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर आंसू गैस के गोले भी छोड़े है। इस दौरान पुलिस ने उसके कुछ समर्थकों को भी गिरफ्तार किया है। बता दें कि बुधवार को मतदान के दौरान देवली-उनियारा विधानसभा के समरावता गांव में नरेश मीणा ने एसडीएम को थप्पड़ मार दिया था। आज गुरुवार करीब 12 बजे उसे गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, बुधवाार को राजस्थान में 7 सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। इनमें देवली-उनियारा विधानसभा भी शामिल थी। नरेश मीणा इस सीट से निर्दलीय चुनाव मैदान में है।

## झारखंड को लूटने वाले सत्ता से होंगे बेदखल: योगी

**चुनावी रण**

▶▶ एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं कांग्रेस, कम्युनिस्ट, झामुमो व राजद वाले: योगी



**टीम एक्शन इंडिया**

**धनबाद/बोकारो:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को झारखंड में तीसरे दिन चुनावी रण में पहुंचे। उन्होंने 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन जयंती और झारखंड के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ ही कांग्रेस, राजद व वामपंथी उनके निशाने पर रहे। बोले कि पहले चरण के मतदान का रुझान बता रहा कि झारखंड को लूटने वाले झामुमो, कांग्रेस व राजद सत्ता से बेदखल होने जा रहे हैं और भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट, झामुमो व राजद वाले यहां दिखावा करते हैं और रांची में एक ही थाली में खाकर लूट-खसोट करते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 15 नवंबर 2000 को झारखंड का निर्माण किया था। उनका सपना था कि झारखंड विकास करेगा तो भारत भी विकास करेगा, लेकिन झारखंड को और भी बदतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

जब झारखंड का निर्माण हो रहा था, तब कांग्रेस व राजद विरोध कर रही थी। झामुमो की गोद में बैठकर दोनों पार्टियां झारखंड को गुमराह कर रही हैं। एक तरफ यह लूट रहे हैं तो दूसरी तरफ लुटेरों के सरदार वामपंथियों को सिर पर उठाकर झारखंड को नक्सलवाद का गढ़ बनाने की तरफ उतारू हैं। इन्हें पनपने नहीं देना है।

## झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी: शाह

**दावा**

▶▶ भाजपा राज में झारखंड का चौतरफा विकास होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**गिरिडीह:** भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गिरिडीह में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया है। जिससे तय हो गया कि झारखंड में अगली सरकार एनडीए की ही बनने जा रही है। उन्होंने जनता से इस बार झारखंड में भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए की सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे झारखंड का चौतरफा विकास होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी गठबंधन झारखंड को एटीएम का जरिया मानते हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और साथी दल झारखंड को समृद्ध प्रदेश बनाना चाहते हैं।

## थोक महंगाई दर अक्टूबर महीने में बढ़कर 2.36 फीसदी पर पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली:** खुदरा के बाद थोक महंगाई दर में भी इजाफा हुआ है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर अक्टूबर में बढ़कर 2.36 फीसदी पर पहुंच गई है, जबकि सितंबर में यह 1.84 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी आंकड़े में बताया कि अक्टूबर में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़कर 11.59 फीसदी पर आ गई है।

**विकास पर जोर** अनछुए पर्यटन गंतव्य का अनुभव प्रदान करना तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना है

## सतत विकास के लिए इको-टूरिज्म को बढ़ावा देना आवश्यक: सीएम

**रोजगार पर बल**

▶▶ लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर उनकी आर्थिकी को संबल प्रदान करने में भी महत्त्वपूर्ण है



**टीम एक्शन इंडिया**

**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों को राज्य के नैसर्गिक सौन्दर्य और अनछुए पर्यटन गंतव्य का अनुभव प्रदान करना तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल में स्थानीय समुदाय को भी शामिल किया जाएगा, जिससे आजीविका के अवसर सृजित होंगे और पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और संवर्धन के बारे में जागरूकता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने वन संरक्षण अधिनियम, 2023 में हाल ही में किए गए संशोधनों को प्रभावी तरीके से लागू करने को मंजूरी दे दी है, जिससे प्रदेश में इको-टूरिज्म गतिविधियों को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में बनाई गई इको-टूरिज्म नीति को इन लक्ष्यों के साथ संरेखित करने के लिए संशोधित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधित नीति समुदाय आधारित पारिस्थितिकी पर्यटन मॉडलों को प्रोत्साहित करती है। इको-टूरिज्म से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर उनकी आर्थिकी को संबल प्रदान करने में भी महत्त्वपूर्ण है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में निरंतर विकास सुनिश्चित करने के लिए इको-टूरिज्म गतिविधियों को एकीकृत कर रही है, ताकि पर्यटकों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करने पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र में शुरू की गई योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक नया तंत्र विकसित किया जा रहा है।

दिल्ली सरकार
आप की सरकार



अपने ट्रांसजेंडर आईडी कार्ड के लिए आवेदन करें

ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को निम्नलिखित कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है:

- ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को अपनी पहचान स्वयं निर्धारित करने का अधिकार देता है।
- ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करने की अनुमति प्रदान करता है।
- पहचान प्रमाणपत्र जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी किया जाता है।
- व्यक्ति अपने नाम और लिंग को अधिकारिक दस्तावेजों में परिवर्तन करवा सकते है।
- स्वास्थ्य, शिक्षा, और रोजगार बिना भेदभाव के समान पहुँच सुनिश्चित करता है।

संबंधित जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के कार्यालय द्वारा जारी ट्रांसजेंडर प्रमाणपत्र राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त, आवश्यक दस्तावेजों के रूप में काम करता है, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के कल्याण और सम्मान को बढ़ाना और उन्हें उनके अधिकारों और लाभों तक पहुंचने में मदद करना है।

ट्रांसजेंडर प्रमाणपत्र के लिए पात्रता

✓ आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।
✓ आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए।
✓ आवेदक को स्वयं को ट्रांसजेंडर के रूप में पहचानना चाहिए।
✓ ट्रांसजेंडर पोर्टल के FAQ/डाउनलोड अनुभागों में उपलब्ध प्रारूपों में शपथ पत्र और/या मेडिकल प्रमाणपत्र जमा करना।

FAQ FAQs / हेल्पलाइन

अधिक जानकारी के लिए, FAQ सेक्शन पर जाएँ (https://transgender.dosje.gov.in/Applicant/FAQ/Index) या टोल-फ्री हेल्पलाइन 14427 पर कॉल करें।

पंजीकरण एवं आवेदन करें
transgender.dosje.gov.in

नोट : जानकारी के सत्यापन के पश्चात, संबंधित जिला मजिस्ट्रेट (DM) कार्यालय द्वारा ट्रांसजेंडर प्रमाणपत्र ऑनलाइन जारी किया जाएगा, जिसे सामान्यतः 30 दिनों के भीतर प्राप्त किया जा सकता है।



समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

DIP/Shabdarth/0036/24-25

# जो आंख ठीक थी कर डाली उसी की सर्जरी, 7 साल के मासूम पर भारी पड़ी लापरवाही



**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 में रहने वाले सात साल के युधिष्ठिर नागर की बाईं आंख से पानी आने पर अस्पताल में उसकी दाईं आंख का आपरेशन करने का मामला सामने आया है। पिता ने ग्रेटर नोएडा के गामा प्रथम स्थित आनंद स्पेक्ट्रम हॉस्पिटल के डॉक्टर पर आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायत की है।

**पीड़ित परिवार ने घटना को लेकर दी जानकारी:**
शिकायतकर्ता नितिन भाटी का कहना है कि एक सप्ताह पहले बेटे युधिष्ठिर की बाईं आंख से पानी आने लगा था। उन्होंने इलाज के लिए आनंद स्पेक्ट्रम अस्पताल के डॉक्टर से बेटे का चेकअप कराया था, जिसमें उन्हें बाईं आंख के अंदर प्लास्टिक नुमा धातु के होने की जानकारी दी गई थी।

**घटना के बाद पुलिस को दी मामले की जानकारी:** उसके बाद डॉक्टर की पत्नी ने बेटे का सफल ऑपरेशन होने की जानकारी दी। वह बेटे को लेकर घर पहुंचे तो पत्नी की बात सुनकर होश उड़ गए। पत्नी ने उनसे कहा कि डॉक्टर ने बाईं आंख की जगह दाईं आंख का ऑपरेशन कर दिया है। वह तुरंत बेटे को लेकर अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर से इसका विरोध किया। आरोप है कि डॉक्टर दंपती ने उनसे बदतमीजी की।

**चिकित्सा अधिकारी को लिखित शिकायत उठाई कार्रवाई की मांग**
इतना ही नहीं, आरोपित डॉक्टर दंपती ने पुलिस को उनके खिलाफ सीधे तौर पर कानूनी कार्रवाई नहीं करने के लिये चेताया। उसके बाद पीड़ित नितिन भाटी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में आनंद स्पेक्ट्रम हॉस्पिटल का पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो पाई। वहीं, सीएमओ डा. सुनील कुमार का कहना है कि शिकायत का संज्ञान लेकर जांच कराई जाएगी।

**ऑटो और ई-रिक्शा के लिए 23 रास्ते तय**
नोएडा को जाम मुक्त बनाने की दिशा में ट्रैफिक पुलिस ने बड़ा कदम उठाया। पुलिस ने शहर में ऑटो और ई-रिक्शा के लिए 23 रास्ते तय कर दिए हैं।
नोएडा हर दिन हजारों लोग अपने गंतव्य पर आने-जाने के लिए ऑटो रिक्शा की मदद लेते हैं। पुलिस के इस कदम से अब नौकरी करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## गिफ्ट गैलरी में लगी आग, हर तरफ फैला धुआं ही धुआं

**साहिबाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद में इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर दो में बृहस्पतिवार सुबह एक गिफ्ट गैलरी में आग लग गई। उधर, सूचना पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आसपास की दुकानों में आग फैलने से पहले काबू पा लिया गया।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धनी राम मित्तल पुत्रः स्व. अमीमी लाल** निवासीः **ई–2868, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 423/2010 U/s 379/411/482/489/34 IPC, थाना रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **धनी राम मित्तल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **धनी राम मित्तल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 423/2010 U/s 379/411/482/489/34 IPC, थाना रानी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **धनी राम मित्तल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.12.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी, (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/14894/OD/2024(Court Matter)

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं0: 11620242025 — दिनांकः 11.11.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 04.12.2024 को 13.30 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.:** 243 | **अनुमानित मूल्य (रू.):** ₹ 8376559.16 |
| **कार्य का विवरणः** सहायक मंडल इंजीनियर/अलीगढ़ के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता/रेल पथ/दादरी के खण्ड में चौथी लाइन चिपियाना-दादरी का वार्षिक रखरखाव। | |
| **बयाने की रकम (रू) :** ₹ 167500.00 | **कार्य समापन की अवधि :** 12 माह |
| **निविदा खुलने की तिथि : 04.12.2024** | |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार :** रेल पथ का कोई कार्य। | |

**बिड कैपेसिटी की आवश्यकता नहीं है। नोटः- (1)** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। **(2)** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि **दिनांक 04.12.2024 समय 13:30 बजे** तक उपलब्ध है। **(3)** उपर्युक्त निविदा मे ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I. T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **(4)** निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा पत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **(5)** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **(6)** निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। **1972/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुणाल उर्फ कपिल** पुत्र हरी चन्द, **निवासीः** 248, कटरा गुलखान, सब्जी मंडी, दिल्ली, ने **FIR No. 182/2019, U/s 356/379/34 IPC, पुलिस स्टेशन पांडव नगर, पूर्व जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुणाल उर्फ कपिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुणाल उर्फ कपिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 182/2019, U/s 356/379/34 IPC, पुलिस स्टेशन पांडव नगर, पूर्व जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **कुणाल उर्फ कपिल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2024** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति अग्रवाल
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पूर्व जिला,
कोर्ट नं0–29, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/15052/ED/2024
(Court Matter)

### भारतीय रेल

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड) RAILWAY BOARD
**No.2023/Track-III/MC/4** — **New Delhi,Dated 14.11.2024**

**विषयः– दो नग सेल्फ प्रोपेल्ड ट्रैक एंड टर्न आउट मेजरमेंट कार (STTMC) विथ ट्रैक एंड टर्न आउट मॉनिटरिंग सिस्टम (TTMS) की आपूर्ति हेतु निविदा संख्या टी एम 2405**

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से सेल्फ प्रोपेल्ड ट्रैक एंड टर्न आउट मेज़रमेंट कार (STTMC) विद ट्रैक एंड टर्न आउट मॉनिटरिंग सिस्टम (TTMS) की खरीद के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं।
2 इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण, निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और अपनी इलेक्ट्रॉनिक बिड जमा करने के लिए वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर जाए

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3539/24

## धूमधाम से मनाया गया कुलदीप सिंह का जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चांदनी चौक जिला जिलाध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह का जन्मदिन भाजपा कार्यालय गुलाबी बाग में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान उनको बधाई देने वालों का उनके कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगों का सुबह से ही हुजुम उलगा रहा। इस मौके पर भाजपा के सैंकड़ों कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाच-गाकर कुलदीप सिंह का जन्मदिन को बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान बधाई देने वालों में सभी मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री के साथ-साथ चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असड़ी, निगम पार्षद विकेश सेठी, जिला महामंत्री प्रवीण जैन, राजा जिला उपाध्यक्ष, संजीव सभरवाल, कुलदीप चौधरी, अशोक तोमर, सौरभ नायर, रीमा सरीन, सुमन गर्ग, रश्मि बजाज, अनुज कपूर, जोगीराम जैन, रविंद्र आनंद, सतपाल भाटिया, अवतार सिंह, लज्जाराम साहू सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मोजूद रहे। इस दौरान सभी लोगों ने जिलाध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन व दीर्घायु की कामना करते हुए बधाई दी। इस दौरान कुलदीप सिंह ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ मिलकर केक काटा व आए हुए सभी कार्यकर्ताओं का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर भावूक होते हुए कुलदीप सिंह ने कहा कि जब से मैं जिला अध्यक्ष बना हूं तभी से सारे कार्यकर्ता मुझे बहुत प्यार देते हैं, इसके लिए मैं स्वंय को बहुत ही भाग्यशाली समझता हूं।

### उत्तर रेलवे

TENDER NOTICE
ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 98, 99, 100 - 2024-25-डब्ल्यू-4 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | **98)** ADEN/JHI के तहत SSE/Pway/JHI के अनुभाग में NRW यार्ड में 2 WCMS (12 में 1) के साथ 01 डायमंड क्रॉसिंग (2 तीव्र और 2 अधिक) का नवीनीकरण। विशेष लेआउट–88 संख्या) **कार्य की समान प्रकृति** 1. जोनल रेलवे/मेट्रो रेलवे/रेलवे पीएसयू को सभी फिटिंग सहित सीएमएस, गैर–मानक वेल्डेबल डायमंड एक्सिंग का डिजाइन, विनिर्माण और आपूर्ति। और 2. जोनल रेलवे/मेट्रो रेलवे/रेलवे पीएसयू को वेल्डेबल सीएमएस एक्सिंग्स का विनिर्माण और आपूर्ति। **नोटः** (i) उपरोक्त एसएन–1 का कम से कम एक कार्य पूरा होना अनिवार्य है। (ii) पूर्ण किए गए समान कार्यों के वित्तीय मूल्य की आवश्यकता उपरोक्त एसएन–1 या 2 द्वारा पूरी की जा सकती है। |
| | | **99)** किमी पर सेस की मरम्मत 21/0-22/0, 27/0-28/0, 33/7-34/16, 37/5-38/0, 38/12-40/0, 41/5 - 42/0, 42/0 - 47/5, 49/3-51/5, 53/0-54/0 और 67/5-69/1 और आरओके–पीएनपी अनुभाग पर विभिन्न स्थानों पर बैलास्ट रिटेनर का प्रावधान, **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |
| | | **100)** एसएसई/डब्ल्यू/जेएचआई के तहत शाखा लाइन जेएचआई–एसएनपी अनुभाग में स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवन के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत | **98)** रुपये 19325649.56 **99)** रुपये 37985525.79 **100)** रुपये 4999943.75 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट : रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई –आई/ सीटी /5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) **98)** रुपये 246600.00 **99)** रुपये 339900.00 **100)** रुपये 100000.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | **98)** 06 महीने **98)** 06 महीने **100)** 12 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 06.12.2024 को 15:00 बजे तक तथा 06.12.2024 को 1500 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलबध है। |

**No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/98, 99, 100, Date : 14.11.2024**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ **3538/24**

### उत्तर मध्य रेलवे

खुली निविदा सूचना सं.: **JHSW-M-BCN-2024-25-10**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी या इच्छुक ठेकेदारों से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **कार्य का नामः** बीसीएन वैगनों की बॉडी मरम्मत कार्य और छत का पूर्ण नवीनीकरण। | |
| **कार्य की लागतः रु. 2,90,22,072.00** (18% जीएसटी सहित) | |
| **अग्रिम राशिः रु. 2,95,100/-** | **कार्य पूरा होने का समयः चौबीस महीने** |
| **ऑनलाइन टेंडर क्लोजिंग डेट और समय : 03.12.2024 समय 11:00 बजे तक** | |

निविदा और निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **1975/24 (D)**

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/कुरुक्षेत्र के अनुभाग में नरवाना–कुरुक्षेत्र–एनआरडब्ल्यू–केकेडीई खंड पर पुल संख्या 6, 17, 19, 20, 22, 24, 27, (आरसीसी स्लैब ब्रिज) और 62 (आर्क ब्रिज) का पुनर्निर्माण। | |
| अनुमानित लागत | | रु.23647127.49/- |
| धरोहर राशि | रु.268200/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान **gate way** के रूप में होना चाहिए। नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र सख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। | |
| समापन अवधी | | 06 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | | 06.12.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 06.12.2024 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| सामान प्रकार के कार्य | | पाइप और बॉक्स पुशिंग तकनीक/भूमिगत केबल/पाइप लाइन आदि को पार करने के साथ पुलों का निर्माण। |

**नोटः** शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।
पत्र संख्या : 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/24-25/डब्लू–I (NIT-52)
दिनांकः 14.11.2024 — 3542/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, नई दिल्ली – 110001
**No. 2024/ Track-III/ MC/2** — **New Delhi, dt.13.11.2024**

ई–टेंडर नं. TM-2401 रेल निरीक्षण वाहन (RIV) की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव के लिए

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से "रेल निरीक्षण वाहन (RIV) की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव" के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियाँ आमंत्रित की जाती हैं।
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे विवरण निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और अपनी इलेक्ट्रॉनिक बिड जमा करने के लिए वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर जाए।

(राजीव कुमार तंवर)
कार्यकारी निदेशक रेलपथ (आधुनिकीकरण)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष 011–47845530
ईमेलः rajiv.tanwar@gov.in
3526/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### उत्तर रेलवे

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| एनआईटी | 97-2024-25-डब्ल्यू-4 |
| **कार्य का नाम (स्थान के साथ)** | |
| एसएसई/डब्ल्यू/जेएचआई के तहत डीएलआई–बीटीआई अनुभाग में स्टाफ क्वार्टर और सेवा भवन के रखरखाव के लिए वार्षिक जोन कार्य। **कार्य की समान प्रकृतिः** ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। | |
| काम की अनुमानित लागत | रुपये 16499764.74 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा) (नोटः रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) रुपये 232500.00 |
| काम की समाप्ति अवधि | 12 महीने |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 06.12.2024 को 15.00 बजे तक तथा 06.12.2024 को 15.00 बजे निविदा खुलना है |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा IREPS वेबसाईट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/NIT-97
Date: 13.11.2024 — 3525/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **मोहम्मद मुकीम पुत्र यासिन निवासी म.नं. ई–194/18, ब्लॉक–ई, गली नं. 7, 20 फुटा रोड, वेस्ट करावल नगर, नई दिल्ली** ने case **CC No. 541087/16 U/s 138 NI Act, थाना राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **मोहम्मद मुकीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद मुकीम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **CC No. 541087/16 U/s 138 NI Act, थाना राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्ता **मोहम्मद मुकीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.12.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री नीतीश कुमार शर्मा
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01 (एनआई एक्ट)
कमरा नं. 201, सीबीए–I
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/15001/CD/2024(Court Matter)

## दूसरे दिन भी कोहरे ने थामी रफ्तार

**साहिबाबाद।** दूसरे दिन बृहस्पतिवार को भी जैसे ही लोग सूर्य उगने के साथ विभिन्न कार्यों से अपने घरों से बाहर निकले तो पूरा शहर कोहरे की चादर से ढका नजर आया। आबादी के बाहरी इलाकों में सुबह करीब आठ बजे दृश्यता शून्य रही। समय बढ़ने के साथ-साथ कोहरे की दृश्यता भी बढ़ती गई। करीब 11 बजे तक कोहरा कम हुआ।

### उत्तर रेलवे

**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 42–अम्बाला/2024–25 दिनांक 14.11.2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीइएन/एसआईआर के अनुभाग में संपर्क सड़कों (एसआईआर, एएनएसबी और अन्य रेलवे कॉलोनियों और अन्य स्थानो) खराब पानी के पाइपों (आरपीएआर पर ई–22 और 23, एसआईआर पर ई–66 से ई–74 और अन्य रेलवे कॉलोनियों और अन्य स्थानों) की मरम्मत। | 59,39,922 | 1,18,800 | 06 महीने | 10.12.2024 |
| 2 | एडीईएन/एसआईआर के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसआईआर और एनएलडीएम के अनुभाग में (एनएलडीएम, यूएचएल, एमएनपीआर, केआरएलआई और अन्य रेलवे कॉलोनिया) सीवरेज/ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत, (ब्र. सं. 69, 71, 62, 38, 1, 93, 99, 154, 228, 229, 230, 212, 243 और एसआईआर–डीएलपीसी अनुभाग पर अन्य पुल) पुल जलमार्ग की सफाई। | 62,37,518 | 1,24,800 | 06 महीने | 10.12.2024 |
| 3 | एडीईएन/एसआईआर के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसआईआर और एनएलडीएम के अनुभाग में पुलों की विविध मरम्मत और विभिन्न एलएचएस की डीवाटरिंग। | 44,54,748 | 89,100 | 06 महीने | 10.12.2024 |
| 4 | कार्यकारी अभियंता पंजाब जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड, अबोहर, पंजाब के लिए बीटीआई–एसजीएनआर सेक्शन पर अबोहर और पंजकोसी स्टेशनों के बीच किमी 74/7–8 के पास रेलवे ट्रैक/भूमि के नीचे से गुजरते हुए 20 तिरछे 1500 मिमी और 1700 मिमी डबल एम.एस. केसिंग पाइप के माध्यम से 1200 मिमीØ डीआई, के–9 सीवरेज पाइप बिछाने के संबंध मे शेष कार्य। | 51,19,908 | 1,02,400 | 04 महीने | 10.12.2024 |
| 5 | ADEN/TRACK/UMB के अधीन अंबाला मंडल में फ्लैश बट वेल्ड्स (एफबीडब्ल्यू) के लिए Phased Array Ultrasonic Testing (PAUT)। | 88,03,712 | 1,76,100 | 18 महीने | 10.12.2024 |
| 6 | आरपीजे–बीटीआई–एसजीएनआर खंड पर एलआईडीएआर सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करके यार्ड और अनुभाग का क्रमिक सत्यापन। | 45,33,420 | 90,700 | 2 महीने | 10.12.2024 |

नोट :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **3535/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं जयसिंह पुत्र हरफूल निवासी गांव गढी केसरी, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत अपने लड़के साहिल को अपनी तमाम चल,अचल सम्पति से बेदखल व संबंध विच्छेद करता हूॅ, क्योंकि ये मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। भविष्य मे साहिल से लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगा।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सीएम ने किया सुंदर नगरी में 131 कमरों वाले नए स्कूल का उद्घाटन

## बच्चे देश का भविष्य होते हैं, इसलिए जरूरी है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएः सीएम

**उद्घाटन**

**यह हमारे शहर का सबसे घनी आबादी वाला इलाका है। बच्चे यहां दो शिफ्ट में पढ़ाई करेंगे**



**भविष्य**

**पिछले 10 सालों में हमने अपने स्कूलों में पढ़ने वाले हर बच्चे को अच्छे भविष्य के सपने देखने का अवसर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः मुख्यमंत्री** आतिशी ने दिल्ली के सुंदर नगरी में 131 कमरों वाले एक नए स्कूल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं, इसलिए जरूरी है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए। बाल दिवस के अवसर पर सुंदर नगरी के इस नए स्कूल को बच्चों को समर्पित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस है, जो बाल दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। ऐसे में बच्चों के लिए इसे बड़ा उपहार क्या हो सकता है कि जहां स्कूल नहीं है वहां उनको शिक्षा का सुनहरा अवसर मिले। उन्होंने कहा कि यह हमारे शहर का सबसे घनी आबादी वाला इलाका है। बच्चे यहां दो शिफ्ट में पढ़ाई करेंगे। सुंदर नगरी, नंद नगरी, मंडोली और हर्ष विहार जैसे क्षेत्रों से सात हजार से अधिक बच्चों का भविष्य उज्ज्वल करेगा। मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने यहां से भू-माफिया को दूर किया और इस स्कूल का निर्माण किया गया। इस स्कूल में 131 कमरे, 7 लैब, स्टाफ रूम, कॉन्फ्रेंस रूम, मल्टीपर्पज हॉल और लेक्चर थियेटर है। यहां तक कि निजी स्कूलों में भी ऐसी सुविधाएं नहीं हैं, जैसा कि वह सुंदर नगरी में एक सरकारी स्कूल में है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही देश की प्रगति का आधार है। शिक्षा के जरिए असमानता और गरीबी की जंजीरों को तोड़ते हुए ही समर्थ और विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। आतिशी ने कहा कि इसी इरादे के साथ पिछले 10 सालों में हमने अपने स्कूलों में पढ़ने वाले हर बच्चे को अच्छे भविष्य के सपने देखने और उसे पूरा करने का अवसर दिया है। ताकि ये नन्हे बच्चे अपनी मेहनत, प्रतिभा और देशभक्ति के जुनून के साथ भारत को दुनिया का नंबर एक देश बना सकें।

### दिल्ली में यमुना प्रदूषण के लिए एलजी ने प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यमुना में बढ़ते प्रदूषण के लिए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार यमुना की सफाई के लिए कार्य नहीं करती। उन्होंने यहां कहा कि केजरीवाल न खुद यमुना के प्रदूषण को कम करने का कार्य करते हैं और न ही दूसरों को करने देते है । विनय कुमार सक्सेना ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि जून 2022 में मैंने सबको साथ ले कर नजफगढ़ नाले की सफाई का काम मिशन मोड में शुरू किया था, जिसमें यमुना की सफाई और पुनरुद्धार की जिम्मेदारी सौंपने के लिए जनवरी 2023 में एक टीम का गठन भी किया गया।

मेरी अध्यक्षता में इस समिति की पांच बैठकें हुईं, जिसमें यमुना सफाई के कार्यों का युद्धस्तर पर क्रियान्वयन शुरू किया गया। उसके बाद से यमुना साफ दिखने लगी थी। यमुना धीरे - धीरे साफ और अतिक्रमण मुक्त होने लगी तथा पानी की गुणवत्ता में भी थोड़ा सुधार होना शुरू हुआ।

# यूपीएससी ने संयुक्त चिकित्सा सेवा परीक्षा-2024 का परिणाम घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने गुरुवार को संयुक्त चिकित्सा सेवा (सीएमएस)-2024 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। यूपीएससी ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2024 की लिखित परीक्षा (भाग-क) तथा उसके बाद सितम्बर से नवम्बर, 2024 तक आयोजित व्यक्तित्व परीक्षण के परिणाम के आधार पर अंतिम परिणाम तैयार किए गए हैं। श्रेणी-1 के लिए कुल 165 उम्मीदवारों को तथा श्रेणी-क्क के लिए 600 उम्मीदवारों को अनुशंसित किया गया है। इसके अलावा 304 अनुशंसित उम्मीदवारों की उम्मीदवारी प्रोविजनल है।

# दिल्ली का दम फूला, एक्यूआई 400 पार

## एजेंसियों को चेतावनी दी थी कि वह प्रदूषण रोकने के लिए सख्त कदम उठाए

**विजिबिलिटी**

**हवा में सुबह फैली जहरीली चादर के कारण एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी घटकर 300 मीटर पर पहुंच गई**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लगातार दूसरे दिन वायु प्रदूषण का स्तर खतरनाक श्रेणी में है। सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक( एक्यूआई) 400 पार कर गया । वायु प्रदूषण और सर्दी बढ़ने के साथ ही सांसों पर संकट बढ़ गया है। राजधानी की हवा में सुबह फैली जहरीली चादर के कारण एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी घटकर 300 मीटर पर पहुंच गई। एक्यूआई के 400 पार होने की भनक मिलते ही वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने आज आपात बैठक बुलाई है। इससे पहले आयोग ने सभी स्थानीय एजेंसियों को चेतावनी दी थी कि वह प्रदूषण रोकने के लिए सख्त कदम उठाएं। महत्वपूर्ण यह है कि ग्रैप के दो चरण की पाबंदी के बावजूद प्रदूषण का स्तर खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 434 दर्ज किया गया। द्वारका में यह 426, द्वारका सेक्टर आठ में 460, नजफगढ़ में 455, आईजीआई में 435, मुंडका में 460, पूसा में 412, आया नगर में 421, शादीपुर में 429, पंजाबी बाग में 459, आरकेपुरम में 452, मंदिर मार्ग में 438, वजीरपुर में 467, रोहिणी में 452, अशोक विहार में 470, विवेक विहार में 462 दर्ज किया

# 43वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले का आगाज



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यहां भारत मंडपम में 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन भाषण के दौरान गोयल ने कहा कि सरकार भारत व्यापार संवर्धन संगठन को एक विश्व स्तरीय एजेंसी के रूप में विस्तारित करने की योजना बना रही है, जो एक ही बिंदु पर पूरे उद्योग और मूल्य श्रृंखला को प्रतिबिंबित करेगी ताकि दुनिया भारत को सर्वश्रेष्ठ एमआईसीई गंतव्य के रूप में देख सके। पीयूष गोयल ने भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) को व्यापार मेले के दो वार्षिक संस्करण आयोजित करने तथा इसे द्विवार्षिक करने पर विचार करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भारत मोबिलिटी और विश्व खाद्य मेले जैसी बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों के आयोजन पर विचार करने की जरूरत है, ताकि पूरे उद्योग को एक जगह एकत्र किया जा सके। गोयल ने कहा कि सरकार भारत व्यापार संवर्धन संगठन को एक विश्व स्तरीय एजेंसी के रूप में

### बिहार संग्रहालय बना आकर्षण का केन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** 43वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला के आगाज के साथ साझीदार राज्य बिहार के पवेलियन का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। इस पवेलियन में लोग बिहार संग्रहालय का अवलोकन कर सकेंगे। 14 से 27 नवम्बर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आज बिहार सरकार के हथकरघा एवं रेशम उत्पादन निदेशक निखिल धनराज निप्पाणिकर ने दीप प्रज्वलित कर पवेलियन का शुभारंभ किया।

# बृजभूषण के खिलाफ महिला पहलवान ने दर्ज कराया बयान

**सुनवाई**

**जुडिशियल मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत की कोर्ट में महिला पहलवान का बयान इन-कैमरा दर्ज किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज मामले में गुरुवार को एक महिला पहलवान ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया। एडिशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत की कोर्ट में महिला पहलवान का बयान इन-कैमरा दर्ज किया गया। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। इन-कैमरा बयान दर्ज करने का मतलब होता है कि बयान दर्ज कराते समय अभियोजन पक्ष के वकील और बचाव पक्ष के वकील और आरोपितों के अलावा कोर्ट रूम में कोई भी मौजूद नहीं होता है। आज सुनवाई के दौरान बृजभूषण सिंह और विनोद तोमर मौजूद थे। इससे पहले 14 अक्टूबर को इस मामले में एक गवाह ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था। छह अगस्त को इस मामले की जांच में शामिल एक महिला पुलिसकर्मी रश्मि का बयान दर्ज किया गया था। रश्मि का बृजभूषण सिंह के वकील राजीव मोहन ने क्रास-एग्जामिनेशन किया था। 26 जुलाई से कोर्ट ने इस मामले का ट्रायल शुरू किया था।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया दिल्ली पवेलियन का उद्घाटन



**झलक**

**पैविलियन राजधानी की विरासत और विभिन्न क्षेत्रों में इसकी प्रगतिशील पहलों की एक झलक दिखाता है।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आज यहां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में 'दिल्ली पैविलियन' का उद्घाटन किया। दिल्ली पैविलियन राष्ट्रीय राजधानी की विरासत और विभिन्न क्षेत्रों में इसकी प्रगतिशील पहलों की एक झलक दिखाता है। इस वर्ष के व्यापार मेले के केंद्र बिंदु के रूप में इस पैवेलियन में कनॉट प्लेस और अन्य प्रतिष्ठित स्मारकों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मेला दिल्ली की संस्कृति की एक विशेषता है। दिल्ली की भीड़-भाड़ वाली सड़कों के बीच पले-बढ़े व्यक्ति के रूप में मुझे आज यहां दिल्ली पैविलियन का उद्घाटन करते हुए अत्यंत खुशी महसूस हो रही है। भारद्वाज ने कहा कि व्यापार मेला दिल्ली की संस्कृति की खासियत है, जो हमारे शहर की पहचान के जीवंत चित्रपट में बुनी गई है। यहां आना सिर्फ एक यात्रा नहीं है। यह पुरानी यादों के गलियारों के माध्यम से एक यात्रा है, जो हमारे युवाओं की पोषित यादों को उजागर करती है, जब मेला एक वार्षिक परंपरा थी। भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के "दिल्ली पैविलियन" में सामने का भाग कनॉट प्लेस को प्रस्तुत करता है, जिसमें आधे से ज्यादा जगह "इन्वेस्ट दिल्ली", "ईज ऑफ लिविंग", "स्वच्छ दिल्ली" और "ग्रीन दिल्ली" जैसे विषयों को दिया गया है। पीछे की तरफ, अक्षरधाम मंदिर को दिखाता है, जो यहां आने वाले लोगों को आकर्षित करता है । इसके साथ ही दिल्ली के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने के लिए पैविलियन में तीन गलियारे हैं पर्यटन, संस्कृति और औद्योगिक। पर्यटन गलियारा ऐतिहासिक स्मारकों, चिकित्सा और शिक्षा पर्यटन के कटआउट दिखाता है। सांस्कृतिक गलियारा योग, त्योहारों और विभिन्न नृत्य रूपों के लिए समर्पित है। औद्योगिक गलियारा स्टार्ट-अप, उद्यमियों और एमएसएमई पर केंद्रित है। मंडप में तिहाड़ के कैदियों द्वारा एक स्टॉल भी प्रदर्शित किया गया है, जो जेल सुधारों को उजागर करने के लिए पेंटिंग और बेकरी उत्पाद बेचते हैं।

# नासिक से 1333 टन प्याज लेकर कांदा एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली पहुंची

**आपूर्ति**


**प्याज की कम खर्च पर आपूर्ति के लिए रेल रेक द्वारा प्याज का बड़े पैमाने पर परिवहन किया जाता है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्याज की खपत के लिए नासिक से 1333 टन प्याज लेकर कांदा एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार को दिल्ली के किशनगंज स्टेशन पहुंची। विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर प्याज की कम खर्च पर आपूर्ति के लिए रेल रेक द्वारा प्याज का बड़े पैमाने पर परिवहन किया जाता है। उत्तर रेलवे की तरफ से गुरुवार को दी गई जानकारी के मुताबिक इस पहल से नासिक क्षेत्र के प्याज किसानों को थोक परिवहन के माध्यम से अतिरिक्त राजस्व का जरिया मिला है। रेल परिवहन में यह रणनीतिक बदलाव न केवल प्याज की कीमतों को स्थिर करके उपभोक्ताओं का राहत देता है बल्कि सहकारी समितियों को प्रभावी परिवहन विकल्प प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि रेलवे द्वारा किसानों को शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं को सीधे भेजने के लिए शेतकरी समृद्धि की शुरूआत की हुई है।

रेल द्वारा इतने बड़े पैमाने पर प्याज की ढुलाई से दिल्ली में प्याज की उपलब्धता में वृद्धि होगी। इस पहल से प्याज की आवक बढ़ेगी और मंडियों में प्याज का खुदरा मूल्य स्थिर होगा।

# दिल्ली में यमुना नदी का वासुदेव घाट 3.51 लाख दीयों से जगमगाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के इतिहास में पहली बार कश्मीरी गेट स्थित यमुना नदी के वासुदेव घाट पर बुधवार को दिल्ली दीपोत्सव-2024 का आयोजन किया गया। घाट को 3.51 लाख दीयों की रोशनी से जगमगाया गया। आयोजन में रोशनी और आस्था का अद्भुत संगम दृष्टिगोचर हुआ। लेजर एवं ड्रोन शो ने इसकी भव्यता में चार चांद लगा दिए। देव दीपावली, गुरु पर्व और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना के मार्गदर्शन में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने इसका आयोजन किया। सक्सेना ने दीया प्रज्ज्वलित कर यमुना नदी में प्रवाहित किया। इस दौरान उन्होंने यमुना आरती की। लेजर एवं ड्रोन शो में जय श्रीराम की आकृति उभरने से आसमान चमक उठा।वासुदेव घाट की बारादरी में भव्य और दिव्य राम दरबार भी स्थापित किया गया। उप राज्यपाल सक्सेना ने कहा कि दीपोत्सव दिल्ली का पहला ऐसा पर्व बनने जा रहा है, जिसका उद्देश्य न केवल दिल्लीवासियों को यमुना के प्रति जागरूक करना है बल्कि उसके करीब लाना और उसको अपनाना है।

# दिल्ली सरकार गंभीर वायु प्रदूषण से निपटने में पूरी तरह विफलः वीरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली सरकार राज्य में बढ़ते वायु प्रदूषण पर रोकथाम लगाने के मामले में पूरी तरह विफल है। उन्होंने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि दिल्ली सरकार सिर्फ वादे करती है, निभाती नहीं। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार को चाहिए कि वह छोटे बच्चों के स्कूलों को बंद करे और सभी बुजुर्गों को भी सुबह सड़कों पर सैर के लिए निकलने से परहेज करने को कहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी में ये वायु प्रदूषण पूरे साल भर की दिक्कत है, एक दिन या कुछ महीनों की नहीं। उन्होंने कहा कि एक जनवरी से आज 14 नवंबर हो गया लेकिन आज तक एक भी दिन ऐसा नहीं है, जब एक्यूआई 50 से कम आया हो । सचदेवा ने दिल्ली सरकार को आड़े हाथों लेते हुए सवालिया लहजे में पूछा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण की रोकथाम के लिए क्या कर रही है? कोई पर्यावरण से संबंधित सुझाव हो तो बताए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है गंदगी, टूटी सड़कें और सीवेज की समस्या। सचदेवा ने कहा कि ड्रोन से पानी छिड़काव कोई समस्या का समाधान नहीं है।

# ईडी ने अमानतुल्लाह को रिहा करने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः ईडी ने दिल्ली वक्फ** बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को रिहा करने के राऊज एवेन्यू कोर्ट के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट ईडी की याचिका पर 18 नवंबर को सुनवाई करेगा। ईडी की ओर से इस याचिका पर आज ही सुनवाई की मांग की गई। हाई कोर्ट ने ईडी की याचिका पर 18 नवंबर को सुनवाई करने का आदेश दिया। सुबह राऊज एवेन्यू कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान के खिलाफ ईडी की ओर से दायर पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने अमानतुल्लाह खान को एक लाख रुपये के मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। ईडी ने इसी फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि अमानतुल्लाह खान के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं लेकिन आरोपित के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए अनुमति नहीं ली गई है।

# वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में इमाम सिद्दीकी को जमानत




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः दिल्ली** हाई कोर्ट ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की भर्ती से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में जावेद इमाम सिद्दीकी को जमानत दे दी है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने जमानत देने का आदेश दिया। इसी मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि सामान्य तौर पर स्वतंत्रता अधिकार है और उससे तभी वंचित रखा जा सकता है, जब उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाए। आरोपित को त्वरित ट्रायल का अधिकार है और अदालतों को जमानत पर फैसला करते समय इसका ध्यान रखना चाहिए। सुनवाई के दौरान ईडी ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि जावेद इमाम सिद्दीकी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड का मार्च, 2016 से लेकर अक्टूबर, 2016 तक अध्यक्ष पद पर रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग किया। उन्होंने अपने रिश्तेदारों और दूसरे परिचितों को विभिन्न पदों पर नियुक्ति करके आर्थिक लाभ हासिल किया। ईडी के मुताबिक अध्यक्ष पर रहने के दौरान जावेद इमाम सिद्दीकी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का आवंटन बिना किसी टेंडर बुलाये ही किया। कई संपत्तियों का टेंडर केवल रिजर्व प्राइस पर कर दिया गया। ईडी ने कहा कि 2017 से 2022 तक जावेद इमाम सिद्दीकी और उसकी पत्नी के खाते में 11 करोड़ रुपये जमा हुए जो मनी लांड्रिंग की रकम थी। सुनवाई के दौरान जावेद इमाम सिद्दीकी की ओर से पेश वकील ने कहा कि जावेद इमाम सिद्दीकी का नाम सीबीआई की एफआईआर या चार्जशीट में नहीं था। वह 11 नवंबर, 2023 को अपनी गिरफ्तारी से पहले 15 बार ईडी की पूछताछ में शामिल हो चुका है लेकिन इसके बावजूद ईडी ने उसे जानबूझकर फंसाया है।

राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आज ही कहा कि अमानतुल्लाह खान के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं, लेकिन उसके खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए अनुमति नहीं ली गई है। ऐसे में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने पूरक चार्जशीट की दूसरी आरोपित मरियम सिद्दीकी को बरी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि मरियम सिद्दीकी के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं है। ईडी ने 2 सितंबर को अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किया था।

### 20 नवंबर को राशिद के मामले पर फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली की एक अदालत 20 नवंबर को इस बात पर विचार कर सकती है कि जेल में बंद बारामुल्ला के सांसद इंजीनियर राशिद के खिलाफ कथित आतंकी फंडिंग मामले को नामित एमपी/एमएलए अदालत में स्थानांतरित किया जाए या नहीं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने कहा था कि अब चूंकि राशिद सांसद हैं, इसलिए यह मामला सांसदों के मामले में सुनवाई के लिए बनी विशेष अदालत में जा सकता है। बुधवार को उन्होंने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी क्योंकि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मामले पर बहस करने के लिए समय मांगा था। न्यायाधीश जिन्होंने पहले मामले में जमानत आदेश सुरक्षित रखा था ने इस बात पर जोर दिया था कि वह पहले अधिकार क्षेत्र के मुद्दे पर विचार करेंगे और मामले को विशेष अदालत में स्थानांतरित किया जाए या नहीं। न्यायाधीश ने जमानत पर आदेश 19 नवंबर के लिए टाल दिया था।

# एकामरा स्पोर्ट्स लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन 23 को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** एशिया का सबसे बड़ा खेल साहित्यिक आयोजन एकामरा स्पोर्ट्स लिटरेचर फेस्टिवल (ईएसएलएफ) का छठा संस्करण 23 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित होगा। खेल संस्कृति, जुनून और खिलाड़ियों के संघर्ष की कहानियां छठे एकामरा स्पोर्ट्स लिटरेचर फेस्टिवल के दौरान विभिन्न सत्रों में लेखकों और खिलाड़ियों के साथ चर्चा का केंद्र बनेंगी। इनमें प्रमुख सत्र में होंगी लेखिका, निमार्ता और खेल पत्रकार सारा गेर्हार्ट, जो अपने अनुभवों को साझा करेंगी। उनका यह अनुभव केन्या में बिताए गए समय पर आधारित है, जिसमें उनकी पुस्तक वी शेयर द सनः द जर्नी ऑफ पैट्रिक सांग एंड केन्यास लीजेंडरी रनर्स का उल्लेख होगा। इस वर्ष के ईएसएलएफ में प्रसिद्ध शतरंज लेखक पीटर डॉगर्स की किताब द चेस रेवोल्यूशन भी शामिल होगी, जो डिजिटल युग में शतरंज के हालिया शानदार उभार और इसके लोकप्रिय संस्कृति पर प्रभाव का विश्लेषण करती है। न्यूयॉर्क से सारा ने कहा, "मैं भारत आने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे पता है कि यह एक प्राचीन संस्कृति की भूमि है और इसलिए यहां किताबों का बहुत आदर है।

# विधानसभा: हरियाणा में अजा कोटा विभाजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव 2024 से ही देश में एक बहस छेड़ दी गई थी कि अगर केंद्र में तीसरी बार पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनती है तो संविधान में संशोधन कर आरक्षण समाप्त कर दिया जाएगा। अब केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले एन डी ए की सरकार है। अब भाजपा लगातार कह रही है कि उसके सत्ता में रहते आरक्षण को कोई समाप्त नहीं कर सकता। उधर भाजपा की विपक्षी कांग्रेस उसके खिलाफ आरक्षण खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगा रही है। इस राजनीतिक माहौल में हरियाणा की भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति आरक्षण को दो वर्गों में विभाजित कर दिया। यह कदम हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग की सिफारिशों को राज्य मंत्रिमंडल द्वारा मंज़ूरी दिए जाने के बाद उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले फैसला किया था कि राज्य संवैधानिक रूप से उन जातियों की सहायता के लिए ऐसे उप-वर्गीकरण कर सकते हैं जो सामाजिक और शैक्षणिक रूप से अधिक पिछड़ी हैं। एक दिन पहले ही विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि इस निर्णय से संबंधित अधिसूचना अब प्रभावी हो गई है। सैनी ने विधानसभा को बताया, "विधानसभा सत्र चल रहा है। मुझे लगा कि अधिसूचना के बारे में सदन को सूचित करना जरूरी है...हमारी कैबिनेट ने पहले ही मंज़ूरी दे दी है। अब अधिसूचना के बाद यह निर्णय आज से प्रभावी हो जाएगा।"





**हरियाणा में अनुसूचित जातियों को अब दो श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा**

वंचित अनुसूचित जातियाँ (डी एस सी) और अन्य अनुसूचित जातियाँ (ओ एस सी)। इस वर्गीकरण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ उन लोगों को मिले जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। हालाँकि, इस फैसले ने राज्य विधानसभा में राजनीतिक दलों के बीच बहस छेड़ दी है। कांग्रेस सदस्य गीता भुक्कल ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सरकार की आलोचना की। उन्होंने तर्क दिया कि बैकलॉग रिक्तियों और छात्रवृत्ति जैसे मुद्दे अनसुलझे हैं। भुक्कल ने कहा, "उन्होंने जो किया है वह फूट डालो और राज करो है।" उन्होंने सरकार पर रोजगार के अवसरों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। जवाब में, मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने भुक्कल को उप-वर्गीकरण का विरोध करने वाले कांग्रेस के किसी भी राष्ट्रीय नेता का बयान पेश करने की चुनौती दी। इस पर बेदी और भुक्कल के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसमें कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने बेदी को जिम्मेदारी से बोलने की सलाह दी।

बॉक्स

**विधानसभा में हरियाणा को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर व्यापक बहस हुई**

विधानसभा में हरियाणा को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों पर व्यापक बहस भी हुई। भाजपा सदस्यों ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन और योग्यता आधारित नौकरियों जैसी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद शर्मा ने किसानों के कल्याण के लिए की गई पहलों का ब्यौरा दिया, जबकि प्रमोद विज ने विकसित भारत को प्राप्त करने में हरियाणा की भूमिका पर जोर दिया।

## विधायक आफताब अहमद ने मेवात के स्कूलों में शिक्षकों की 50 फीसदी कमी पर प्रकाश

कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने तर्क दिया कि सरकार के दावे जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाते। उन्होंने मेवात के स्कूलों में शिक्षकों की 50 फीसदी कमी पर प्रकाश डाला। मेवात के एक अन्य विधायक मम्मन खान ने नूह को पिछड़ा जिला बताया और सरकार से विशेष पैकेज की मांग की।भुक्कल ने आगे कहा कि शिक्षित युवा बेरोजगारी या अल्परोजगार का सामना कर रहे हैं, जिसके कारण कुछ लोग घर पर अवसरों की कमी के कारण विदेश जाने के लिए जोखिम भरे रास्ते अपनाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हरियाणा में वास्तविक प्रगति के लिए इन मुद्दों का समाधान करना महत्वपूर्ण है।

## भाजपा की जीत पर कांग्रेस सदस्यों ने की टिप्पणी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे चरण के तहत गुरुवार को दूसरे दिन की बैठक में पहले दिन से शुरू हुई राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी रही। कांग्रेस विधायक रघुवीर कादियान ने चर्चा करते हुए कहा कि सरकार ने यह बहुत हड़बड़ाहट में बनाया है। साथ ही उन्होंने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर कहा कि बिल्ली के भाग्य से छींका टूटा है। कादियान की इस टिप्पणी का सत्ता पक्ष के सदस्यों ने विरोध किया। शोर बढ़ने पर स्पीकर हरविंदर कल्याण ने शांत कराया।

अभिभाषण पर कादियान ने कहा इसमें सरकार के तारीफों के साथ कमियां भी बतानी चाहिए थी। अभी तक सूबे पर कितना कर्जा है, यह भी बताना चाहिए था। यह भी बताना चाहिए था कि इस कर्जे को कैसे कम किया जाएगा।उन्होंने कहा कि ये तो समय का फेर है, बिल्ली के भाग्य से छींका टूट गया। इस पर सत्ता पक्ष के नेताओं ने विरोध किया। कांग्रेस के ही वरिष्ठ विधायक भारत भूषण बत्रा के बयान को लेकर भी सदन में भाजपा विधायकों ने खूब शोर मचाया। बीबी बत्रा ने कहा कि भाजपा को ई वी एम की पूजा करनी चाहिए। भाजपा के कई विधायकों ने अपनी सीट से खड़े होकर इस टिप्पणी का विरोध किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सदन में चुनाव प्रक्रिया संबंधी विषय नहीं उठाए जाएं, यह मेरा सदन से आग्रह है। इस पर स्पीकर हरविंदर कल्याण ने कहा कि यदि कोई सदस्य इस पर बोलना चाहता है तो नियमों के मुताबिक उसे लिखित में सदन में यह देना होगा। सफीदों से भाजपा विधायक रामकुमार गौतम ने कहा कि मैं जिस दिन भाजपा में शामिल हुआ, उसी दिन घोषणा की थी कि 50 सीटें भाजपा की आएंगी।

## न्यूज फ्लैश

### पीएम इंटर्नशिप पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि आज



**गन्नौर:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग पंचकूला हरियाणा के निर्देश पर 21 वर्ष से 24 वर्ष आयु के दसवीं, आईटीआई, डिप्लोमा, डिग्री, ग्रेजुएट किए हुए युवाओं का प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 नवंबर है। पीएम इंटर्नशिप पोर्टल पर पंजिकरण करवाने के लिए आईटीआई राजलूगढ़ी में हेल्प डेस्क बनाया गया है। साथ ही संस्थान में कार्यरत अनुदेश को व वर्ग अनुदेशकों को अधिक से अधिक संख्या में युवाओं का पंजीकरण करवाने के लिए आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि देश की टाप कंपनियों द्वारा 1 लाख 25 हजार युवाओं को इंटर्नशिप के मौके दिए गए हैं। इंटर्नशिप में रजिस्ट्रेशन करने वाले युवा देश में किसी भी लोकेशन का चुनाव कर सकते हैं तथा युवा अधिकतम 5 इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। युवाओं को 5000 रुपए की मासिक इंटर्नशिप राशि और 6000 रुपये का वन टाइम ग्रांट भी मिलेगा।

### प्रयास इंटरनैशनल स्कूल में ऐंथूसिया -द स्पोर्ट्स कार्निवल खेल महोत्सव का हुआ आयोजन



**गन्नौर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रयास इंटरनैशनल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव ऐंथूसिया -द स्पोर्ट्स कार्निवल का आयोजन किया गया। कर्नल राजबीर वशिष्ठ ने बतौर मुख्यातिथि व विशिष्ठ अतिथि नायब तहसीलदार गजे सिंह छौक्कर, नपा चेयरमैन अरुण त्यागी,जैन महिला कॉलेज के प्रिंसिपल,डॉक्टर मनोज व समाजसेवी योगेश कौशिक ने बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाग लिया। उक्त खेल महोत्सव में विद्यालय के चारों सदन एरिज, होराइजन, पायनियर एवं टाइटन के वरिष्ठ वर्ग के छात्र एवं छात्राओं ने अपनी प्रतिभागियों के बेहतर प्रदर्शन किया। स्कूल अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी दौड़ मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। स्कूल प्रबंधक अमित बत्रा ने सभी मेहमानों का बुके व शॉल भेंट स्वागत किया। मुख्यातिथि कर्नल राजवीर वशिष्ठ ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए अपने संबोधित में खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि संघर्ष ही जीवन पथ पर आगे बढ़ने का एकमात्र मार्ग है। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित भी किया। खेल महोत्सव में कक्षा तीसरी से पांचवी में शिवेन एवं तनिष्का ,कक्षा छठी से आठवीं में हैप्पी एवं आस्था और कक्षा नवमी से 12वीं में कुमारी मानसिरि और मास्टर युगांश का प्रदर्शन बेहतर रहा । टाइटन हाउस को बेस्ट हाउस ट्रॉफी से नवाजा गया। कार्यक्रम की कमांड प्रधानाचार्य सुरेंद्र छाबड़ा व उप प्रधानाचार्य दीपमाला ने संभाली जबकि मंच संचालन महेश एवं सोनिका वत्स के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी स्कूल स्टाफ ने बेहतरीन तालमेल का परिचय दिया। एक अलावा सुरेंद्र जगिया ,जगदीश व्यास, अंजू जैन ,यश जैन सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में फन एंड फेयर फिएस्टा का आयोजन

**राई।** स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल का परिसर में आनंददायक फन एंड फेयर फिएस्टा का आयोजन किया गया। जिसमें उद्योगपति स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी याद में समर्पित आयोजन रहा। मुख्य अतिथि के रूप प्रबंध समिति के पदाधिकारी अनमोल केडिया, अमित सक्सेना, मोनिका रंधावा ने शिरकत की। उत्सव में सभी के लिए आकर्षक गतिविधियों और आकर्षणों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। स्कूल के मैदान में रंग-बिरंगे स्टॉल व रोमांचक खेल बूथ स्थापित किए गए, जिसमें प्रतिभागियों को रोमांचक चुनौतियों और पुरस्कारों से लुभाया गया।

## गुरु नानक जयंती महोत्सव तथा चिल्ड्रन-डे मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल (शेखपुरा) गन्नौर में गुरु नानक जयंती महोत्सव तथा चिल्ड्रन-डे धूमधाम से मनाया गया। आयोजन की शुरूआत गुरुवाणी के द्वारा सुंदर प्रस्तुति से विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा की गई। इसके बाद नृत्य, गायन, भाषण आदि प्रदर्शित की गई। विद्यालय के शिक्षकों ने खुद को विद्यार्थी बनाते हुए कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए, तथा विद्यार्थियों ने भी नाटक, नृत्य, गायन प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि जैन ने गुरु नानक जी के प्रकाश पर्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## गौतस्करों की गाड़ी पलटी, एक तस्कर की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** गलत दिशा में तेज गति से गाड़ी चलाने पर गौतस्करों की गाड़ी पलट गई। इस हादसे में एक तस्कर की मौत हो गई व छह घायल हो गए। घायल तस्करों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि मृतक गौ-तस्कर के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनो को सौंपा जाएगा। जानकारी के अनुसार कॉव प्रोटेक्शन सैल गुरुग्राम की पुलिस टीम को गश्त के दौरान बस स्टैंड मानेसर के पास सडक किनारे कुछ लोग एक पिकअप गाड़ी में गायों को भरते हुए नजर आए। जब उन्होंने पुलिस की गाड़ी को देखा तो उन व्यक्तियों ने अपनी पिकअप गाड़ी को




पचगांव-बिलासपुर की तरफ भगा लिया। पुलिस ने गाड़ी का पीछा किया, लेकिन गाड़ी काफी दूर निकल चुकी थी। पचगांव चौक पर जाम होने के कारण पुलिस टीम ने उस गाड़ी को पकड़ लिया। पिकअप चालक द्वारा पुलिस टीम को पीछे आता देखकर पिकअप चालक ने अपनी गाड़ी को तेज भगाकर दाईं तरफ गलत दिशा में डिवाईडर पर चढ़ाकर पार कराना चाहा। इस दौरान गाड़ी डिवाईडर पर चढकर पलट गई। इसी दौरान पुलिस टीम द्वारा गाड़ी में बैठे व्यक्ति/गई तस्करों को काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में मुन्ना निवासी गांव आकेड़ा (नूंह), माफिक अली निवासी गांव सुडाका (नूंह), मुबारिक उर्फ उटावडिया निवासी गांव सुडाका (नूंह), शौकिन उर्फ सुन्डा निवासी गांव सालाहेड़ी (नूंह), इरसाद उर्फ लंगड़ा निवासी गांव रहणा (नूंह) तथा सलाम निवासी गाँव जवाहर, जिला अलीगढ़ (उत्तर-प्रदेश) के रुप में कराया। पुलिस टीम द्वारा जब पिकअप गाड़ी की जांच की तो एक व्यक्ति गाड़ी के नीचे दबा हुआ मृत अवस्था में मिला।

**तस्करी**

**इस हादसे में एक तस्कर की मौत हो गई व छह घायल हो गए। घायल तस्करों को अस्पताल में भर्ती कराया**

## दिव्यांग और सामान्य छात्रों की विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियां हुई

**समावेशिता**

**गतिविधियों में दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थियों ने मिलकर टीम बनाकर भाग लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई:** रामेश्वर सेवा संस्थान द्वारा संचालित रेणु विद्या मंदिर, खेवड़ा-मेरठ रोड,बहालगढ़ में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए समर्पित ताऊ देवी लाल पार्क में आउटडोर गतिविधियों का आयोजन किया। कार्यक्रम में



दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में भाग लिया और एकजुट होकर इस दिन का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक खेल, व्हीलचेयर रेस, बैलून फाइट, ड्रॉइंग और पेंटिंग कॉम्पिटीशन, ग्रीन रिले रेस जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। गतिविधियों में दिव्यांग और सामान्य विद्यार्थियों ने मिलकर टीम बनाकर भाग लिया, जिससे बच्चों के बीच समावेशिता और भाईचारे का संदेश भी मिला। संस्थान के प्रधानाचार्य डा. प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने कहा कि संस्थान दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, देखभाल और समावेशन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

## धुंध के कारण तीन वाहनों की टक्कर में कई घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल:** पलवल में धुंध के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर निजी बस ट्रक से टक्कर होने का मामला प्रकाश में आया है,जबकि एक ट्रक बेकाबू होकर ग्रिल से टकरा गया। हादसे में बस चालक समेत 10-12 महिलाएं व पुरुष घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल लाया गया। कुछ की हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह एक निजी बस बल्लभगढ़ से आगरा के लिए सवारी लेकर जा रही थी। लेकिन बस जब राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर सराय गांव के पास पहुंची, तो आगे चल रहे ट्रक को बचाने के चक्कर में दूसरे ट्रक ने ब्रेक लगा दिए।

## विधायक कृष्णा ने हलके के विकास कार्यों को लेकर सत्र के दौरान उठाई मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** चण्डीगढ में चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान राई से विधायक कृष्णा गहलावत ने हलके के विकास कार्यों को लेकर अपनी मांगों को उठाते हुए कहा कि हलके के लोगों ने जिस प्रकार भाजपा सरकार की योजनाओं और नीतियों पर मोहर लगाते हुए हलके में बीजेपी का परचम लहराया है। लोगों के इसी विश्वास पर खरा उतरते हुए वहां के लोगों की मांगों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि राई हलके के कुण्डली, बहालगढ व अन्य क्षेत्रों में पेयजल व पानी निकासी की मुख्य समस्या है इसलिए सरकार द्वारा इन समस्याओं को दूर करते हुए वहां के लोगों को जीवन में खुशहाली लाने का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि हलके के लोगों की मांग है कि गांव मुरथल-मलिकपुर बाईपास का निर्माण करवाया जाए, ताकि वहां के लोगों को आने जाने में सुहलियत हो सके। विधायक ने नाहरा गांव के किसानों की आवाज उठाते हुए गांव से गुजर रही हाई पावर लाईन के पोलों के लिए उचित मुआवजा दिलवाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि यहां के किसान उचित मुआवजे के लिए काफी दिन से धरने पर बैठे है इसलिए इन किसानों की मांगों को जल्द से पूरा करवाते हुए उन्हें उचित मुआवजा दिलवाया जाए। ताकि मुआवजा मिलने पर हाई पावर लाईन के पोलों के निर्माण का कार्य भी जल्द पूरा हो सके। पिछले दस साल में सरकार द्वारा राई हलके के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई है यहां के लोगों की हर मांग को समय से पूरा किया गया।

**मांग**

**जिस प्रकार भाजपा सरकार की योजनाओं और नीतियों पर मोहर लगाते हुए हलके में बीजेपी का परचम लहराया**

## विभिन्न प्रतियोगिता करके मनाया बाल दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** नव ज्योति शिक्षा सदन के प्रांगण में बाल दिवस को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों का मनोरंजन कराया गया। बच्चों ने श्लोक उच्चारण, रामायण चौपाई व कबीर के दोहे की सुंदर प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों द्वारा नित्य तथा गायन कला का भी प्रदर्शन बखूबी किया गया। बाल दिवस को विद्यालय में खेल दिवस के रूप में भी मनाया गया। विद्यार्थियों तथा अध्यापकों की दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। अध्यापकों



की प्रतियोगिता में अध्यापकों को चार वर्गों में बांटा गया। जिसमें पूनम मलिक, मंजू कौशिक,रेखा वत्स तथा निशा जांगड़ा की प्रथम रही। विजेता अध्यापकों तथा प्रत्येक कक्षा से प्रथम आने वाले विद्यार्थी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। नवज्योति शिक्षा सदन की वॉलीबॉल के खिलाड़ियों को तीन टीमों में बांट कर प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें टीम ए प्रथम रही। अध्यापिका सुमन कौशिक जी व सोनिया खोखर ने नेहरू जी के जीवन के बारे में विस्तार से बच्चों को बताया। स्कूल निदेशक राजेंद्र कौशिक ने छात्रों को जवाहर लाल नेहरु के व्यक्तित्व से सीख लेने के लिए प्रेरित किया।

## खेड़ी गुज्जर गांव के विजय ने प्रो विश्व बाडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** खेड़ी गुर्जर गांव के विजय ने थाईलैंड के पटाया में हुई मिस्टर प्रो विश्व बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर देश का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने साथ-साथ उनके साथियों ने उनको बधाई दी है। विजयपाल दीवान पुणे में एलए फिटनेस जिम में पसीना बहाते हैं। मूलरूप से खेड़ी गुज्जर गांव के वाले विजयपाल दीवान ने गत 9 से 10 नवंबर को थाईलैंड के पटाया में हुई प्रो वर्ल्ड चैंपियनशिप में मैन फिजिक में भाग लिया और स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में 18 देशों



के करीब 300 बाडी बिल्डरों ने भाग लिया था। खिताब हासिल करने पर विजयपाल ने इसका श्रेय अपने पिता ओमप्रकाश, माता कृष्णा देवी, कोच साहिल उप्पल को दिया है। विजयपाल दीवान अभी पुणे में एक कार कंपनी में कार्यरत हैं। गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान के अलावा विजय दीवान को उनकी इस उपलब्धि पर पुणे विधायक सुनील शाल्के, खेड़ी गुज्जर गांव के सरपंच, निशांत छोक्कर, जयभगवान, सिकन्दर आदि ने बधाई दी।

## बाल दिवस के रूप में मनाया नेहरू का जन्मदिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। शिक्षकों द्वारा कविता वाचन एवं भाषण की सुंदर प्रस्तुति दी गई। उन्होंने पंडित नेहरू से जुड़ी जानकारियों को सांझा किया। बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में हवन का भी आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं कुशाग्र बुद्धि की कामना की गई। विद्यालय के प्रांगण में खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने अनेक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, प्रधानाचार्य यशपाल ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई दी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में चारों सदनों के मुकाबले में पृथ्वी हाउस ने जीत हासिल की

**उत्साह**

**पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर:** जयंती प्रसाद डीएवी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश कंबोज ने छात्रों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू



का जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं स्कूल में गुरु पर्व मनाते हुए भजनों के द्वारा गुरुओं को याद किया और कुछ गुरुवाणी को याद करते हुए गुरुपर्व भी मनाया गया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई इंटर हाउस अंडर 14 कबड्डी मैच हुआ। जिसमें कक्षा नवमी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। चारों सदनों के मुकाबले में पृथ्वी हाउस ने जीत हासिल की और कबड्डी मैच में आज का खिताब पृथ्वी हाउस के नाम रहा प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश कंबोज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप भी अपने अंदर कुछ ऐसे गुण विकसित करें।

# पर्यावण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए नगर निगम गम्भीर

## निगरानी के लिए टीमों का गठन कर फील्ड में उतारा, पानी का निरंतर छिडकाव करवाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए नगर निगम गम्भीर है। इसे लेकर नगर निगम कार्यालय में निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में निगम अधिकारियों के अतिरिक्त, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व डीटीपी कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण की गाईडलाईन की सख्ताई से पालना करवाई जानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा को निर्देश दिए कि शहर में सभी प्रकार के भवन जिनका क्षेत्र 500 वर्ग मीटर से अधिक है, को



प्रदूषण विभाग के डस्ट कंट्रोल पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं और इस कार्य को शीघ्र अति शीघ्र किया जाए। उन्होंने मुख्य नगर योजानकार धर्मपाल सिंह को निर्देश दिए कि शहर में जितने भी निर्माण स्थल हैं, उनमें प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे बजरी, रेत, मिटद्दटी, कोर्स सैंड व डस्ट इत्यादि को ढकवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त निमार्णाधीन भवन को भी ढका जाए।

अगर कोई ऐसा नहीं करता तो सम्बंधित भवन मालिक का चालान किया जाए। इसके लिए कनिष्ठद अभियंता, सफाई निरीक्षक व भवन निरीक्षक की अलग-अलग टीमें बना दी गई हैं, जो

**सख्ती**

**शहर में जितनी भी परियोजनाएं चल रही हैं, सभी को पानी का छिडकाव करने के लिए कहें**

गुरूवार से ही फील्ड में उतर गई हैं।

कूड़ा-कर्कट में न लगे आग-
उन्होंने मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा को निर्देश दिए कि शहर में कहीं भी कूड़े-कर्कट में आग नहीं लगनी चाहिए। इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कहीं भी कूड़ा जमा न होने दें, इसके लिए सम्बंधित जोन इंचार्ज जिम्मेवार होंगे।

उन्होंने सख्त निर्देश देते कहा कि कहीं भी आग लगने का मामला सामने नहीं आना चाहिए।

पानी का करवाएं छिडकाव-
उन्होंने कार्यकारी अभियंताओं को निर्देश दिए कि शहर के सभी मुख्य मार्गों व मार्किट क्षेत्रों में पानी का निरंतर छिडकाव करवाया जाए। कार्यकारी अभियंता ने बताया कि टैंकरों की सहायता से पानी का छिडकाव कार्य जारी है। निगमायुक्त ने इसके अतिरिक्त स्मोग गन व वाटर स्प्रिंकलर खरीदने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम की शहर में जितनी भी परियोजनाएं चल रही हैं, सभी को पानी का छिडकाव करने के लिए कहें, ताकि धूल-मिट्टद्दी हवा में न उठे।

# सोच समझकर रास्ता चुनें, किसी दबाव से नहीं : यश जालुका

**रोजगार**

**सरकार द्वारा स्टार्टअप शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है : जालुका**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एडीसी यश जालुका ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप और नये विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों। सरकार द्वारा स्टार्टअप शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। एडीसी यश जालुका गुरुवार को डॉ. मंगलसेन सभागार में स्कूल के बच्चों के लिए आयोजित मोटिवेशनल टॉक के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने बच्चों द्वारा पूछे प्रश्नों के जवाब दिए। इस टॉक में मोटिवेशनल स्पीकर्स के द्वारा भी स्टार्टअप व नई तकनीक से जुड़ी जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि सोच समझ कर रास्ता चुनें, किसी दबाव से नहीं बल्कि अपनी रुचि के मुताबिक करियर चुनें। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का विजन है कि नौकरी करने वाले नहीं नौकरी देने वाले बनें।

इस विजन के तहत सरकार द्वारा स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए तरुण, किशोर तथा शिशु आदि विभिन्न परियोजना चलाई जा रही हैं, जिनसे अपना स्टार्टअप शुरू करने के लिए लोन की सुविधा दी जाती है। बच्चों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर स्कूल व कॉलेजों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। असिस्टेंट कमिश्नर (अंडर ट्रेनी) योगेश सैनी ने कहा कि एडीसी यश जालुका के मार्गदर्शन में सरकारी स्कूलों में ये मुहिम चलाई जा रही है। इन कार्यक्रमों में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर मार्गदर्शन किया जाता है। इस मुहिम का उद्देश्य सरकारी स्कूल के बच्चों तक सरकार द्वारा चलाई स्कीम की जानकारी पहुंचाना है।

# चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में कृषि विकास में विस्तार अधिकारियों के लिए संचार एवं मीडिया कौशल विषय पर चल रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक डा. संजय कुमार ने की।

उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया के माध्यम से किसानों तक नवीन तकनीकों, सरकारी योजनाओं, मौसम की जानकारी, बिमारियों की रोकथाम इत्यादि विषयों की जानकारी बड़ी तीव्रता से पंहुचाई जा सकती है। तकनीक हस्तांतरण करने में मीडिया का अहम योगदान है, क्योंकि मीडिया के माध्यम से नवीन तकनीकों की जानकारी देकर किसानों को इन

**प्रोत्साहित**

**मौसम की जानकारी, बीमारियों की रोकथाम इत्यादि विषयों की जानकारी बड़ी तीव्रता से पंहुचाई जा सकती है**

तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इसके साथ-साथ सोशल मीडिया पर वीडियो सामग्री के माध्यम से विस्तार अधिकारी सूचनाओं को प्रभावशाली तरिके से किसानों तक पंहुचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील किसानों की सफलता की कहानी के माध्यम से अन्य किसानों को भी उन्नत तकनीकें अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विस्तार कार्यक्रमों में वीडियो सामग्री का प्रयोग करने हेतु विस्तार अधिकारियों को वीडियो निर्माण का प्रशिक्षण अनिवार्य है।

# जिलेभर के समाधान शिविरों में आई 11 शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आह्वान पर जिले भर में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। नगर निगम कार्यालय, नगर पालिका कार्यालयों व बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर लगे। गुरुवार को लगाए गए समाधान शिविर में कुल 11 शिकायतें आई, जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। दो शिकायतों को अभी लंबित रखा गया है। बता दें कि नगर निगम करनाल के कार्यालय में निगम आयुक्त डॉ.वैशाली शर्मा ने शिकायतों को सुना। यहां कुल 6 शिकायतें आई, इनमें से 5



शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि एक शिकायत अभी लंबित रखी गई है। वहीं घरौंडा नगरपालिका कार्यालय में 1 शिकायत आई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। असंध नगरपालिका में 3 शिकायतें आई, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। वहीं बीडीपीओ कार्यालय, करनाल में एक शिकायत आई, जिसे अभी लंबित रखा गया है।

**समाधान**

**इस दौरान आमजन की प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व योजना से जुड़ी शिकायतों को सुना जा रहा है।**

अन्य बीडीपीओ कार्यालयों में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

बता दें कि जिला की प्रत्येक नगर पालिका और बीडीपीओ कार्यालयों व नगर निगम के दफ्तरों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान आमजन की प्रॉपर्टी आईडी व स्वामित्व योजना से जुड़ी शिकायतों को सुना जा रहा है।

# न्यायमूर्ति सूर्यकांत होगें लीगल सर्विसेज कमेटी के नए अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी इरम हसन ने बताया कि न्यायमूर्ति सूर्यकांत को सर्वोच्च न्यायालय लीगल सर्विसेज कमेटी (एससीएलएससी) के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत (एससीएलएससी) को मनोनीत भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना द्वारा किया गया है। इस आशय की अधिसूचना 12 नवंबर को आधिकारिक राजपत्र में नालसा द्वारा प्रकाशित की गई थी। इससे पहले यह पद न्यायमूर्ति




बी.आर. गवई के पास था, जिन्हें हाल ही में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। इरम ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति सभी के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के पंजोखरा गांव के एक युवक के साथ विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को ऑस्ट्रेलिया का झांसा देकर दुबई में भेज दिया, जहां पर उसे 5 महीने तक बंधक बनाकर रखा गया। अपने बेटे के लिए तड़पते परिजन किसी तरह से अपने बेटे को दुबई से वापस भारत लाए।

घर आते ही पीड़ित युवक ने अपने साथ हुई यातना की कहानी घर वालों को बताई, जिससे परिजनों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। पीड़ित ने 11 महीने बाद मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पंजोखरा निवासी संजीव कुमार ने अपने बेटे हेमन चौधरी को आस्ट्रेलिया भेजने के लिए गढ़ी बीरबल निवासी विकास को 5 लाख रुपए दिए थे। संजीव ने बताया कि कुल 15 लाख रुपए में बच्चे को विदेश भेजने का समझौता हुआ था। लेकिन विकास ने पहले उसे दुबई भेज दिया और लगातार बहाने बनाकर आस्ट्रेलिया भेजने की बात टालता रहा।

पीड़ित का कहना है कि 27 अगस्त 2023 को उसके बेटे को दुबई भेज दिया गया, जहां उसे करीब 5 महीने तक रखकर आस्ट्रेलिया भेजने का वादा किया गया। इस दौरान विकास ने और 10 लाख रुपए की मांग की और धमकी दी कि अगर कुछ बताया गया तो बेटे की जान ले ली जाएगी। परिवार ने 4 नवंबर 2023 को 5 लाख रुपए नगद विकास के पिता प्रेमचंद को दिए, जिसमें एक अन्य व्यक्ति राजकुमार भी मौजूद था। बचे हुए 5 लाख रुपए 7 नवंबर को भी विकास और उसके भाई प्रीतम दास को दिए गए।

# हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना को बढ़ावा दे रही सरकार: बंडारू

**विशेष उत्साह**

**आगमन पर कार्यक्रम में विशेष उत्साह देखा गया। इस दौरान केंद्र के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** बाल दिवस के मौके पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने करनाल स्थित श्रवण एवं वाणी निशक्तजन कल्याण केंद्र का दौरा किया। राज्यपाल का स्वागत गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ। उनके आगमन पर कार्यक्रम में विशेष उत्साह देखा गया। इस दौरान केंद्र के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनका राज्यपाल और अन्य अतिथियों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में बच्चों की कला और उत्साह की सराहना करते हुए राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्यपाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बाल दिवस पंडित जवाहर लाल नेहरू की स्मृति में मनाया जाता है, जो बच्चों से बेहद प्यार करते थे। इस दिन का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों और उनकी विशेषताओं को सम्मान देना है।

उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते हुए बाल दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने श्रवण एवं वाणी निशक्तजन केंद्र में मूक-बधिर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चल रहे कौशल विकास कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण बच्चों को रोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायक होगा, जिससे वे समाज का एक अहम हिस्सा बन सकें। हरियाणा में सांकेतिक भाषा के विकास की चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस क्षेत्र में हरियाणा ने अहम कदम उठाया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई शिक्षा नीति में सांकेतिक भाषा को मान्यता देने की सराहना करते हुए उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि हर किसी को सांकेतिक भाषा को सीखना चाहिए, ताकि मूक-बधिर समाज के साथ हमारी बेहतर संवाद स्थापित हो सके। राज्यपाल ने हरियाणा सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार 18 वर्ष से अधिक उम्र के मूक-बधिर लोगों को 2500 रुपए मासिक पेंशन प्रदान कर रही है और उनके रोजगार के लिए भी प्रयासरत है। सरकार के इन प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे दिव्यांगजन आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। राज्यपाल ने अपने संबोधन में सामाजिक संस्थाओं से दिव्यांगजन केंद्रों को प्रोत्साहन देने की अपील की।

# किडजी एवं किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में विशेष आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

कुरुक्षेत्र :बाल दिवस के शुभ अवसर पर किडजी एवं किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक सेक्टर-3 स्कूल में बच्चों के लिए विशेष आयोजन किए गए, जिनका उद्देश्य बच्चों की खुशी और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। इस दिन को खास बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की मजेदार और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, जहां उन्होंने टीम वर्क, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल सीखा। इसके साथ ही, कला और हस्तकला गतिविधियों में बच्चों ने रंगों और कलाकारी का प्रयोग



करते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने नृत्य, गीत और कविताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार किए, जिनमें बच्चों को भरपूर आनंद आया। इन गतिविधियों ने न केवल

**रचनात्मकता**

**विशेष आयोजन किए गए, जिनका उद्देश्य बच्चों की खुशी और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था**

उनका मनोरंजन किया बल्कि उनमें आत्मविश्वास का भी संचार किया।विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू की विचारधारा को साझा किया। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों को देश का भविष्य मानते थे और उन्हें "बगीचे में खिले फूलों" के रूप में देखते थे। उनके अनुसार, बच्चों का पोषण और देखभाल करना हमारा कर्तव्य है, क्योंकि वे ही समाज और देश को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाएंगे।बाल दिवस के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना और उन्हें यह अहसास दिलाना था कि वे हमारे समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं बल्कि उन्हें एक सकारात्मक वातावरण भी प्रदान करते हैं, जिसमें वे अपने विचारों और क्षमताओं को खुलकर व्यक्त कर सकते हैं।

# बिना पर्ची और बिना खर्ची के दम पर हरियाणा में बनी भाजपा की सरकार: जगमोहन आनंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने हरियाणा विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कहा कि हरियाणा में बिना पर्चा और बिना खर्ची के भाजपा की सरकार बनी है। सरकार द्वारा युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां दी गई। हरियाणा सरकार द्वारा बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां दिए जाने की प्रशंसा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सार्वजनिक मंचों पर की है। इससे हरियाणा प्रदेशवासियों का सर गर्व से ऊंचा हो जाता है।



जगमोहन आनंद ने कहा कि भाजपा सरकार ने सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए प्रदेश के हर वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। भाजपा की सरकार ने प्रदेश में भय और भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूल मंत्र को याद रखने की बात कही गई, जिसमें कहा गया कि हमारा हर फैसला इस बात पर निर्भर होना चाहिए कि उस फैसले का प्रभाव समाज के सबसे गरीब व्यक्ति पर क्या पड़ेगा।

# बाल- दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलरीप सिंह )**

चंदन बाल विकास पब्लिक स्कूल आट्टा में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा बाल- दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम मनाया गया जिसमें भाषण , कविताएं, नृत्य, गीत आदि प्रस्तुत किए गए। तदुपरांत दो दिवसीय खेल - दिवस का समापन बड़े जोश और उमंग के साथ किया गया। मंच संचालन हरजीत कौर की देखरेख में कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं की छात्राओं द्वारा किया गया। हरियाणवी नृत्य तो समां बांधने वाला रहा।मुख्य अतिथि कुमारी राधिका जागलान व विशिष्ट अतिथि कुमारी रेखा जागलान , आकाश मलिक , नरेंद्र मलिक, डॉक्टर संदीप कुमार, व जयवीर जागलान ने शिरकत




की। प्रबंधक नरेश गाहल्याण, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार, सुरेंद्र, गौरव, डॉक्टर श्वेता, प्रवीण, रीना व कुमारी मोनिका ने पुष्पगुच्छ व पुष्पमालाओं से उनका स्वागत किया। सरस्वती वंदना के उपरांत कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने एक भव्य स्वागत गीत की प्रस्तुति दी । तदुपरांत कक्षा बारहवीं की छात्राओं ने हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत किया। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार की स्वीकृति से खेलों का प्रारंभ किया गया। बच्चों का जोश काबिल ए तारीफ रहा।

कक्षा चौथी से आठवीं में 400 मीटर रेस में लड़कियों में अंतिम ,वैष्णवी, दीप्ति, लड़कों में कृष ,अश मोहम्मद अंकित ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लंबी कूद में लड़कों ने लक्ष्य ,तनिष्क, समद व लड़कियों में वंशिका, हंसिका, वाणी ने प्रथम ,द्वितीय, तृतीय, व नौवीं से बारहवीं 800 मीटर दौड़ में लड़कों में चक्षु, अमित, लक्की ने प्रथम द्वितीय तृतीय, लड़कों में डिस्क्स थ्रो अमन ,अनय, रितेश ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान,व लड़कियों में डिस्कस थ्रो में अक्षमा ,रितिका, प्रिया ने प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान , ऊंची कूद मे लड़कों ने आर्यन, आदित्य, शौर्य ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, व लड़कों ने लंबी कूद में पुनीत ,नीरव, सावन लड़कियों ने लंबी कूद में अंशुल,दृष्टि, ऋषिका ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय , लड़कों में 400 मीटर दौड़ में रौनक, चिराग, शौर्य ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान , लड़कियों में 400 मीटर दौड़ में हिमानी ,दृष्टि ,गजना ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान , रस्साकस्सी में लड़कियों में प्रथम स्थान सनफ्लावर, द्वितीय स्थान लोटस व तृतीय स्थान रोज हाउस, लड़कों में प्रथम स्थान सनफ्लावर हाउस, द्वितीय स्थान रोज हाउस व तृतीय स्थान लोटस हाउस, छठी से आठवीं लड़कियों में रिले रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**प्रतिभा**

**रंगारंग कार्यक्रम मनाया गया जिसमें भाषण , कविताएं, नृत्य, गीत आदि प्रस्तुत किए गए**

## संपादकीय

# समस्त मानव जाति के लिए प्रेरक हैं गुरु नानक के उपदेश

**प्रतिवर्ष कार्तिक मा**स की पूर्णिमा को गुरु नानक जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष 15 नवम्बर को यह पर्व पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सिखों के प्रथम गुरु गुरु नानक जी की जयंती को प्रकाश पर्व कहा जाता है। इस बार गुरु नानक जी का 555वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। पाखण्डों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक देव की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना और बा आडम्बरों से दूर रखना था। गुरु नानक जयंती के अवसर पर उनके जीवन, आदर्शों तथा उनकी दी हुई शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है। इस दिन धर्मगुरु और समाज के सम्माननीय लोग गुरु नानक की शिक्षाओं और संदेशों को दोहराते हैं ताकि लोगों के बीच उनके पवित्र विचारों को फिर से ताजा किया जा सके।

सितम्बर 2019 में 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नेपाल द्वारा सौ, एक हजार तथा ढाई हजार रुपये के तीन स्मारक सिक्कों का सेट जारी किया था। पाकिस्तान सरकार द्वारा भी गुरुजी के 550वें प्रकाश पर्व पर 50 रुपये का एक सिक्का जारी किया गया था। कोलकाता टकसाल द्वारा 550वें प्रकाशोत्सव पर 12 नवम्बर 2019 को 44 मिलीमीटर गोलाई वाला 35 ग्राम वजनी 550 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी किया गया था, जिसमें 50 फीसदी चांदी, 40 फीसदी तांबा और पांच-पांच फीसदी निकल व जिंक का मिश्रण है। सिक्के के एक ओर गुरुद्वारा श्री बेर साहिब का चित्र उकेरा गया था और उसी ओर सिक्के पर देवनागरी व अंग्रेजी में श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व लिखा गया था। गुरु नानक जी का विवाह 19 वर्ष की आयु में गुरदासपुर के मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी के साथ हुआ था किन्तु धार्मिक प्रवृत्ति के नानक को गृहस्थाश्रम रास नहीं आया और वे सांसारिक मायाजाल से दूर रहने का प्रयास करने लगे। पिता ने उन्हें व्यवसाय में लगाना चाहा किन्तु व्यवसाय में भी उनका मन न लगा। एक बार पिता ने कोई काम-धंधा शुरू करने के लिए उन्हें कुछ धन दिया लेकिन नानक ने सारा धन साधु-संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया और एक दिन घर का त्याग कर परमात्मा की खोज में निकल पड़े। पाखंडों के घोर विरोधी रहे गुरु नानक की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना किन्तु बा आडम्बरों एवं पाखंडों से दूर रखना ही था। वे सदैव छोटे-बड़े का भेद मिटाने के लिए प्रयासरत रहे और उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया। एक पिता एकस के हम बारिक नामक उनका सिद्धांत समाज में ऊंच-नीच और अमीर-गरीब के भेद को मिटाता है। 555वें प्रकाश पर्व के विशेष अवसर पर गुरु नानक जी से जुड़ी कुछ ऐसी घटनाओं और किस्सों का उल्लेख करना अनिवार्य हो जाता है, जो उनकी महानता और चमत्कारिक शक्तियों को स्पष्ट परिलक्षित करती हैं। गुरु नानक जी एक बार हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि लोग किसी अंधविश्वास के कारण ऐसा कर रहे हैं। तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया।

# महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण की जरूरत



रोहित माहेश्वरी

> "महंगाई के अलावा बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सरीखे मुद्दों पर कभी भी जनादेश तय नहीं होते, जबकि ये आम आदमी की बुनियादी समस्याएं और जरूरतें हैं। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, देश के 23 राज्यों में से छत्तीसगढ़ में, बीते एक साल के दौरान, महंगाई सबसे अधिक 6.4 फीसदी बढ़ी है। मप्र में 3 फीसदी, उप्र, बिहार, केरल, तमिलनाडु में 2.3 फीसदी महंगाई बढ़ी है। पंजाब और हरियाणा ऐसे राज्य हैं, जहां साल भर में महंगाई क्रमशः 0.4 फीसदी और 0.7 फीसदी ही बढ़ी है, लेकिन महंगाई दर 5 फीसदी से अधिक रही है। सिर्फ राजस्थान ही ऐसा इकलौता राज्य है, जहां महंगाई दर घटी है। देश में पांच राज्य ऐसे हैं, जहां महंगाई दर 7 फीसदी से ज्यादा रही। ओडिशा 7.5 फीसदी महंगाई दर के साथ इन राज्यों में शिखर पर है"

**ऐसे में** भारत में महंगाई बहुत कुछ नियंत्रित कही जा सकती है, लेकिन त्योहार के इन दिनों में महंगाई आम आदमी के लिए चिंता का कारण बन गयी है. हाल में भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में महंगाई में कुछ कमी आयी है, लेकिन अब भी महंगाई दर सहन क्षमता के ऊपर है. अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर 6.2 फीसदी रही है। यह बीते 14 माह के उच्चतम स्तर पर है और भारतीय रिजर्व बैंक के 4-5 फीसदी के संतोषजनक स्तर से भी बहुत ज्यादा है। देश में हरी सब्जियों की कीमतें अक्टूबर में ही 42.2 फीसदी तक बढ़ी हैं। खाद्य और शीतल पेय वाले समूह में महंगाई सितंबर में 8.36 फीसदी थी, लेकिन अक्तूबर में बढ़ कर 9.69 फीसदी तक पहुंच गई। राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई में प्याज खुदरा में 70-80 रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र में ही नासिक सबसे अधिक प्याज का उत्पादन करता है। वहां की मंडियों में भी प्याज औसतन 50 रुपए किलो बेचा जा रहा है। बाजार के जानकारों का आकलन है कि प्याज के दाम 100 रुपए किलो तक बढ़ सकते हैं और टमाटर इससे भी काफी महंगा बिक सकता है। सिर्फ सब्जियां ही नहीं, अनाज, दालें, खाद, खाद्य तेल और खेती के लिए अनिवार्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। किसानों को रबी फसलें बोनी हैं, लेकिन बाजार में खाद का संकट है। खाद की दुकानों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। खाद की जो बोरी 50 किलो की मिलती थी, वह अब कम कर दी गई है, लेकिन बोरी 300 रुपए तक महंगी कर दी गई है। किसान औसतन सस्ती फसल कैसे बो सकता है और उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य कैसे मिल सकता है? रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का आकलन है कि महंगाई अभी और बढ़ेगी। भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने मिल कर तय किया था कि खुदरा महंगाई दर 4-5 फीसदी के बीच रहनी चाहिए। आदर्श स्थिति 4 फीसदी की है। अभी तक कोशिशें भी की गईं कि महंगाई वहीं तक सिमट कर रहे, लेकिन अब हदें लांघ दी गई हैं। सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.5 फीसदी पर पहुंच गई थी। बढ़ोतरी के संकेत वहीं से मिल गए थे। अब यह महंगाई दर 6.2 फीसदी हो गई



है, जो सर्वाधिक है। ये तमाम आंकड़े भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी किए हैं। जो संगठन निजी क्षेत्र में सक्रिय हैं, उनका डाटा भिन्न हो सकता है और महंगाई दर भी ज्यादा हो सकती है। बहरहाल अभी जो चुनाव किए जा रहे हैं, उनमें महंगाई प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं है। चुनावों में मुफ्तखोरी की रेवडियों की प्रतिद्वंद्विता है अथवा बांटने, काटने, डरने, मरने की ही चर्चाएं हैं। महंगाई के अलावा बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सरीखे मुद्दों पर कभी भी जनादेश तय नहीं होते, जबकि ये आम आदमी की बुनियादी समस्याएं और जरूरतें हैं। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, देश के 23 राज्यों में से छत्तीसगढ़ में, बीते एक साल के दौरान, महंगाई सबसे अधिक 6.4 फीसदी बढ़ी है। मप्र में 3 फीसदी, उप्र, बिहार, केरल, तमिलनाडु में 2.3 फीसदी महंगाई बढ़ी है। पंजाब और हरियाणा ऐसे राज्य हैं, जहां साल भर में महंगाई क्रमशः 0.4 फीसदी और 0.7 फीसदी ही बढ़ी है, लेकिन महंगाई दर 5 फीसदी से अधिक रही है। सिर्फ राजस्थान ही ऐसा इकलौता राज्य है, जहां महंगाई दर घटी है। देश में पांच राज्य ऐसे हैं, जहां महंगाई दर 7 फीसदी से ज्यादा रही। ओडिशा 7.5 फीसदी महंगाई दर के साथ इन राज्यों में शिखर पर है। डाटा में यह भी बताया गया है कि 11 राज्यों में महंगाई दर 6 फीसदी से कम रही है। बहरहाल आकलन किया जा रहा है कि ऐसी बढ़ोतरी के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई दर औसतन 4.8 फीसदी रहेगी, जो रिजर्व बैंक के लक्ष्य की परिधि में है। गौरतलब यह है कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर अक्टूबर में 10.87 फीसदी रही है, जो सितंबर में 9.24 फीसदी थी। बताया जाता है कि मौसम की अनिश्चितता से कई राज्यों में फसलें प्रभावित हुईं। आलू-टमाटर समेत प्रमुख सब्जियों के उत्पादन कम हुए। मांग और आपूर्ति में फासला बढ़ा। बहरहाल सरकारी आंकड़ों में महंगाई की जो भी तस्वीर सामने आती है, वह आम आदमी को चुभने वाली है। उसकी जेब पर असर पड़ रहा है। कोरोना महामारी के बाद आम आदमी की औसतन आय नहीं बढ़ी, बल्कि बचत भी मात्र 9 फीसदी रह गई है। ऐसे में वह महंगाई का सामना कैसे करे? खाद्य कीमतों में भी गिरावट आनी चाहिए। कृषि वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। मुद्रास्फीति तभी उत्पन्न होती है जब किसी वस्तु या सेवा की प्रभावी मांग उपलब्ध आपूर्ति से अधिक हो जाती है। आपूर्ति की लागत और आपूर्ति की मात्रा मुद्रास्फीति के आपूर्ति-पक्ष की गतिशीलता को निर्धारित करती है। डीजल महंगा होता जा रहा है। गैस एवं उर्वरक की बढ़ती कीमतें इस सेक्टर को महंगाई से डरा रही हैं। याद रहे कि महंगा भोजन आबादी के स्वास्थ्य के लिए खतरा होता है। किसी भी स्थायी मुद्रास्फीति नियंत्रण के लिए कृषि उत्पादन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार को खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने के लिए अपनी व्यापार नीति को सावधानीपूर्वक जांचते रहना चाहिए। साथ ही टमाटर, प्याज और आलू जैसी अस्थिर सब्जियों के लिए बफर स्टॉक बनाना चाहिए, जिससे किसानों को अधिक पैदावार के दौरान उनकी उपज के लिए स्थिर कीमतें प्राप्त करने में मदद मिल सके। इसके लिए कम लागत पर सौर ऊर्जा का उपयोग करते हुए कोल्ड स्टोरेज, बुनियादी ढांचे का विस्तार महत्वपूर्ण होगा। इससे सरकार कीमतों को कम करने के लिए जब मांग अधिक हो तब स्टाक को व्यवस्थित रूप से जारी कर सकती है। वास्तव में, किसी समस्या का समाधान यह स्वीकार करने से शुरू होता है कि समस्या मौजूद है और महंगाई केवल राजनीतिक विषय नहीं है। वंचितों को थोड़ी मात्रा में अनाज वितरित करना अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। आम लोगों पर महंगाई की मार के दूरगामी असर होते हैं, जो उन्हें गरीबी की ओर धकेलते हैं। अभी लोगों को महंगाई की मार से कैसे बचाया जाए, यही सवाल हमारे लिए तात्कालिक महत्व का है। महंगाई नियंत्रित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। चूंकि देश में फसल कटाई के बाद की उपयुक्त व्यवस्था न होने से 12 से 14 फीसदी तक खाद्यान्न और करीब 35 फीसदी तक सब्जी और फलों की पैदावार बर्बाद हो जाती है, ऐसे में इस बबार्दी को रोकने के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग की कारगर व्यवस्था की डगर पर बढना होगा। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से देश में खुदरा महंगाई को नियंत्रित किया जा सकेगा और चालू वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा महंगाई लक्ष्य के अनुरूप 4.5 फीसदी तथा आगामी वर्ष 2025-26 में चार फीसदी के दायरे में रहते हुए दिखाई दे सकेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का कहना है कि अगले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, लेकिन मुद्रास्फीति विकास के खेल को बिगाड़ सकती है। अगर महंगाई बेकाबू हो गई तो आरबीआई के पास ब्याज दरें बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। यह अनिवार्य रूप से भारत की विकास दर पर भी असर डालेगा। बढ़ती महंगाई एवं उच्च मुद्रास्फीति के खतरे को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। केन्द्र सरकार को इस मुद्दे पर जरूर सोचना चाहिए। अगर महंगाई को तुरंत लगाम नहीं लगाई गई, तो गरीब व मध्यम वर्ग का जीना निश्चय ही कठिन हो जाएगा।

## कविता

सबके घर में हो दिवाली, सबके घर में ईद मने
सबके घर में मने बड़ा दिन, गुरबाणी की धूम मचे
देश की एक्का जो कोई तोड़े, उसका सब बहिष्कार करे
संविधान से जिसे घुटन हो, उसे देश से बाहर करे
जिस मजहब में बैर भरा हो, उसका सब प्रतिरोध करे
जो खुद को ही ऊंचा समझे, उस खाई को खत्म करें
जोर-जुलम हो जहां कहीं भी, धर्म से न आंका जाए
न्याय सभी को मिले बराबर, किसी को ना बक्शा जाए
गौरक्षा की आड़ में हत्या, जो सिस्टम करवाता हो
मारधाड़ का सरकारी फतवा, घर-घर में बटंवाता हो
जिंदा इंसा को पीट-पीट कर, सरेआम जलवाता हो
धर्म का गमछा डाल गले में, तलवारें बंटवाता हो
चाहते हो सबका विकास,इस गदर फंड को बंद करो
दो मुही चेहरे को बदलो, सच्चे मन सै काम करो
अपराधी हो जेल के अंदर, सजा मौत की उसे मिले
उनके पोषित रखवालो को, अपराधी जैसा दंड मिले
हथियारों से लैस कहीं ना, रैली हो या जलसा हो
तुरंत एक्शन हो उसपर, ना दंगा हो ना बलवा हो
जिसको जिस मजहब से फायदा, अपनाने का अधिकार मिले
धर्मनिरपेक्ष हो ढांचा अपना, बीच ना कोई दीवार मिले
खील बतासे भरपूर बंटे और बंटे ईद की सेवैया
ईसा जन्म पर केक बंटे, और बैसाखी पर ताता-थैंय्या
आपस मे सब रहें मिलजुल कर, ऐसा हिंदुस्तान बने
गंगा जमुनी तहजीब को, पूरा आदर सम्मान मिले

कलमकार राजव्रत

## मुसलमान भी है जातियों-कुरीतियों में बंटा

संजय सक्सेना

**यह बात समझ** से परे है कि गैर भाजपा दलों के नेताओं को हिन्दू समाज में पिछड़े और दलित जाति के लोगों की ही चिंता क्यों सताती है। उनका ध्यान उन और दलित मुसलमानों की तरफ क्यों नहीं जाता है जो उच्च श्रेणी के मुसलमानों के कारण अपने अधिकारों से वंचित हैं। मुसलमानों में इन दलित और पिछड़े लोगों की पहचान पसमांदा समाज के रूप में है।

दरअसल,भारतीय मुसलमान मुख्यतः तीन जाति समूहों में बंटा हुआ है इन्हेंअशराफ,अजलाफ, और अरजाल कहा जाता है. ये जातियों के समूह हैं, जिसके अंदर अलग-अलग जातियां शामिल हैं. हिंदुओं में जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र वर्ण होते हैं, वैसे ही अशराफ, अजलाफ और अरजाल को देखा जाता है. अशराफ में सैयद, शेख, पठान, मिर्जा, मुगल जैसी उच्च जातियां शामिल हैं. मुस्लिम समाज की इन जातियों की तुलना हिंदुओं की उच्च जातियों से की जाती है, जिनमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य शामिल हैं. दूसरा वर्ग है अजलाफ. इसमें कथित बीच की जातियां शामिल हैं. इनकी एक बड़ी संख्या है, जिनमें खास तौर पर अंसारी, मंसूरी, राइन, कुरैशी जैसी कई जातियां शामिल हैं. कुरैशी मीट का व्यापार करने वाले और अंसारी मुख्य रूप से कपड़ा बुनाई के पेशे से जुड़े होते हैं. हिंदुओं में उनकी तुलना यादव, कोइरी, कुर्मी जैसी जातियों से की जा सकती है. तीसरा वर्ग है अरजाल. इसमें हलालखोर, हवारी, रज्जाक जैसी जातियां शामिल हैं. हिंदुओं में मैला ढोने का काम करने वाले लोग मुस्लिम समाज में हलालखोर और कपड़ा धोने का काम करने वाले धोबी कहलाते हैं. अरजाल में वो लोग हैं, जिनका पेशा हिंदुओं में अनुसूचित जाति के लोगों का होता था. इन मुसलमान जातियों का पिछड़ापन आज भी हिंदुओं की समरूप जातियों जैसा ही है.

राज्यसभा के पूर्व सांसद और पसमांदा मुस्लिम आंदोलन के नेता अली अनवर अंसारी कहते हैं कि मुसलमानों में भी जाति प्रथा हिंदुओं की तरह ही काम करती है. विवाह और पेशे के अलावा मुसलमानों में अलग-अलग जातियों के रीति रिवाज भी अलग-अलग हैं. मुसलमानों में भी लोग अपनी ही जाति देखकर शादी करना पसंद करते हैं. मुस्लिम इलाकों में भी जाति के आधार पर कॉलोनियां बनी हुई दिखाई देती हैं. कुछ मुसलमान जातियों की कॉलोनी एक तरफ बनी हुई है, तो कुछ मुसलमान जातियों की दूसरी तरफ. पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल में तुर्क, लोधी मुसलमान रहते हैं. उनके बीच काफी तनाव रहता है. उनके अपने-अपने इलाके हैं. राजनीति में भी ये देखा जाता है.अली अनवर कहते हैं कि जीने से लेकर मरने तक मुसलमान जातियों में बंटा हुआ है. शादी तो छोड़िए, रोटी-बेटी का रिश्ता भी नहीं है एक दो अपवाद को छोड़कर.जाति के आधार पर कई मस्जिदें बनाई गई है।

## विचार

# नेहरू जैसा बालमन समझने वाला चाहिए दूसरा चाचा

**बाल दिवस** और चाचा नेहरू से तो जमाना परिचित ही है। पर, लोग ये नहीं जानते कि नेहरू जी आखिर बच्चों के चाचा कैसे कहलाए? इस रहस्य से अधिकांश अनभिज्ञ है। वैसे, बाल दिवस आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंड़ित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। जबकि, ये दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत 20 नवंबर को पूरे विश्व भर में मनाया जाता है। लेकिन साल 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद, भारतीय संसद में उनके जन्मदिन को देश में आधिकारिक तौर पर बाल दिवस के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव एकमत से जारी किया गया। क्योंकि वह बच्चों नितंत प्रिय हुआ करते थे। उनका बच्चों के प्रति लगाव देखने लायक होता था। उन्हें चाचा क्यों कहा जाने लगा, ये एक दिलचस्प वाक्या है। चलिए बताते हैं नेहरू के चाचा बनने की कहानी। पंड़ित नेहरू एक मर्तबा इलाहाबाद में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। मौसम जाडे.का था। सभा में एक बुजुर्ग महिला भी भाषण सुनने अपने दुधमुंह बच्चे के साथ पहुंची थी। जारी भाषण में बच्चा तेजी से रोने लगा।

पंड़ित नेहरू की जैसे ही नजर बच्चे के रोने पर पड़ी, उन्होंने अपना भाषण रूकवा दिया और तुरंत अपने अंगरक्षक को बच्चा और उसकी मां को मंच पर लाने को कहा, मां अपने बच्चे के साथ जैसे ही मंच पर चढ़ी, नेहरू ने आगे बढ़कर स्वंय बच्चे को अपने गोद में उठा लिया। बच्चा पंड़ितजी की गोद में जाते ही चुप हो गया और उनके जेब में लगे पेन से खेलने लगा। बच्चे के प्रति नेहरू के प्यार-स्नेह को देखकर सभा में उपस्थित लोग अचंभित हो गए और उसी समय से लोगों ने उन्हें चाचा कहना शुरू कर दिया। बच्चों के प्रति उदारता, दयालुपन, स्नेहभाव और दीवानगी की ललक हम सभी में भी जगे, उसी मकसद को आज का ये खास दिवस पूरा करता है। हालांकि बच्चे से प्यार तो हर कोई करता है। लेकिन नेहरू का प्यार बेशकीमती, अद्भुत, चमत्कारी होता था। रोते हुए बच्चे भी उनके सन्मुख जाकर एकाएक चुप हो जाते थे। बच्चों को चुप कराने की उनके पास पता नहीं कौनसी अद्भुत कला थी, जो सभी आश्चर्यचकित करती थी। सालाना हिंदुस्तान में बाल दिवस बड़े उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। ये दिवस बच्चों को ढेर सारा स्नेह, उपहार और लाड-प्यार देने को समर्पित होता है। जवाहरलाल नेहरू शुरू से बच्चों के अधिकारों और एक शिक्षा प्रणाली के पक्षधर और समर्थक रहे थे। वह प्रत्येक बच्चे को देश का आने वाला भविष्य कहते थे, बच्चा बेशक कितना भी नटखट क्यों न हो, वह उनकी भी भरपूर सराहना करते थे। फूलपुर की चुनावी सभा में नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषणों में एक बार कहा था कि बच्चे बगीचे में कलियों की तरह होते हैं और उनका सावधानीपूर्वक और प्यार से पालन-पोषण करना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। मौजूदा वक्त में जिस बेहिसाब से समूचे देश के नौनिहालों के प्रति अत्याचार, विभिन्न किस्म की समस्याएं, और अपराध बढ़े हैं, वो अगर जिंदा होते तो बहुत दुखी होते। एनसीआरबी की सालाना रिपोर्ट बच्चों के गायब होने के जो आंकड़े प्रस्तुत करती है, वो निश्चित रूप से डरावने होते हैं। तमाम हुकूमती कोशिशों के बावजूद भी बाल समस्याएं रुकने का नाम नहीं लेती। आज बाल दिवस के मौके पर देशभर के स्कूलों में गायन, निबंध, वाद-विवाद, खेलकूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। अधिकांश जगहों पर नेहरू की जीवनी पर लेख-लेखन कम्पटीशन आयोजित होंगी। दरअसल, नेशनल बाल दिवस पं0 नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि देने का भी दिन कहा जाता है, जो उसके हकदार भी हैं। नेहरू बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते थे। साथ ही वह अक्सर नौनिहालों को मुल्क का सबसे कीमती संसाधन के रूप में भी संदर्भित करते थे। इसलिए, अपने युवा नागरिकों के जीवन की बेहतरी के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अनस्कूलिंग और होमस्कूलिंग: कक्षाओं से परे शिक्षा

विजय गर्ग

"**21वीं स**दी के निरक्षर वे नहीं होंगे जो पढ़-लिख नहीं सकते, बल्कि वे होंगे जो सीख नहीं सकते, अनसीख नहीं सकते और दोबारा नहीं सीख सकते।" भारत के प्रमुख शहरों में से एक में, माता-पिता का एक समूह अपने बच्चों को शिक्षित करने में अपने अनुभव, भय, बाधाओं और छोटी जीत को साझा करने के लिए मासिक बैठक करता है। उनकी आशंकाएँ और खुशियाँ अन्य माता-पिता से भिन्न हैं, क्योंकि उन्होंने चुना है - अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजने के लिए - वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे हैं या घर पर ही पढ़ा रहे हैं। इस तरह का विकल्प चुनने के कारण का अनुमान लगाने में कोई पुरस्कार नहीं है - स्कूली शिक्षा प्रणाली की वर्तमान स्थिति के साथ एक आम और व्यापक रूप से महसूस किया जाने वाला मोहभंग - जिसे अधिकांश माता-पिता, बच्चों और उन सभी लोगों द्वारा अनुभव किया जाता है जो किसी भी भूमिका में इससे गुजरे हैं - जैसे एक शिक्षक, प्रशासक, एक छात्र या एक अभिभावक। बच्चे के दिन का सबसे अच्छा हिस्सा स्कूल में व्यतीत होता है - प्राथमिक विद्यालयों में 3-4 घंटे से शुरू होकर उच्च विद्यालयों में 8-10 घंटे तक सीखने या अनावश्यक ज्ञान संचय करने में व्यतीत होता है। स्कूल दोस्तों को एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना सिखाता है, रटने वालों का सम्मान करता है, बच्चे को उसके अंकों और रैंक के आधार पर आंकता है, अनुशासन के नाम पर डर पैदा करता है, जिज्ञासा और रचनात्मकता को दबाता है, और माता-पिता और बच्चों पर परियोजनाओं और असाइनमेंट का बोझ डालता है। संक्षेप में, यह स्वाभाविक रूप से प्यार करने वाले, देखभाल करने वाले, रचनात्मक आत्माओं को असंवेदनशील, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी, तनावग्रस्त और दूसरों के लिए कम देखभाल या चिंता वाले दिशाहीन व्यक्तियों में बदलने के लिए सब कुछ करता है। कई बच्चे अपने सहपाठियों की बदमाशी, शिक्षकों, माता-पिता और बड़ों की फटकार और स्कूल और घर में असंख्य नकारात्मक अनुभवों के निशान लेकर युवाओं और वयस्कों की ओर रुख करते हैं।

## कोचिंग या घर में बैठकर बाल नोचिंग

**अक्सर** कई लोग घर में बैठकर पढ़ने के कई फायदे गिनवाते हैं। पहले लोग किताबों को पढ़ने के लिए लाइब्रेरी जाते थे, अब उन्हें अपने घर की चार दीवारों में कैद होकर पढ़ाई करने की चूल मची है। यह तो जैसे वाट्सप पर कचरा ज्ञान की तरह हो गया, जहाँ सब कुछ ऑनलाइन है, लेकिन असली ज्ञान तो अब सिमटकर चार दीवारों के भीतर ही रह गया है। जरा सोचिए, घर में पढ़ाई करने के फायदे हैं कि नहीं। यहाँ कोई पेरेंट्स की ढीली नजर से बचकर खुद को एक चतुर विद्यार्थी समझता है। लेकिन घर की खामोशी के साथ-साथ उसमें छुपी आवाजें भी होती हैं। जैसे, रसोई में मम्मी की चम्मचों की खनक, छोटे भाई-बहन की लड़ाई, पत्नी की शॉपिंग डिमांड या फिर पापा का टीवी देखते हुए चिढ़ाने वाला कमेंट। ये सभी घर में पढ़ाई की मानसिकता को इतनी गंदगी में लपेट देते हैं कि ज्ञान की किरणें भी धुंधला जाती हैं। पढ़ाई का असली मजा तो कोचिंग में होता है। वहाँ चालाक, धूर्त, कमीने, अच्छे, बुरे, मतलबी, लोगों को बातों में उलझाकर खुद छिपकर पढ़ने वाले, गप्प हाँकने वाले तो शातिर दिमाग वाले मिल जाते हैं। इससे ज्ञान का मिक्स्ड अनुभव परीक्षा की असली तैयारी करवाता है। घर पर बैठकर ध्यान कहीं और लगाए किताबों के पन्ने पलटते हुए कभी पड़ोस, तो कभी रसोई तो कभी टीवी की आवाज में डूबने के भरपूर अवसर होते हैं। अब घर में एक ही जगह पर बैठकर किताबों से आंखें चुराने की चुनौती रहती है। जैसे ही आप किताब खोलते हैं, आपके चारों ओर से आपकी मां की पुकार सुनाई देने लगती है—बेटा, ये ला दो, वो बर्तन धो दो। ऐसे में घर में पढ़ाई करना एक कठिन चुनौती बन जाती है। आप जितना ध्यान किताब पर लगाना चाहें, मम्मी का म्यूजिक चार्ट आपके ध्यान को बिखेर देता है। इसके अलावा, घर में पढ़ाई करने के नुकसान और भी हैं। कोचिंग की तरह कोई कांपिटिटर मित्र नहीं होता, जिससे आप चर्चा कर सकें।

चुपचाप पढ़ाई करने से ज्ञान का प्रवाह ठहर जाता है। ऐसे में विचारों की अदला-बदली नहीं हो पाती। कोचिंग में जिन दोस्तों से छोटे-छोटे सवालों के ऑप्शन के लिए झगड़ा हो सकता था।

## न्यूज फ्लैश

### बाल दिवस समारोह का किया गया आयोजन



**समालखा:** डीएवी सेंटनरी पब्लिक स्कूल के परिसर में विवेकानंद हाउस इंचार्ज गरिमा रोहिल्ला की अध्यक्षता में बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्या भव्या शर्मा की के कर कमलों से हुआ। इस उपलक्ष्य पर अध्यापिका रश्मि ने अपने विचार प्रकट किये और अध्यापक मृगेंद्र राठी ने स्वास्थ्य पर अपने विचार प्रकट किये व विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के सुझाव दिए। विद्यार्थियों के बीच खेलों से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। नर्सरी से आठवीं के विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार की दौड़ प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अध्यापक- अध्यापिकाओं के बीच में भी दौड़ प्रतियोगिताएं हुई। अंत में प्रधानाचार्य भव्या शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और खेलों के महत्व के बारे में बताया। प्रथम द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के बीच रिफ्रेशमेंट बांटी गई। इस आयोजन में सभी अध्यापक-अध्यापिकाएं व को-ऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

### बाल मेले का हुआ आयोजन: नितिन राज



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा बाल दिवस के अवसर पर उद्यान केयर होम सेक्टर 7 कुरुक्षेत्र जीवनमय बाल आश्रम लाडवा में बाल मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीजेएम नितिन राज ने सभी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उन्हें बाल दिवस का महत्व समझाया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की गई। इस मौके पर सम्बन्धित आश्रम का स्टाफ मौजूद रहा।

### पानीपत में बेकाबू ट्रक ने छह को कुचला, पांच की मौत

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़-दिल्ली मुख्य मार्ग पर स्थित पानीपत में एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर छह लोगों को कुचल डाला। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को एक ट्रक चालक एलिवेटिड हाईवे पर विपरीत दिशा में एंट्री ली और सिवाह पुल के सामने एक बाइक पर सवार दो लोगों को कुचला। घटना के बाद चालक ने आगे मलिक पेट्रोल पम्प के सामने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। इसके बाद चालक ने तीसरा हादसा गुरुद्वारे के सामने भी ट्रक से दो लोगों को टक्कर मार दी। एक के बाद एक तीन वाहनों में टक्कर मारने की घटना में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद शव सड़क पर बिखरे पड़े रहे और मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया।

# आईजी ने घायल पुलिसकर्मी का अस्पताल में पहुंचकर जाना कुशलक्षेम

## पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को देर रात को मुठभेड़ के बाद किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन)**
**पुलिस म**हानिरीक्षक अंबाला मंडल एवं अतिरिक्त प्रभार पुलिस महानिरीक्षक करनाल मंडल सिबाश कविराज (आईपीएस) ने पानीपत पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह (आईपीएस) के साथ वीरवार 14 नवम्बर को जीटी रोड स्थित ऑर्टियोस हॉस्पिटल में पहुंचकर बदमाशों की गोली लगने से घायल करनाल की असंध सीआईए के मुख्य सिपाही ऋषि का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने यहां चिकित्सकों से मुख्य सिपाही ऋषि के स्वास्थ्य के बारे में जाना और बेहतर उपचार करने को कहा। उन्होंने मुख्य सिपाही ऋषि की बहादुरी पर उनकी पीठ थपथपाई और कहा ईलाज का पूरा खर्च पुलिस विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक सिबाश



कविराज ने कहा कि पुलिस बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। जिला करनाल के थाना मुनक में हत्या के प्रयास में दर्ज एक मुकदमे में वांछित आरोपियों की धरपकड़ को लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे थे। असंध सीआईए में तैनात मुख्य सिपाही ऋषि बुधवार की देर रात को एक बाइक सवार दो संदिग्धों का पीछा कर रहे थे। पानीपत के काबड़ी गांव के नजदीक बदमाशों ने पकड़े जाने के डर से नीजी गाड़ी से पीछा कर रहे मुख्य सिपाही ऋषि पर गोली चला दी। गोली गाड़ी के शीशे को पार कर मुख्य सिपाही ऋषि के कंधे में जा लगी। मुख्य सिपाही ऋषि ने गोली लगने के बाद भी बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। बदमाश इस दौरान चकमा देकर मुख्य सिपाही ऋषि की निजी गाड़ी छीनकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक

**उपचार**

**यहां चिकित्सकों से मुख्य सिपाही ऋषि के स्वास्थ्य के बारे में जाना और बेहतर उपचार करने को कहा**

पानीपत लोकेंद्र सिंह देर रात सूचना मिलते ही टीम सहित मौके पर पहुंचे और घायल मुख्य सिपाही ऋषि को अस्पताल में भर्ती कराया। बदमाशों की धरपकड़ के लिए पूरे जिला में नाकाबंदी की। मुख्य सिपाही ऋषि अब खतरे से बाहर है। वही करनाल की सीआईए पुलिस ने देर रात करनाल जिला के अंतर्गत पश्चिमी यमुना नहर बाईपास पर मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को काबू कर लिया है।

### विश्व मधुमेह दिवस जागरूकता भाव के साथ मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**एसडी पीजी** कॉलेज पानीपत की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विश्व मधुमेह दिवस जागरूकता भाव के साथ मनाया गया जिसमें प्राध्यापकों, एनएसएस स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने शिरकत की । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा की अगुआई में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के रक्त में ग्लूकोज की मात्र जानने हेतू निःशुल्क जांच की गई । एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ राकेश गर्ग, डॉ संतोष कुमारी, डॉ एसके वर्मा, डॉ मुकेश पुनिया आदि ने कैंप और सेमिनार में हिस्सा लिया।
विदित रहे कि वैश्विक स्तर पर 2014 में 422 मिलियन वयस्क मधुमेह से पीड़ित थे जबकि 1980 में यह संख्या 108 मिलियन थी । 1980 के बाद से मधुमेह का वैश्विक प्रसार लगभग दोगुना हो गया है और यह वयस्क आबादी में 4.7% से बढ़कर 8.5% हो गया है । यह अधिक



वजन या मोटापे जैसे संबंधित जोखिम कारकों में वृद्धि को दशार्ता है । पिछले दशक में उच्च आय वाले देशों की तुलना में निम्न और मध्यम आय वाले देशों में मधुमेह का प्रचलन भी तेजी से बढ़ा है । सभी स्वस्थ्य रहे और इस बिमारी का शिकार न बने, इसी उद्देश्य हेतू आज सेमिनार और हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया । वर्ल्ड डायबिटीज डे 2024 का थीम 'बाधाओं को तोड़ना, अंतराल को पाटना' है।

### ससुर ने की विवाहिता से छेडछाड़, एक साल पहले हुई थी शादी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के गांव बैरसाल की एक विवाहिता ने अपने ससुरालियों से लगातार प्रताडना और छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि शादी में पीड़िता के पिता ने अपनी क्षमता से ज्यादा दहेज दिया था, लेकिन शादी के कुछ ही समय बाद से उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। जिसके चलते कई बार पंचायतें भी हुई, लेकिन ससुरालियों को कोई फर्क नहीं पड़ा और प्रताड़ना जारी रही। ससुराल वालों के जुल्मों से तंग आकर विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी।

## चिल्ड्रन डे पर बाल मेले का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
बापौली स्थिति हरे कृष्णा स्कूल में हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार पानीपत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में चिल्ड्रन डे पर बाल मेले का आयोजन किया गया।
बाल मेले में स्कूल लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा कानूनी जागरूकता से संबंधित डिबेट, स्टॉल, स्किट एवं फन एंड फूड स्टॉल लगाई गई।
पानीपत डी. एल. एस. ए. अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा ने सभी बच्चों द्वारा लगाई स्टॉल एवं लीगल स्टॉल पर निरीक्षण करते हुए बच्चों से इंटरेक्शन किया।
सेशन जज ने अपने संबोधन में बाल अधिकारों, उनके संरक्षण,



बच्चों को सुरक्षित एवं हेल्थी एनवायरनमेंट प्रदान करने पर फोकस करते हुए बच्चों को बाल दिवस की शुभ कामनाएं दी।
पानीपत, 14 नवम्बर। बाल दिवस के अवसर पर सीजेएम एवं सह सचिव जिला विकास प्राधिकरण मीनू ने पोक्सो एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस पर कानूनी रूप से बच्चो को जागरूक करते हुए उनके संरक्षित सुखद भविष्य के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं 15100 मुफ्त कानूनी सहायता नंबर की जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्णा खत्री ने मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत शिक्षा विभाग की ओर से किया। विद्यालय प्रधानाचार्य सुदेश

**जागरूक किया**

**सदस्यों के साथ जिला समन्वयक कानूनी साक्षरता डा हितेश चंद शर्मा का भी धन्यवाद आभार जताया**

कुमारी ने सभी अतिथियों का विद्यालय में डीएलएसए का कार्यक्रम विद्यालय में रखने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।
स्कूल बच्चों को प्रतियोगियों में बढ़ चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए सभी स्टाफ सदस्यों के साथ जिला समन्वयक कानूनी साक्षरता डा हितेश चंद शर्मा का भी धन्यवाद आभार जताया।

### सडक किनारे मिला चौकीदार का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
करनाल। जिला के गोगड़ीपुर गांव के बस अड्डे के नजदीक सडक किनारे चौकीदार का शव संदिग्ध हालात में मिला है। चौकीदार के सिर पर गहरी चोट के निशान पाए गए। मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया। परिजनों ने जांच की मांग की है।
मृतक की पहचान गोगड़ीपुर निवासी 55 वर्षीय बलिंद्र सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक वह गांव में ही चौकीदार था और रात को ड्यूटी पर गया था। आज सुबह चौकीदार का शव अड्डे के नजदीक सडक किनारे लहूलुहान अवस्था में मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गांव के सरपंच व परिजन राजबीर ने बताया कि जब चौकीदार को चेक किया गया तो वह मृत था। उसके सिर पर गहरी चोट के निशान पाए गए हैं। चौकीदार को किसी वाहन ने टक्कर मारी है या फिर किसी ने हत्या की हैं, उसका पता नहीं हैं, लेकिन मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। राजबीर ने बताया कि कुछ साल पहले बलिन्द्र की पत्नी की भी मौत हो गई थी। चौकीदार का एक ही बेटा हैं। पहले मां की मौत हो गई थी और आज पिता भी इस दुनिया से चले गए। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जांच अधिकारी लछमन सिंह ने बताया कि चौकीदार का शव बरामद हुआ है।

## नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम: जिन्दल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल ने कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए भेजे अपने संदेश में कहा कि नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं को प्राप्त करने के लिए तमाम तरह की औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद की जाती है। लोगों को अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में शिरकत कर लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन नवीन संकल्प शिविरों का मुख्य उद्धेश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों की समस्याओं का समाधान करना और स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने का संदेश देना है। इन शिविरों के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल युनिट की टीम परामर्श, दवाईयां और टेस्ट के इलावा स्वस्थ रहने के लिए खान-पान संबंधित आदतों के बारे में भी जागरूक करने का काम करती है। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में काफी समय से



नवीन संकल्प शिविर लगाये जा रहे हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इन शिविरों में सरकारी योजनाओं से संबंधित कागजों को दुरूस्त करने का कार्य निःशुल्क किया जाता है। जिला प्रशासन के संबंधित कर्मचारी, पंचायत सदस्य, स्थानीय लोग, नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम के सदस्य और मोबाइल मेडिकल युनिट टीम द्वारा ग्रामीणों की कागजात संबंधित आम समस्याओं व स्वास्थ्य संबन्धी समस्याओं का मिलकर समाधान किया जाता है। इन नवीन संकल्प शिविरों की पूरी रिर्पोटिंग, सांसद नवीन जिन्दल और शालू जिन्दल द्वारा नियमित रूप से ली जाती है और आवश्यक दिशानिर्देश नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम को दिये जाते हैं।
नवीन संकल्प शिविरों की इस कड़ी में आज थानेसर हल्का के भिवानीखेड़ा और बिशनगढ़ में शिविर आयोजित किया गया। इसके बारे विस्तृत जानकारी देते हुए सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से नवीन संकल्प शिविरों में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। दोनों गांव में 60 लोगों के कागजों में पाई त्रुटियों को दूर किया गया।

## पांच दिवसीय निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**महानिदेशक** आयुष हरियाणा पंचकूला के दिशा निर्देशानुसार एवं हरियाणा योग आयोग के तत्वाधान में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ संजय राजपाल के नेतृत्व में आयुष विंग सिविल अस्पताल पानीपत में 14 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय मधुमेह दिवस एवं पांच दिवसीय निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयुष विभाग पानीपत में किया गया।इस निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर में मरीजों को प्राकृतिक चिकित्सा की



जानकारी एवं उपचार की विधि दिखाई गई। शिविर का शुभारंभ जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ संजय राजपाल एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ सुनील मल्होत्रा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर सुनील मल्होत्रा द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक चिकित्सा किसी विशेष रोग का उपचार नहीं है प्राकृतिक चिकित्सा एक पूरक चिकित्सा होती है।

### रहस्यमय परिस्थितियों में युवती लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के एक गांव से संदिग्ध हालातों में 18 वर्षीय युवती लापता हो गई। युवती करनाल के एक सैलून सेंटर पर काम करती थी। वह रोज की तरह 12 नवंबर को घर से काम पर जाने के लिए निकली, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। युवती के परिजनों ने सैलून पर पूछताछ की तो पता चला कि युवती सैलून पर पहुंची ही नहीं। परिजनों ने एक युवक पर शक जताया है। युवती की मां ने राजस्थान के एक युवक पर शक जताया है। युवक गांव में ही रहता था। पुलिस को दी शिकायत में मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी उससे बात करती थी।

## प्रदेश सरकार नॉन स्टॉप कर रही है विकास कार्य: सुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/बाबैन :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नॉन स्टॉप विकास कार्य कर रही है।
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी वीरवार को बाबैन खंड के गांव फालसंडा रांगडान, संघौर, फालसंडा जाटान, सिम्बलवाल,धनानी, हमीदपुर, भगवानपुर, रामपुरा और मरचेहडी गांव में आयोजित धन्यवाद समारोह में ग्रामीणवासियों को



सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि आप सबके आशीर्वाद से प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है, जितने भी विकास कार्य चल रहे है उन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।
उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को हैप्पी कार्ड योजना का भी काफी लाभ मिल रहा है, जिसमें पात्र व्यक्ति को हरियाणा रोडवेज की बसों में सालाना 1 हजार किलोमीटर तक मुफ्त सफर की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि अब आम आदमी के परिवारों के बच्चों को बिना खर्ची बिना पर्ची रोजगार मिल रहा है। विधानसभा चुनावों में आपका ऐतिहासिक और निर्णायक जनादेश मिला है, यह जनादेश सरकार की मौजूदा नीतियों में अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने ग्रामीण वासियों को कहा कि भाजपा पार्टी ऐसी पार्टी है जिसमें हर व्यक्ति का पूरा मान सम्मान किया जाता है। उन्होंने धन्यवादी सभाओं में हाथ जोडकर लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लाडवा हल्का के लोगों ने प्रदेश को मुख्यमंत्री देकर जो विश्वास व्यक्त किया है उस विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस हल्के के लोगों की एक-एक समस्या का समाधान करेंगे और आमजन से सुझाव लेने के बाद हल्का का चहुंमुखी विकास करेंगे।

## मेडिकल साइंस एंड रिसर्ज सेंटर में किया देहदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** प्रदेश के जिला पानीपत के ब्लॉक कबाड़ी के विकास नगर निवासी पालेराम की धर्मपत्नी रामप्यारी (75) बुधवार को सचखंड जा विराजी उनके मरणोपरांत परिवार की ओर से उनकी आखिरी इच्छानुसार उनके मृत शरीर को उनके निवास स्थान से मेडिकल रिसर्च हेतु शामली के अजय सगंल इंस्टीयूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्ज सेंटर में दान किया गया। इस मौके पर सचखंडवासी को श्रद्धांजलि देने के लिए ब्लॉक कबाड़ी के साथ पानीपत जिले से शाह सतनाम जी फोर्स व ब्लॉक के कमेटी सदस्य सहित उनके रिश्तेदार सगे संबंधी



व परिवारिक सदस्य माता के निवास स्थान पहुंचे और सचखंडवासी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। वहीं सचखंडवासी रामप्यारी इन्सां के निधन पर वार्ड के पूर्व पार्षद अंजली शर्मा और जनसेवा दल ओर डेरा सच्चा सौदा की कमेटी ने भी शोक प्रकट किया है और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। बता दें कि रामप्यारी इन्सां का परिवार करीब 40 सालों से डेरा सच्चा सौदा से जुड़ा हुआ है और लंबे समय से उनके पति पाले राम दरबार की सेवा कर रहे है ।
जानकारी मुताबिक रामप्यारी इन्सां पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थी और बुधवार को अपने घर पर ही

**नमन**

**पूर्व पार्षद अंजली शर्मा और जनसेवा दल ओर डेरा सच्चा सौदा की कमेटी ने भी शोक प्रकट किया है**

अंतिम सांस ली।पार्थिव देह को रिसर्ज सेंटर भेजने से पहले आंखों का दान भी करवाया गया जिससे दो अंधेरी जिंदगी को रोशनी देने का काम करेगी। गुरुवार को पार्थिव देह को पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पवित्र शिक्षाओं पर चलते हुए मेडिकल रिसर्च हेतु अजय सगंल इंस्टीयूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्ज सेंटर में दान किया गया। इससे पूर्व सचखंडवासी के आवास पर अरदास का शब्द बोलकर फूलों से सजी एंबुलेंस में मृत शरीर को रखा गया और कॉलोनी की गलियों से मुख्य मार्ग तक उनकी अंतिम विदाई यात्रा निकाली गई।
जहां से भी एंबुलेंस निकली लोगों ने पुष्प वर्षा कर रामप्यारी इन्सां को नमन किया। इस दौरान शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर संगठन के सदस्यों व साध संगत ने शरीरदानी राजपति इन्सां अमर रहे व जब तक सूरज चांद रहेगा, शरीरदानी रामप्यारी इन्सां तेरा नाम रहेगा, के गगनभेदी नारों से आसमान गुंजायमान किया।

## बाल दिवस पर अपोलो स्कूल में किया गया खेलों का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा: बाल** दिवस के अवसर पर अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, पट्टी कल्याणा में विद्यार्थियों के लिए खेलों के साथ एक विशेष सभा का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए हिंदी विभाग से प्रीति शर्मा द्वारा बाल मन से संबंधित कविता का सुंदर उच्चारण किया गया । इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक अध्यापिकाओं द्वारा एक हृदय स्पर्शी नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें विद्यार्थियों को अपने बड़ों का आदर , सम्मान और प्रतिष्ठा के लिए संकल्प वान रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर



विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका टंडन ने विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि बचपन में सिखा हुआ ज्ञान बच्चा अपनी पूरी उम्र तक याद रखता है विद्यालय समाज और देश का नाम रोशन करने के लिए हमेशा तत्पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बाल दिवस देश के निर्माण में बच्चों के महत्व को बताता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की मार्गदर्शिका रजनी शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे किसी भी देश की अनमोल धरोहर होते हैं इसलिए उन्हें उचित देखरेख और प्यार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम बच्चों की जितनी उचित देखभाल करेंगे उतना ही हमारा राष्ट्र संस्कारवान और बेहतर बनेगा।

## न्यूज फ्लैश

### ढोल स्कूल में मनाया गया श्री गुरु नानक देव जी का 555वां प्रकाश उत्सव




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : आज जगदीश चंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढोल में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव व बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती रूमा देवी ने शिरकत की। विद्यालय प्राचार्या श्रीमति सीमा आर्य ने उनका स्वागत किया। बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में मंच संचालन संस्कृत अध्यापक श्री देवी दयाल शास्त्री जी ने किया। पंजाबी अध्यापक बलजीत सिंह ने श्री गुरु नानक देव जी के जीवन एवं रचनाओं को वर्तमान प्रसंग में प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को उनकी शिक्षाओं को ग्रहण करते हुए अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय में हुए इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों व साइंस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्राचार्य श्रीमति सीमा आर्य व ग्राम सरपंच श्रीमति रूमा देवी द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय में इस अवसर पर गुरु के लंगर का विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल में नेहरू के जन्म दिवस को अनोखे तरीके से मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक के प्रांगण में बाल दिवस मेला लगाया गया। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को विधालय में अनोखे तरीके से मनाया। बच्चों के लि फ्री बैग डे घोषित किया गया था। उप प्राचार्य मंजुला शर्मा के नेतृत्व में 6-8,9-12, प्री-प्रायमरी व प्राईमरी वर्ग में 100 मीटर दौडें नींबू चम्मच दौड़, तीन टंगी दौड़, बोरी रेस व स्लो साइक्लिंग रेस आदि विभिन्न फनी प्रतियोगिताएं करवाई गई। विधालय की सभी अध्यापिकाओं ने भी म्यूजिक चेयर की फनी गेम में भाग लिया। राठोर ने आगे बताया कि अन्त में, वाणिज्य संकाय के बच्चों ने पानी पुरी, चाट पापड़ी, बर्गर, सैंडविच, चाऊमीन,पाव भांजी व अन्य स्नैक्स के स्टाल लगाए। बच्चों, स्टाफ सदस्यों व अध्यापिकाओं ने बाल दिवस मेले का भरपूर आनंद लिया।

# सड़कों के निर्माण कार्य पर खर्च किया जा रहा 11 करोड़ का बजटः सुभाष सुधा

## सडकों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, पूर्व राज्यमंत्री ने सैक्टर 7 पर लोगों की समस्याएं सुनीं

**विकास कार्य**

**इस बजट को चुनावों से पहले जारी कर दिया गया था। इन सडकों का निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरूक्षेत्र** : पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर के सैक्टरों की 5 मुख्य सडकों के निर्माण कार्य पर प्रदेश सरकार की तरफ से करीब 11 करोड़ रूपए का बजट खर्च किया जा रहा है। इस बजट को चुनावों से पहले जारी कर दिया गया था। अब इन सडकों का निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इन सडकों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। पूर्व राज्यमंत्री ने सैक्टर 7 पर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लगने से पहले प्रदेश सरकार की तरफ से 5 सडकों के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों के लिए बजट जारी कर दिया था और कई सडकों पर निर्माण कार्य शुरू भी कर दिया था। सरकार ने केडीबी रोड़, सर्किट हाउस चौक से जेसीआई चौक तक सडक का शेष कार्य करवाने के लिए 58 लाख 19 हजार रूपए का बजट जारी किया था और इस कार्य के लिए एंजेसी को टैंडर भी जारी कर दिया है। सरकार ने आयुर्वेदिक चौक से सर्किट हाउस चौक तक सडक का निर्माण कार्य करने के लिए पहले ही 59 लाख 73 हजार की राशि जारी कर दी थी। उन्होंने कहा कि इस सडक को डबल करने का कार्य तेज गति के साथ चल रहा है। इस सडक की हालत काफी खसता था लेकिन अब इस सडक का नवीनीकरण करने के साथ-साथ सौन्दर्यकरण का कार्य भी किया जाएगा। इस सडक का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाएगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सैक्टर 3, 4 डिवाईडिंग रोड, सैक्टर 4 टुर्वडस आयुर्वेदिक कालेज से सुंदरपुर चौक वाया सैक्टर 4, सैक्टर 8 सामुदायिक केन्द्र और विजिडम वर्ड स्कूल, प्राईमरी व सैकेंडरी विंग के सामने से सडक निर्माण कार्य के प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे दी थी और इस सडक का निर्माण कार्य करने के लिए 2 करोड 60 लाख 78 हजार रूपए की राशि का बजट भी जारी कर दिया था।
पूर्व मंत्री ने कहा कि इस सडक का निर्माण कार्य भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इससे राहगीरों की राह सहज हो जाएगी। इसके साथ ही सरकार ने पुडरी रोड मकान नम्बर 1 से 30 से लेकर पावर ग्रीड कालोनी तक सडक का निर्माण और सौन्दर्यकरण करने का टैंडर एंजेसी को जारी कर दिया था और इसके लिए 2 करोड 80 लाख 65 हजार रूपए का बजट नगर परिषद के पास चुनावों से पहले भेज दिया था। अब इस सडक का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है और जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।
उन्होंने कहा कि एयरफोर्स चौक से लेकर केडीबी रोड़ तक सैक्टर 4 व 8 की डिवाईडिंग रोड के सडक निर्माण कार्य को लगभग पूरा कर लिया गया है। इस सडक के निर्माण कार्य पर 4 करोड़ 43 लाख 84 हजार रूपए का बजट खर्च होगा।
लोटस ग्रीन सिटी के सामने सडक को डबल करने पर खर्च होगा।

### मेपल बियर कैनेडियन स्कूल ओमेक्स सिटी में बाल दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती पर आज मेपल बियर कैनेडियन स्कूल ओमेक्स सिटी सोनीपत में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध प्रतियोगिताएं, चित्रकला एवं खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान स्कूल के संचालक सुरेंद्र मदान बच्चों के बीच स्वयं उपलब्ध रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भारत में बाल दिवस की शुरूआत पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन पर हुई, जिन्हें बच्चे ह्यचाचा नेहरूह्व के नाम से जानते थे। पंडित नेहरू को बच्चों से गहरा लगाव था। स्कूल संचालक सुरेंद्र मदान ने आगे कहा कि बाल दिवस खासतौर से बच्चों के लिए होता है, जिसमें उनकी खुशियों, उनके अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए जागरूकता फैलाई जाती है। उन्होंने बच्चों को विशेष तौर पर संबोधित करते हुए कहा कि वे देश का भविष्य है और उन्हें पूरी लगन के साथ पढ़ना चाहिए ताकि भारत का भविष्य उज्जवल रहे। उन्होंने स्कूल के शिक्षकों को भी कहा कि वे भी पूरी ईमानदारी के साथ बच्चों को पढ़ा कर अपने दायित्व का निर्वहन करें।

### डेंगू को लेकर शहरों में की जा रही है फॉगिंग



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** शहरो और गाँवों में तेजी से बढ़ रहा है डेंगू का कहर लोग हो जाए सावधान और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें । खून पी रहे मच्छरो से लोग काफी परेशान हैं डेंगू , मलेरिया जैसी बीमारियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं डेंगू की चपेट में अम्बाला के कई लोग सिवल हॉस्पिटल से अपना इलाज करवा रहे हैं डाक्टरों की सलाह है की खान पान में प्रहेज रखें अपने घरों में मच्छर मारने की दवाई का छिड़काव करें । डेंगू की बीमारी को बड़ते देख अंबाला नगर निगम के कर्मचारियों ने सेक्टर 10 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व अन्य इलाकों में साफ सफाई व मच्छर मारने के लिए फॉगिंग की । जिससे की आसपास के लोगों को डेंगू से राहत मिल सके ।

### बच्चों की प्रतिभा में नजर आई देश के उज्जवल भविष्य की चमकः पार्थ गुप्ता

**कला**

**बाल दिवस पर हजारों बच्चों ने अलग-अलग विधाओं में अपनी अनोखी प्रतिभा दिखाने का काम किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**: उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि बाल दिवस पर हजारों बच्चों ने अलग-अलग विधाओं में अपनी अनोखी प्रतिभा दिखाने का काम किया। इन बच्चों की प्रतिभा में देश के उज्जवल भविष्य की चमक को साफ देखा गया। इन विद्यार्थियों को लगातार मेहनत और ईमानदारी के साथ शिक्षा और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में आगे बढना चाहिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता जिला बाल कल्याण परिषद् की तरफ से बाल दिवस पर पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त पार्थ गुप्ता, अतिरिक्त उपायुक्त सचिन गुप्ता, नगराधीश पूजा कुमारी, जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने दीप प्रज्जवलित करके जिला स्तरीय बाल दिवस कार्यक्रम का विविधिवत रूप से शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम मे उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले 55 स्कूलों के 680 विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।
अहम पहलू यह है कि इन प्रतियोगिताओं में 3200 विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने कहा कि दूसरे ग्रूप में ऑन दी स्पोर्ट स्कैचिंग प्रतियोगिता में मंजोत सिंह प्रथम, तृतीय ग्रूप में अरूणा यादव प्रथम, चौथे ग्रूप में राघव प्रथम, क्ले माडलिंग के पहले ग्रूप में कानव प्रथम, दूसरे ग्रूप में वीरजीत सिंह प्रथम, सोलो डांस प्रतियोगिता में ग्रूप गुरसिरात कौर प्रथम, द्वितीय ग्रूप में अन्नया, तीसरे ग्रूप में अंशिका प्रथम, चौथे ग्रूप एंजल ने प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि सोलो सोंग प्रतियोगिता के द्वितीय ग्रूप में पुलकित प्रथम, तीसरे ग्रूप में तथागत प्रथम, चौथे ग्रूप में कबीर भोला तथा पोस्टर मेंकिंग के द्वितीय ग्रुप में वृद्धि जैन प्रथम तथा तृतीय ग्रुप में युवराज प्रथम, चौथे ग्रुप में हरनीत कौर प्रथम, कार्ड मेंकिंग के प्रथम ग्रुप में आरोही प्रथम, दिया कैन्डल मेंकिंग सजावट प्रतियोगिता में लक्ष्य आनन्द, द्वितीय ग्रुप में प्रथम स्थान पर किया।

## बाल दिवस कार्यक्रम 'आटे बाटे दही चटाके' आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/इस्माईलाबाद** : सोशल ऑगेर्नाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह,कुरुक्षेत्र की शैक्षणिक ईकाई सफलता मंत्र के तत्वावधान में गुरुवार को गांव चम्मूं कलां के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीरा गौतम ने बताया कि समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में बाल दिवस की उपयोगिता पर व्याख्यान



दिया गया। विद्यालय के मुख्याध्यापक करमजीत सिंह ने स्टाफ सहित समूह संरक्षक जितेंद्र बंसल,ग्राम सरपंच डी.सी मरवाह,शिक्षक सतनाम सिंह,शिक्षिका रजनी शर्मा और ऊषा बत्रा का स्वागत किया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में मनोरंजक कार्यक्रम

**प्रतियोगिता**

**गुरुवार को गांव चम्मूं कलां के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस आयोजित किया गया**

"आटे बाटे दही चटाके" के अतर्गत बच्चों की खेल प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की समूह की ओर से पुरस्कृत किया गया। बाल दिवस मनाने का उद्देश्य बताते हुए मुख्य वक्ता जितेंद्र बंसल ने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की बच्चों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए उनके जन्मदिवस 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन शिक्षा, पोषण और सुरक्षात्मक वातावरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमें सुरक्षित,स्वस्थ बचपन सुनिश्चित करने की आवश्यकता की याद दिलाता है।

## कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी में रंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** कल्पना चावला राजकीय महिला बहुतकनीकी, अम्बाला शहर में रंगोत्सव कार्यक्रम एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ लाभ सिंह नैन ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए किया और कार्यक्रम के मुख्यातिथि भूपेंद्र सिंह सांगवान, प्रिंसिपल, राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान, अम्बाला शहर रहे।
कार्यक्रम के सोलो डांस में रिया, सोलो सॉन्ग में काजल, ग्रुप सॉन्ग में पूजा एंड ग्रुप और ग्रुप डांस में साहिबा एंड ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त



किया। पेंटिंग में गगनप्रीत, स्टोरी राइटिंग में पलक, भाषण में दिया एवं पोएट्री में खुशी में प्रथम स्थान हासिल किया। अंत में रंगोत्सव कार्यक्रम के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्यातिथि श्री भूपेंद्र सिंह सांगवान और प्रिंसिपल डॉ लाभ सिंह नैन ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्य डॉ अश्विनी भारद्वाज, सरला, सुरेश खेड़ा, बाबू राम, कृष्णा, पूनम जैन आदि स्टाफ सदस्य रंगोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोगी रहे।

### अवैध स्मैक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** शहर के रिवासा फ्लाईओवर के समीप हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट रेवाड़ी की टीम ने एक युवक स्मैक के साथ गिरफ्तार ॉ किया है। आरोपित की पहचान शहर की आदर्श कॉलोनी निवासी सरोज कुमार उर्फ कन्नू के रूप में हुई है। 13 नवंबर की शाम को हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो रेवाडी यूनिट की टीम गांव सिसोठ के समीप नशीला पदार्थ रोकथाम के लिए गश्त पर थी।टीम को सूचना मिली कि शहर की आदर्श कॉलोनी निवासी सरोज कुमार उर्फ कन्नू नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का काम करता है।

## यूनियनों ने मुख्यमंत्री के सलाहकार को सौंपा मांग पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** हरियाणा अनुसूचित जाति वर्ग की कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती से मुलाकात की। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के राज्य महासचिव विनोद मोहड़ी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता संयुक्त रूप से हजरस के राज्य प्रधान डॉ दिनेश निम्बड़िया व सिविल सचिवालय से सत्यवान सरोहा ने की। राज्य महासचिव ने बताया कि उन्होंने मुख्य मांगों में प्रथम व द्वितीय श्रेणी की पदोन्नति में आरक्षण प्रदान करने, 15 /5/ 2015 की पॉलिसी के अनुसार



तृतीय श्रेणी की पदोन्नति में आरक्षण का पत्र जारी करने, तुरंत प्रभाव से बैकलॉग भरने, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवम् राजकीय विद्यालयों के छात्रों की छात्रवृतियां समय पर उनके खातों में डालने, एचपीएससी एवं एचएसएससी में 5 प्रतिशत की छूट प्रत्येक स्तर पर प्रदान करने जैसी अनेक मांगों पर विचार विमर्श किया गया।
मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती जी से लगभग दो घंटे चली सौहार्दपूर्ण बैठक में चर्चा के बाद मुख्यमंत्री के सलाहकार ने उपस्थित अनुसूचित जाति के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात करवाने का भरोसा दिलाया व इन सभी मांगों का जल्द से जल्द समाधान करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा इन सभी मामलों में आने वाली अड़चनों को जल्द ही दूर कर लिया जाएगा चाहे वह मामले न्यायालय के द्वारा सुलझाए जाने वाले हो या आधिकारिक स्तर पर।

**मांग**

**अनुसूचित जाति वर्ग की कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम के राजनीतिक सलाहकार से मुलाकात की**

## मुरलीधर डीएवी स्कूल में गुरुपूर्व व बाल दिवस का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव और बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पूरे उल्लास के साथ भाग लिया। यह विशेष अवसर न केवल विद्यालय में धर्म और संस्कृति का संगम लेकर आया बल्कि बच्चों में एकता, प्रेम और सेवा का भाव भी जागृत किया।
कार्यक्रम का शुभारंभ गुरबाणी के मधुर भजनों और शब्द गायन से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने भावपूर्ण तरीके से गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत कविताओं



और साखियों ने उनकी जीवन गाथा को जीवंत कर दिया। आनंद साहिब के पाठ के उपरांत श्री सरदार कुलदीप सिंह जी ने भक्तिभाव से अरदास की, जिससे समस्त वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात विद्यालय द्वारा वैदिक परंपराओं का पालन करते हुए, सरदार कुलदीप सिंह जी को ओम पट और ओम चित्र से सम्मानित किया गया। श्री सुरेश कॉल जी ने उन्हें सिरोपा भेंट किया, जिससे गुरु नानक देव जी के प्रति सम्मान व्यक्त हुआ।
कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया गतका प्रदर्शन था। लगभग 20 विद्यार्थियों ने लगभग आधा घंटे तक इस परंपरागत शौर्य और वीरता से भरपूर युद्ध कला का प्रदर्शन किया।

**सेवा भाव**

**विद्यालय में धर्म और संस्कृति का संगम लेकर आया बल्कि बच्चों में एकता, प्रेम और सेवा का भाव भी जागृत किया।**

गतका का यह अद्भुत प्रदर्शन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया। विद्यार्थियों के शौर्य, साहस और उनकी गतिमान कला ने सभी को प्रेरित किया और दर्शकों ने तालियों की गूंज के साथ उनका अभिवादन किया।
कार्यक्रम के अंत में एक भव्य लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों और स्टाफ ने प्रसाद ग्रहण किया। लंगर की व्यवस्था में विद्यालय की पूर्व शिक्षिका, स्वर्गीय संगीता आनंद के सुपुत्र सक्षम आनंद ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर पूरन अरोड़ा, कृष्ण लाल यादव, मनदीप कौर, अपिंदर कौर, हरजीत कौर, जगतार सिंह और अन्य सभी स्टाफ सदस्यों ने अपनी सेवा देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। उपेंद्र कौर ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया, और उनकी सेवा भावना तथा समर्पण का दृश्य सभी को प्रेरित करने वाला था।
**बाल दिवस का उल्लास**
बाल दिवस पर छोटे बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कक्षा तीन से कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों के लिए केक काटा गया और पुष्पवर्षा द्वारा उनका अभिनंदन किया गया।

## एसवीएस बाल भारती स्कूल में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

**श्रद्धांजलि**

**छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया**




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** श्री विद्यासागर बाल भारती पब्लिक स्कूल में विद्यालय संस्थापक स्वर्गीय बलदेव राज शास्त्री की पुण्यतिथि पर एक भावभीनी श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों, शिक्षकों ने श्री बलदेव राज शास्त्री जी को याद किया और उनके योगदान को सलाम किया। इसके बाद बाल दिवस के अवसर पर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल प्रबंधन ने छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया।
इस अवसर पर डायरेक्टर मनीष शर्मा उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हैं।"

# 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक होगा गीता जयंती महोत्सव का आयोजन: नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 28 नवंबर से 15 दिसंबर 2024 तक कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के तहत 5 से 11 दिसंबर 2024 तक मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास व भव्यता के साथ मनाने का काम करना है। उपायुक्त अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ केडीबी, अंतर्राष्ट्रीय मेला




अथरिटी सदस्यों व अन्य के साथ एक बैठक ले रही थी। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट, केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल, सीईओ केडीबी पंकज सेतिया विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के तहत 18 दिन विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्यक्रम होंगे। हमें सभी कार्यक्रमों का बेहतर समन्वय बनाकर सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। उन्होंने कहा कि शिल्प मेला व सरस मेले के तहत अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आगाज होगा। उन्होंने यह भी

**रोडमैप**

**▶▶ अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के तहत 5 से 11 दिसंबर 2024 तक मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।**

बताया कि 5 से 11 दिसंबर 2024 तक मुख्य कार्यक्रम होंगे, जिनमें गीता यज्ञ, गीता पाठ, श्रीमद भगवद कथा, अंतर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी, महाआरती, भजन संध्या, संत सम्मेलन, अखिल भारतीय देव संस्थानम सम्मेलन, वैश्विक गीता पाठ, पुरुषोत्तमपुरा बाग के नजदीक पैवेलियन, शैक्षणिक प्रतियोगिताएं, हरियाणा कला परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन, दीपोत्सव, गीता रन के साथ-साथ अन्य कार्यक्रम शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्द्रीय गीता जयंती महोत्सव के द्दष्टिद्दगत जिन विभागों को जो जिम्मेवारी दी जाएगी वह अपनी जिम्मेवारी को निभाते हुए सभी कार्य समय रहते करना सुनिश्चित करेंगे। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह स्थल के साथ-साथ मुख्य स्थानों पर सडकों के पेच वर्क, डिवाईडरों पर पेंट, सडक पर सफेद पट्टद्दी या अन्य जो कार्य है वह सभी होने सुनिश्चित होने चाहिए। उन्होंने

# नशीला पदार्थ रखने के दो गिरफ्तार, 3 किलो 200 ग्राम अफीम बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस कुरुक्षेत्र ने नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियो को किया गिरफ्तार। एन्टी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप मे मोहम्मद शुबहान वा आकाशदीप वासियान अमरगढ जिला मलेरकोटला पंजाब को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 13.11.2024 को स0उ0नि0 सुशील कुमार, मु.सि. बलदेव सिंह, नसीब सिंह, सिपाही संजीव कुमार, एसपीओ सुरेन्द्र, चालक मु0सि0 प्रवीन कुमार अपराध की तलाश में शाहा पुल एनएच-44 शाहबाद के नीचे मौजूद थे। पुलिस को गुप्त सुचना मिली की मोहम्मद शुबहान व




आकाशदीप वासियान अमरगढ जिला मलेरकोटला पंजाब अपने ट्रक न. पीबी-13-बीए-0117 पंजाब से माल लोढ करके बिहार, झारखण्ड व कलकत्ता जाते है, और वापिस आते समय भारी मात्रा मे अफीम लेकर पंजाब जाते है । अगर शाहा पुल से पहले शाहबाद एनएच-44 पर नाकाबन्दी करके उपरोक्त ट्रक की तलाशी ली जाए तो उनके कब्जे से भारी मात्रा मे अफीम बरामद हो सकती है। जिस सुचना के आधार पर निर्मल कुमार उप-पुलिस अधिक्षक शाहबाद को मौके पर बुलाया गया। कुछ देर बाद पुलिस ने एक ट्रक को सामने की तरफ से आते हुआ दिखाई दिया।

## न्यूज फ्लैश

### बाल दिवस पर बाल महोत्सव में जिला स्तर पर जीतने बच्चे हुए सम्मानित



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** जिला स्तर पर बाल महोत्सव के विजेता बच्चो को स्थानीय बाल भवन में जिला बाल कल्याण परिषद की तरफ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के बड़े भाई सुप्रसिद्ध समाजसेवी हरपाल ढांडा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने की। हरपाल ढांडा ने इस अवसर पर बच्चो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे शिक्षा के साथ साथ अपने अंदर छिपी प्रतिभा को सामने ला रहे। ढांडा ने कहा कि मंच तक आना ही बच्चो को उनके जीवन मे आगे बढ? के लिए हौसला देता है। ढांडा ने कहा कि उन्हें खुशी है उनके गृह जिले से सैकड़ों बच्चे अबकी बार पोजिशन लेकर आये। हरपाल ढांडा ने कहा बच्चो पढ़ो लिखो सरकार बिन खर्ची बिन पर्ची नोकरी देगी। वहीं जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने कहा उन्हें खुशी है पिछले वर्षों के मुकाबले पानीपत के बच्चो ने बेहतरीन प्रदर्शन कर ज्यादा संख्या में पोजिशन हासिल की।
रितु राठी ने बच्चो को सम्मानित करते हुए उनके उज्ववल भविष्य की शुभकामनाये दी ओर स्थान न हासिल करने वाले बच्चो को कहा कि हार जीत मायने नही रखता,मंच पर आना जीवन की प्रेणना देता है। वहीं इस मौके पर बाल महोत्सव में निर्णायक मंडल सम्मानित किया गया, लक्ष्मी कौशिक, रजनी बैनीवाल, ज्योति शर्मा, ज्योति डागर, बोधराज श्योराण, सुनील जागलान, गिरीश मानव, राजीव, नेहा बंसल, मिंटू भारद्वाज दीपक भारद्वाज, सुनील मंडल, राहुल चरनालिया, दयाला सिंह, राजेश पंचाल, किरण बाबरा संम्मानित हुए।

### महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार गंभीर: सोनिया अग्रवाल



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने गुरूवार को जिला सचिवालय सभागार में पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को लेकर दोनों पक्षों के साथ मामलों की सुनवाई की व समाधान का प्रयास किया। कई मामलों में दूसरे पक्षों की गैर हाजिरी के कारण मामलों को पैंडिंग रखा गया। आयोग के समक्ष जिले की 9 महिलाओं के मामले सामने आए जिनमें कुछ परिवारिक स्तर के थे। इनमें 4 की मौके पर सुनवाई कर डिस्पोज किया गया व 1 के खिलाफ मामले अनुसार एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए व शेष बचे 4 को आयोग के विचारधीन के लिए छोड़ दिया गया।
महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई है। जिनका वर्तमान में महिलाओं को बड़े स्तर पर लाभ मिल रहा है। महिला सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर है। महिलाओं की हिफाजत को लेकर महिला थानों का निर्माण किया गया है। जिनमें महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई की जाती है व समाधान का प्रयास किया जाता है। सरकार द्वारा टोल फ्री नम्बर भी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जारी किए गए है। जिनके जरिये भी महिलाओं की समस्याओं पर अमल होता है।
महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन ने कहा कि वे प्रदेश भर में आयोग में मिलने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर जिले भर में महिलाएं की समस्याएं सुनती है व उनके समाधान का हर संभव प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि आयोग का उददेश्य महिलाओं को न्याय दिलाना व एक परिवार को जोडना मुख्य उददेश्य है।

# तू किरपा कर बाबा,कीर्तन करवाऊंगा...

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.),कुरुक्षेत्र द्वारा खाटू धाम मंदिर में बुधवार रात्रि भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया कि द्वादश के उपलक्ष्य में हुए इस संकीर्तन में समिति सदस्यों,यजमानों और सहयोगियों ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की



खुशबू से वातावरण महक उठा। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में दो गायकों क्रमशः कैथल से बहादुर सैनी और सोनीपत से नितिन नारंग ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें तू किरपा कर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा..., दरबार अनोखा, सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी..., देर न करों न करों इंतजार श्याम जी के चरणों से कर ले तू प्यार..., शायद मेरे बाबा को ख्याल हमारा आया है इसलिए बाबा ने हमें कीर्तन में बुलाया है... और जिसकी चौखट पे झुकता ये संसार है उस चौखट के हम सेवादार हैं... इत्यादि भजन सराहे गए। देर रात्रि तक चले भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सभी तन- मन- धन से सहयोग करें। संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की।

**भजन**

**▶▶ नितिन नारंग ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें तू किरपा कर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा...**

# आईएमटी बनने के बाद महेंद्रगढ़ को लगेगे विकास के पंख: कंवर सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** विधायक कंवर सिंह यादव ने वीरवार को विधानसभा सत्र के दूसरे दिन महेंद्रगढ़ हल्के की प्रमुख मागों को विधानसभा स्पीकर के सामने रखा। कंवर सिंह यादव ने कहा कि गांव खुड़ाना में वर्ष 2019 में पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से आईएमटी का शिलान्यास किया था। लेकिन अभी तक धरातल पर किसी प्रकार का कोई कार्य शुरू नहीं हो पाया है। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि आईएमटी के लिए अधिकाशं किसानों ने अपनी जमीन पोर्टल पर चढ़ा दी है। केवल कुछ किसानों की जमीन पोर्टल पर नहीं चढ़ पाई है। सरकार को किसानों को उचित मुआवजा देकर जल्द से जल्द आईएमटी का कार्य शुरू करना चाहिए। महेंद्रगढ़ में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित होने के बाद यहां के लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

**प्रमुख मांग**

**▶▶ विधायक कंवर सिंह यादव ने विधानसभा सत्र के दूसरे दिन क्षेत्र की मांगों को किया बूलध**

# तीन बसों के कैमरे और फायर का चालान किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सुरक्षा वाहन पॉलिसी को लेकर हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग के सदस्यों अनिल लाठर एवं श्याम शुक्ला ने वीरवार को डॉ. एम. के. के. मॉडल टाउन पानीपत, बाल विकास स्कूल मॉडल टाउन पानीपत, सेंट मैरी सौन्धापुर रोड पानीपत का निरीक्षण किया। डॉ. एम. के. के. स्कूल मॉडल टाउन, पानीपत की सभी बसें सुरक्षा वाहन पॉलिसी के तहत ठीक पाई गई। बाल विकास स्कूल मॉडल टाउन पानीपत की तीन बसों के कैमरे और फायर का चालान किया गया है।

# बीमारियों से निजात दिलाने के लिए सरपंच ने में फॉगिंग करवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** बदलते मौसम के कारण तरह-तरह की बीमारियां बहुत बढ़ रही है जिसके चलते गांव कैंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी ने ग्राम वासियों को बीमारियों से निजात दिलाने हेतु गांव में फागिंग मशीन से कीटनाशक दवाई का छिड़काव करवाया। फोगिंग मशीन चलाने वाले ने गांव की प्रत्येक गली एवं नालियों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया। सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने बताया कि गांव में बदलते मौसम के चलते डेंगू व अन्य बिमारियों



का प्रकोप बहुत फैल रहा है इसके प्रति गांव के प्रति एक नागरिक को अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने हेतु सचेत रहने की बहुत जरूरत है इसलिए समय-समय पर गांव में लोगों को जागरूक करते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है ताकि ग्रामवासी स्वस्थ रहें। सरपंच बलदेव सिंह सैनी ने सभी ग्राम वासियों को आह्वान किया कि स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए सुबह शाम योगा अवश्य करें।

# कुवि में एक दिवसीय कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण, प्रशिक्षुता और रोजगार केन्द्र द्वारा कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन की गांधी फैलोशिप कार्यक्रम की प्रोजेक्ट मैनेजर निशा, अवनीत कौर और आदिति ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों को गैर-परम्परागत सामाजिक क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के विषय में विस्तार पूर्वक बताया और विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए। गांधी फेलोशिप को ज्वाइन करने और उनके चयन की पूरी प्रक्रिया विद्यार्थियों को बताई।

# ब्लड शुगर टेस्ट एवं जागरूकता कैंप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र/पिहोवा:** वर्ल्ड डायबिटीज डे के अवसर पर लायंस क्लब पिहोवा रॉयल द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क ब्लड शुगर टेस्ट एवं जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप स्थानीय सिंगला हॉस्पिटल, कैथल रोड, पिहोवा में आयोजित हुआ, जिसमें लोगों को डायबिटीज के प्रति जागरूक किया गया और शुगर टेस्ट की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इस कार्यक्रम में एसडीएम श्री अमन कुमार जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने कैंप के उद्देश्य और समाज में इसकी आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही विशेष धन्यवाद डॉ. गौरव सिंगला, जग्गी तनेजा,



नरेश शर्मा, दीपक बवेजा और रोटरी क्लब का भी दिया गया, जिनके सहयोग से इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। क्लब के प्रमुख पदाधिकारी झ प्रधान नगर पार्षद, पिहोवा आशीष चक्रपाणि, हनु चक्रपाणि, संदीप गर्ग, क्लब के अध्यक्ष शाश्वत चक्रपाणि, सचिव विक्की वर्मा, कोषाध्यक्ष सुमित जिन्दल, जयपाल कौशिक, प्रिंस गर्ग, विक्की कौशिक, रवि जिंदल, संदीप सिंगला, सौरभ गुलाटी, आदित्य बहल, कपिल गर्ग, रवि बंसल कार्तिक, करण, यतिन अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके नियंत्रण के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। क्लब के अध्यक्ष शाश्वत चक्रपाणि ने कहा कि, ह्लडायबिटीज से बचाव के लिए जागरूकता और समय पर जांच अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारा यह प्रयास समाज में इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक छोटा सा कदम है।

**शिविर**

**▶▶ लोगों को डायबिटीज के प्रति जागरूक किया गया और शुगर टेस्ट की टेस्ट करवाई गई**

# मंडियों में कुल 292367.5 मीट्रिक टन धान की आवक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 13 नवम्बर तक कुल 292367.5 मीट्रिक टन धान की आवक हुई इसमें से 25026.5 मीट्रिक टन धान ग्रेड-ए तथा 1509 किस्म की 143919.0 मीट्रिक टन धान, सरबती शून्य मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान 103751 मीट्रिक टन व मुच्छल/डीबी 19671 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। उन्होंने बताया कि बाबरपुर मंडी में कुल 17722 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 5839 मीट्रिक टन, बासमती/1121 धान 1626 मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म की 10049 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 208 मीट्रिक टन धान की आवक की गई। इसी प्रकार बापौली मंडी में कुल 17134.9 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें ग्रेड-ए 576.9 मीट्रिक टन, सरबती शून्य मीट्रिक टन धान, बासमती/1121 धान 11195 मीट्रिक टन, मुच्छल/डीबी 585 मीट्रिक टन धान तथा 1509 किस्म की 4778 मीट्रिक टन धान की आवक हुई है। इसराना मंडी में कुल 14962.9 मीट्रिक टन धान की आवक हुई।

# विधायक मदान ने विधानसभा में उठाई सोनीपत की आवाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :** विधायक निखिल मदान ने वीरवार को हरियाणा विधानसभा में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अभिभाषण पर बोलते हुए सोनीपत हल्के की मुख्य मागे विधानसभा में मुख्यमंत्री के सामने रखी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत में विकास की असीमित संभावनाएं हैं। भविष्य में सोनीपत की जरूरतों को देखते हुए शहर के मिशन चौक की तरफ उतरने वाले रेलवे ओवर ब्रिज को चौड़ा करने की बेहद सख्त आवश्यकता है। 2014 में कांग्रेस सरकार के समय बने रेलवे ओवर ब्रिज के गलत डिजाइन के कारण आज शहर दो हिस्सों में बंट गया है। जिसे जल्द ही चौड़ा करके ठीक करने की आवश्यकता है। इसी



सोनीपत के लगभग 50000 लोग रोजगार के लिए रोजाना देश की राजधानी दिल्ली तक जाते हैं। शहर के लोगों का दिल्ली तक आवागमन सुगम बनाने के लिए मेट्रो रेल सेवा का विस्तार सोनीपत तक किये जाने की बेहद आवश्यकता है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए सोनीपत के बस स्टैंड को शहर से बाहर सेक्टर 7 की तरफ शिफ्ट करने की जरूरत है और जल्द से जल्द अत्याधुनिक नया बस स्टैंड बनाने की जरूरत है। इसके साथ ही सोनीपत के सामान्य अस्पताल के नवीनीकरण और विस्तार करने की भी वो मांग रखते है। साथ ही सामान्य अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को पूरा करने , अल्ट्रासाउंड और एम आर आई जैसी सुविधाओं को भी जल्द शुरू करने की जरूरत है।
विधायक निखिल मदान ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोनीपत की जनता की इन सभी मांगों को अवश्य पूरा करेंगे। राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए विधायक निखिल मदान ने कहा कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा एक हरियाणवी एक के मूल मंत्र पर चलते हुए पिछले 10 वर्ष में हरियाणा का हर क्षेत्र मे कायाकल्प किया है। हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों ने समाज की अंतिम पंक्ति मे खड़े हर हरियाणा वासी को लाभान्वित और गौरवान्वित किया है , भाजपा सरकार ने अंत्योदय को धरातल पर चरितार्थ करके दिखाया है। इसी के चलते हाल ही मे संपन्न हुए विधानसभा चुनावों मे हरियाणा प्रदेश की देवतुल्य जनता ने लगातार तीसरी बार भाजपा को पूर्ण बहुमत रूपी आशीर्वाद दिया है। भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती सरकारों की क्षेत्रवाद,भरस्टाचार और जातिवाद की राजनीति को खत्म करके सबका साथ सबका विकास की परिपाटी पर चलने का सराहनीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व मे भाजपा ने प्रदेश के लाखों युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची मेरिट पर नौकरियां देकर इतिहास रचने का कार्य किया है,जो युवा सशक्तिकरण का सबसे जीवंत उदाहरण है।

# विधायक देवेंद्र कादियान ने विधानसभा में गन्नौर के विकास के लिए कई अहम मांगें रखीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । गन्नौर** विधानसभा से विधायक देवेंद्र कादियान ने विधानसभा सत्र के दूसरे दिन हलके के विकास के लिए कई अहम मांगें रखीं। उन्होंने सबसे पहले स्पीकर का धन्यवाद किया और साथ ही भारी मतों से चुनकर चंडीगढ़ भेजने पर गन्नौर की जनता का आभार जताया। कादियान ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सिंह सैनी की नीतियों में विश्वास करके और गन्नौर के विकास के लिए भाजपा को अपना समर्थन दिया है। गन्नौर में अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी, बड़ी में रेल कोच कारखाना व दिल्ली से



करनाल होते हुए रेपिड मेट्रो जा रही है, उसके लिए धन्यवाद किया है। विधायक कादियान ने विधानसभा सत्र में हलके के विकास के लिए मांगों को रखते हुए कहा कि गन्नौर में 50 बेड अस्पताल और सरकारी कॉलेज भवन का निर्माण कराया जाए, क्योंकि कॉलेज के बच्चे सरकारी स्कूल की बिल्डिंग में बैठकर पढ़ाई कर रहे है, ये उनका दूसरा सेशन चला हुआ है। जीटी रोड पर एक ट्रॉमा सेंटर की जरूरत है, क्योंकि करनाल से लेकर दिल्ली तक ट्रॉमा सेंटर नहीं है, हाईवे पर दुर्घटनाएं होती रहती है। अगर ट्रॉमा सेंटर बन जाएगा तो मरीजों का समय रहते उपचार मिलेगा। पहले से प्रपोज्ड गन्नौर में डी सेफ में बाईपास बनाया जाए, ताकि शहर से जाम की स्थिति खत्म हो। इसके साथ ही गन्नौर से गोहाना मार्ग वाया खानपुर का 4 लेन कर बाईपास से जोड़ा जाए, जो बिना किसी गांव से होते हुए निकले।

# नम आँखों से दी गई श्रद्धेय सदाराम गुप्ता को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के नरेला इलाके में प्रसिद्ध समाजसेवी सदाराम गुप्ता की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री गुप्ता को नम आंखों से लोगों ने श्रद्धांजलि दी। चंद दिन पहले ही सदाराम गुप्ता जी का हृदयाघात से निधन हो गया था। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समाजसेवी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रसिद्ध गौसेवी राजेन्द्र प्रसाद सिंहल, पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, भाजपा नेता वेदपाल मान, प्रसिद्ध लेखक आचार्य हरि भारद्वाज, पूर्व चेयरमैन राम नारायण भारद्वाज, फेडरेशन ऑफ नरेला के प्रधान जोगिंदर दहिया के अलावा पंजाबी कॉलोनी से एनडी अरोड़ा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर गौसेवक राजेन्द्र सिंहल ने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि स्वर्गीय सदाराम गुप्ता जी की आत्मा को अपने



श्रीचरणों में स्थान दें। उन्होंने बताया कि सदाराम गुप्ता बड़े ही दयालु व्यक्ति थे। वह सभी के सुख-दुख में साथ रहते थे। उम्र में मुझसे बड़े थे। मुझे सदैव छोटे भाई के रूप में स्नेह मिला। वो कई सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए थे। यही कारण है कि




आज कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रबुद्ध लोग उनकी श्रद्धांजलि सभा में मौजूद है। मैं ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें। इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार रखें।









**राजेन्द्र सिंहल, प्रसिद्ध गौसेवक:** स्वर्गीय सदाराम गुप्ता जी बड़े ही अच्छे व्यक्ति थे। वह हमेशा ही सेवा के कार्यों में आगे रहते थे। उनके कार्यों को कभी भी नहीं भुलाया जा सकता है।



**रवि भारद्वाज, प्रधान संपादक, एक्शन इंडिया मीडिया समूह:** स्वर्गीय सदाराम गुप्ता जी हमेशा ही सेवा के कार्यों में आगे रहते थे। उनसे मेरे पारिवारिक संबंध थे। उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत आघात है। मैं उनको नम आंखों से श्रद्धांजलि देता हूं।



**जोगिंदर दाहिया, प्रधान, फेडरेशन ऑफ नरेला:** आज बड़े ही दुख की घड़ी है। मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें। सदाराम गुप्ता बड़े ही अच्छे व्यक्ति थे और समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी रहते थे।



**हरि भारद्वाज, प्रसिद्ध लेखक व विचारक:** स्वर्गीय सदाराम गुप्ता जी द्वारा किये गये कार्यों का कभी भी नहीं भुलाया जाता सकता है। वो मेरे जिगरी यार थे। उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है।



**राम नारायण भारद्वाज, पूर्व चेयरमैन, नरेला जोन:** मैं सदाराम गुप्ता को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। स्वर्गीय सदाराम गुप्ता हमेशा ही गरीबों व अनाथों की मदद के लिए आगे रहते थे। गुप्ता बड़े ही अच्छे व्यक्ति थे।

# नरेलाः शिव मंदिर कॉलोनी में सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षुओ को बांटे प्रमाणपत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बाहरी दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड स्थित शिव मंदिर कॉलोनी में नारी शक्तिकरण के लिए समर्पित संस्था वीरा बाई द्वारका दास चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित सिलाई कढ़ाई सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 20 महिलाओ को भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर प्रमाण पत्र वितरित किये। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियो का पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि संस्था का यह सिलाई कढ़ाई सेंटर महिला शक्तिकरण हेतु मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने महिलाओं व बेटियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सिलाई व कढ़ाई का कौशल प्रदान करने के लिए संस्था के





प्रयासों की सराहना की। वीरा बाई द्वारका दास चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष नोतन दास अरोड़ा ने बताया कि सिलाई कढ़ाई सेंटर में पिछले करीब 5 वर्षो में सैकड़ो महिलाओं ने प्रशिक्षण लेकर आज आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार





का पालन पोषण कर रही है। संस्था का उद्देश्य महिलाओं को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाना है। महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। सेंटर इंचार्ज रेमा सिंह ने कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य सिलाई कढ़ाई क्षेत्र मे संभावनाओं को देखते हुए प्रशिक्षण देकर महिलाओं बेटियों को सशक्त बनाना है, जिससे वे इसे अपना आदमनी का जरिया बना सके। आज कई महिलाए व बेटियां प्रशिक्षण उपरांत स्वयं का रोजगार स्थापित कर धनोपार्जन कर रही है।

इस दौरान कवित्री शगुन मिश्रा ने महिलाशक्तिकरण पर कविता पाठ किया व अतिथियो ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रधान नौतन दास अरोड़ा ,श्रीनिवास वर्मा, डॉ रजनीश गुप्ता, सतवीर राणा, विवेक अरोड़ा, रेमा सिंह, शगुन मिश्रा, रेखा, दीक्षा, सुशीला, रिंजू कुमारी, रूपा, नीलम,अंजलि, प्रियंका,काजल, निशा, पूनम, सुधा, प्रियांसी, कविता, दीना चमोली, शिवानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## फेडरेशन ने किया नगर कीर्तन का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की ओर से नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जो गुरुद्वारा सीस गंज साहिब साहब से चलकर चांदनी चौक, फतेहपुरी, मिठाई पुल, आजाद मार्केट, रोशनाहरा रोड होते हुए गुरुद्वारा नानक देव में संपन्न हुआ। जिसमें जगह-जगह लोगों ने पंडाल लगाकर प्रसाद वितरण किया और नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस अवसर पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव, महासचिव सतपाल सिंह मांगा मौजूद रहे।

## बवाना क्षेत्र के औचंदी बार्डर से डीटीसी ने शुरू किए दो बस रुट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रुट नंबर 990-सी की बसें जो बवाना से रिठाला मैट्रो स्टेशन तक चलती थी वह अब रिठाला मैट्रो स्टेशन से औचंदी बार्डर के बीच वाया बवाना होकर परिचालित होंगी। इस रुट का विस्तार किया गया है। साथ ही औचंदी बार्डर से उत्तम नगर के बीच वाया बवाना एक नया रुट आज से चलाया गया है जिसका नंबर है 972-ई बवाना विधानसभा के विधायक जयभगवान उपकार ने औचंदी बार्डर पर आयोजित एक समारोह में इन दोनों रुटों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# धूमधाम से मनाया गया अमित मित्तल का जन्मदिन, लोगों ने दी बधाई









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** युवा समाजसेवी अमित मित्तल का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बतादें कि सुबह से ही श्री मित्तल को जन्मदिन की बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। उनको बधाई देने वालों में मुख्य रूप से नितिन गोयल, राम रतन, प्रदीप मंगला, नवीन कुमार, राजीव बंसल, दीपक डडवाल, नरेश गर्ग, राजेश भारद्वाज, राजीव कौशिक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने अमित मित्तल को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना की। आपको बतादें कि अमित मित्तल बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और सभी के सुख-दुख में साथ रहते है। यही कारण है कि आज बहुताय की संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उनको बधाई देने के लिए पहुंचे हुए है। इस अवसर महेन्द्रा पार्क के युवा समाजसेवी अमित मित्तल ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है। मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

## खबर का असर

# एक्शन इंडिया में खबर प्रकाशित होने के 24 घंटे के भीतर हुई कार्यवाही

**टीम एक्शन इंडिया/महेंद्र सिंह**

**नई दिल्लीः** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड नंबर-9 के न्यू कमल विहार क्षेत्र स्थित बरसाती नाला जिसको बुराड़ी क्रीक भी कहा जाता है, जो कि फ्लड विभाग के अधीन आता है, इलाके के दबंग बिल्डर माफिया द्वारा मिट्टी के डंपर डालकर कब्जा किया जा रहा था। जिसको गंभीरता से लेते हुए एक्शन इंडिया (दैनिक) समाचार पत्र ने "**फ्लड़ विभाग का बरसाती नाला भी नहीं रहा कब्जे से अछूता**" नामक शीर्षक खबर प्रकाशित की थी, खबर प्रकाशित होने के चौबीस घंटे के भीतर प्रशासन हरकत में आया। **24 घंटे के अंदर प्रशासन ने की कार्यवाहीः** क्षेत्रीय निवासी व समाजसेवी अधिवक्ता बसंत कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय बिल्डर काफी रसूखदार है व विधायक संजीव झा का काफी करीबी है जिसके चलते बिल्डर की क्षेत्र में दबंगई भी काफी चलती है। जिसके चलते प्रशासन भी बिल्डर पर हाथ डालने से गुरेज करता है। उन्होंने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब इस नाले पर कब्जा करने की कोशिश की गई हो, इससे पूर्व भी कब्जा करने का प्रयास किया जा चुका है।







**एक्शन इंडिया का बसंत ने जताया आभारः बसंत कुमार** ने बताया कि शासन-प्रशासन को इस कब्जे की जानकारी होने के बाद भी मौन बैठे हुए थे, लेकिन **एक्शन इंडिया (दैनिक) समाचार पत्र** ने मामले की गंभीरता को समझते हुए लोक हित में निष्पक्ष खबर प्रकाशित की जिसके प्रकाशन के 24 घंटे के अंदर ही प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए एन्क्रोचमेंट पर बुलडोजर चलाकर कब्जा हटाया। जिसके लिए मैं एक्शन इंडिया समाचार पत्र का आभार जताता हूं और यह कामना करता हूं कि एक्शन इंडिया भविष्य में भी ऐसे ही मुद्दो को गंभीरता से लेगा।



**बसंत कुमार सिंह, अधिवक्ता:** एक्शन इंडिया समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद फ्लड़ विभाग दबाव में आया और आनन-फानन में कार्रवाई की। क्षेत्र में अभी भी कई जगहों पर अवैध रूप से कब्जा हुआ पड़ा है जिसको लेकर विधायक कतई भी गंभीर नहीं है।



**संजीव झा, विधायक बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र :** विधायक के अनुसार बरसाती नाले की पैमाइश के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है तथा पैमाइश की जा चुकी है, रिपोर्ट आनी बाकी है। रिपोर्ट आने के उपरांत कार्यवाही की जाएगी। अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# नमोघाट पर फेज टू में मेटल से निर्मित 75 फीट ऊँचा नमस्ते स्कल्प्चर, बना आकर्षण का केंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी : काशी** की परंपरानुसार उदीयमान भगवान भास्कर का अभिवादन करता "नमो घाट" का नमस्ते स्कल्पचर पर्यटकों को लुभा रहा है। सुबह सूर्य की सिंदूरी किरणें काशी के अर्धचंद्राकार घाटों की छटा में चार चाँद लगाती हैं। ऐसे ही सुबह-ए-बनारस की अलौकिक दृश्य को देखने के लिए दुनिया से पर्यटक काशी खिंचे चले आते हैं। सुबह-ए-बनारस का दिव्य और भव्य नजारा का लुत्फ अब पर्यटक विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले खुबसूरत नमो घाट से भी ले सकेंगे। आस्था ,पर्यटन और रोजगार के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं वाला नमो घाट बन



कर तैयार हो गया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 15 नवंबर को नमो घाट का औपचारिक उद्घाटन करना प्रस्तावित है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी मौजूद रहेंगे। प्राचीनता और आधुनिकता के साथ तालमेल मिलाकर चलती काशी के घाटों की श्रृंखला में एक और पक्का घाट जुड़ गया है। यह वाराणसी के पहले मॉडल घाट के रूप में जुड़ा है। इसका विस्तार नमो घाट से आदिकेशव घाट (लगभग 1.5 किलोमीटर) हुआ है। घाट की बनावट और अंतरराष्ट्रीय सुविधा के साथ नमस्ते का स्कल्पचर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। जल,थल और नभ से जुड़ने वाले यह पहला घाट होगा, जहां हेलीकाप्टर भी उतारा जा सकता है। यहां फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन, ओपन एयर थियेटर, कुंड, फ्लोटिंग जेटी पर बाथिंग कुंड तथा चेंजिंग रूम का भी निर्माण हुआ है। योग स्थल, वाटर स्पोर्ट्स, चिल्ड्रन प्ले एरिया, कैफेटेरिया के अलावा कई अन्य सुविधाएं हैं। यह वाराणसी का पहला घाट है, जो दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया गया है। नमो घाट का पुनर्निर्माण दो चरणों में किया गया है। इसका निर्माण 81000 स्क्वायर मीटर में 91.06 करोड़ से किया गया है। इस परियोजना को स्मार्ट सिटी मिशन तथा इंडियन ऑयल फाउंडेशन द्वारा मिल कर वित्तपोषित किया गया है।किन्द्र और राज्य सरकार ने पक्का नमो घाट बनवाया है ,जहाँ वर्ल्ड क्लास सुविधाएं होंगी। वाराणसी के मंडलायुक्त और स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा ने बताया कि नमो घाट के पुनर्विकास में मेक इन इंडिया का विशेष ध्यान दिया गया है। इस घाट पर वोकल फॉर लोकल भी दिखेगा। भविष्य में लोग यहाँ वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स और हेली टूरिज्म का भी लुफ़्त ले सकेंगे। सेहतमंद रहने के लिए मॉर्निंग वाक, व्यायाम और योग कर सकेंगे।

# ट्रक में पीछे से घुसी बस, एक दर्जन घायल, आगरा की ओर जा रही थी रोडवेज बस

**टीम एक्शनं डिया**

**मथुरा।** गुरुवार को सुबह कोहरे की चादर में पिलटी रही। यह इस सीजन में कोहरे की दस्तक थी। लोगों को हल्की सर्दी का भी अहसास हुआ। इसकी के साथ यह संकेत भी मिल गये कि अब सड़क पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का समय आ गया है। गुरुवार को चौमुंहा थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा चौमुहा के समीप दिल्ली आगरा हाइवे पर सुबह करीब सात बजे दिल्ली से आगरा की ओर जा रही है। रोडवेज बस पीछे से ट्रक में घुस गई, जिससे बस में सवार एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए केडी मेडिकल अस्पताल में भर्ती



कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। जैंत थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने बताया कि गुरुवार को एक रोडवेज बस दिल्ली से आगरा की ओर जा रही थी तभी उसके आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे बस ट्रक में घुस गई, बस में सवार एक दर्जन लोग घायल हो गए, जिनको केडी मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घायलों में श्यामलाल पुत्र कृष्ण चंद्र, मोनिका शर्मा, बेबी शर्मा पत्नी ताराचंद, खुशबू पुत्री वेद प्रकाश, रूद्र शर्मा पुत्र श्यामलाल, निवासी भाटी थाना थानेसर जिला कुरुक्षेत्र व द्रोपती पत्नी मानक लाल, कौशल्या पत्नी अशोक, अशोक पुत्र जगन निवासी हता मडिया जिला दमोह घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डेटॉल क्लाईमेट रेजिलिएंट स्कूल ने डेटॉल स्कूल रेडियो पॉडकॉस्ट किया लॉन्च

**गुरुग्राम।** दुनिया की प्रमुख उपभोक्ता स्वास्थ्य और स्वच्छता कंपनी रेकिट, ने अपने साझीदार प्लान इंडिया और ओहो रेडियो के साथ मिलकर अपने फ्लैगशिप अभियान डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया के तहत भारत का पहला स्कूल रेडियो पॉडकास्ट लॉन्च किया, जो जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित है। यह एक समर्पित प्लेटफॉर्म है जो मिशन लाईफ - स्वास्थ्य और जलवायु लचीलापन के लिए सतत जीवनशैली को बढ़ावा देता है, और इसे उत्तराखंड के स्कूलों के बच्चों के साथ मिलकर को -क्रिएट किया गया है। इस पॉडकास्ट का शुभारंभ राजभवन, देहरादून में उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह की उपस्थिति में किया गया।



रेकिट के एक्सटर्नल अफेयर्स एंड पार्टनरशिप डायरेक्टर रवि भटनागर ने कहा, "रेकिट में, हम विश्वास करते हैं कि वास्तविक परिवर्तन तब आता है जब व्यक्ति, विशेषकर युवा लोग, उन मुद्दों की जिम्मेदारी लेते हैं जो उन्हें और उनके समुदायों को प्रभावित करते हैं। मिशन लाईफ का झंडा उठाते हुए, डेटॉल क्लाईमेट रेजिलेंट स्कूल द्वारा डेटॉल स्कूल रेडियो पॉडकास्ट हमें जागरूकता और कार्रवाई को जोड़ने का अवसर प्रदान करेगा और आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ, सतत प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, जो समाज और पृथ्वी दोनों के लिए लाभकारी हों। डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया इन मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, और मुझे यह विजन वास्तविकता में बदलते हुए देखना गर्व की बात है। उत्तराखंड सरकार और हमारे भविष्य के समर्थकों के सहयोग से, हम एक स्वच्छ, हरा-भरा भविष्य बनाने के लिए एक शक्तिशाली आंदोलन शुरू करने की उम्मीद करते हैं।"

अपने उद्घाटन भाषण में, उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य पहलों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की महत्वता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "मैं रेकिट को इस पहल के लिए बधाई देना चाहता हूँ, जो सही समय पर शुरू की गई है, जब भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 9 नवम्बर को उत्तराखंड स्थापना दिवस के अवसर पर जलवायु, पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति पर आधारित 9 महत्वपूर्ण प्रतिज्ञाओं का आह्वान किया।

### फ्लिपकार्ट ने अपनी सप्लाई चेन क्षमता को बढ़ाया

**गुरुग्राम।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने इंदौर, मध्य प्रदेश में अत्याधुनिक फुलफिलमेंट एवं सॉर्टेशन सेंटर (एफएससी) खोला है। सेंटर की लॉन्चिंग के मौके पर माननीय सांसद श्री शंकर लालवानी, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार व अन्य प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। एडवांस्ड कन्वेयर ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी से लैस नया एफएससी 1.59 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में फैला है। महीने में 1.8 करोड़ से ज्यादा ऑर्डर्स को डिसपैच करने की क्षमता वाला यह सेंटर मध्य प्रदेश के हर पिन कोड पर डिलीवरी की गति को तेज करेगा। इस सेंटर के खुलने से 600 से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिसमें समावेश का ध्यान रखते हुए 100 से ज्यादा महिला कॉन्ट्रैक्टर्स और 11 दिव्यांगजनों की नियुक्ति की जाएगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के साथ साझेदारी में फ्लिपकार्ट ने अपनी फ्लिपकार्ट समर्थ पहल के तहत श्री शंकर लालवानी की उपस्थिति में इंदौर में 70 से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लिए कार्यशाला भी आयोजित की। इस अवसर पर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर श्री रजनीश कुमार ने कहा, फ्लिपकार्ट पूरे भारत में समावेशी विकास और डिजिटल सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय समुदायों संग हमारे जुड़ाव के साथ-साथ इंदौर, मध्य प्रदेश में नए फुलफिलमेंट सेंटर की लॉन्चिंग सतत विकास को बढ़ावा देने, एमएसएमई को समर्थन देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की हमारी प्रतिबद्धता दिखाती है। फ्लिपकार्ट लगातार मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहा है। इसके प्लेटफॉर्म पर मध्य प्रदेश के 42,000 से ज्यादा सेलर्स जुड़े हैं। मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के साथ साझेदारी करते हुए फ्लिपकार्ट ने स्थानीय उद्यमों के लिए अपने समर्थन को और भी मजबूती दी है।



### लुईस फिलिप ने शादियों के इस सीजन के लिये नोएडा मे पेश किया 'रॉयल वेंडिंग ट्रेजर्स'

**नोएडा।** आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड के प्रतिष्ठित मेन्सवियर ब्रैंड लुईस फिलिप ने अपनी नई "रॉयल वेडिंग ट्रेजर्स" कलेक्शन लॉन्च करने की घोषणा की है। यह कलेक्शन आज के आधुनिक दूल्हे के लिए डिजाइन किया गया है, जो पारंपरिकता को सम्मान देते हुए समकालीन स्टाइल को अपनाना चाहता है। यह कलेक्शन ब्रैंड की अद्वितीय कारीगरी और खूबसूरती को प्रदर्शित करता है, जो निश्चित रूप से दूल्हे के आत्मविश्वास और आकर्षण को शादी के खास दिन पर और बढ़ाएगा। लुईस फिलिप का खास ह्यरॉयल वेडिंग ट्रेजर्सह्व कलेक्शन परंपरागत विवाह समारोहों की भव्यता एवं सांस्कृतिक समृद्धि को दिखाता है। इसमें डिजाइन के आधुनिक तत्वों को भी बड़ी ही आसानी से शामिल किया गया है। हर पीस एक सुंदर आर्ट वर्क प्रस्तुत करता है और इन्हें वेलवेट जैसे प्रीमियम फैब्रिक्स से कुशलतापूर्वक बनाया गया है। साथ ही खूबसूरत जड़ाई का काम भी इसमें हुआ है। इस कलेक्शन के बारे में बात करते हुए, लुईस फिलिपे की मुख्य परिचालन अधिकारी सुश्री फरीदा कलियादान ने कहा, ह्यह्यलुईस फिलिप में हमारा मानना है कि परंपरा को देखते हुए शादियों में खुद की शख्सियत को दिखाना बहुत मायने रखता है। यह कलेक्शन उसी भावना का सम्मान करने के लिये तैयार किया गया है और दूल्हों को पूरे ठाठ-बाट, शान और आधुनिक फैशन का बेजोड़ संगम प्रदान करता है। इस खास लॉन्च को यादगार बनाने के लिये लुईस फिलिप अपने ग्राहकों के लिये एक खास प्रतियोगिता लेकर आया है। लुईस फिलिप के किसी भी एक्सक्लूसिव स्टोर या वेबसाइट/ ऐप से 4 नवंबर से लेकर 30 नवंबर के बीच 20,000 रुपए या अधिक की खरीदारी करने पर ग्राहकों को रोमांचक इनाम जीतने का मौका मिलेगा।

## सीडीओ ने इंडियन नवीनीकरण शाखा का किया उद्घाटन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। इंडियन** ओवरसीज बैंक सिविल लाइन शाखा के नवीनीकरण के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी श्री मनीष मीना जी ने समारोह का उद्घाटन किया। श्री मीना ने फीता काटकर नवीनीकरण शाखा में प्रवेश किया। उन्होंने संपूर्ण बैंक परिसर का जायजा लिया। उन्होंने बैंक के विभिन्न पटलों की जानकारी ली। बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। उद्घाटन समारोह में शाखा में नीवा बूपा कंपनी द्वारा जन साधारण के लिए निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया था।

# महाकुम्भ : शहरी और ग्रामीण श्रमिकों के लिए रोजगार के वृहद अवसर

**प्रयागराज**

**संगमनगरी** में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ को एक तरफ जहां योगी सरकार दिव्य और भव्य बना रही है तो वहीं दूसरी तरफ महाकुम्भ श्रमिकों के लिए भी रोजगार का एक बड़ा अवसर साबित होने जा रहा है। महाकुम्भ में विभिन्न कार्यों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के श्रमिकों को रोजगार दिया जा रहा है। जिला नगरीय विकास अभिकरण और श्रम विभाग की इसमें अधिक सहभागिता है।

**जिला नगरीय विकास अभिकरण दे रहा 1100 श्रमिकों को रोजगार:** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुम्भ से हजारों बेरोजगार हाथों को काम भी योगी सरकार दे रही है। श्रम विभाग, पर्यटन के अलावा जिला नगरीय विकास अभिकरण भी इसमें अग्रणी है। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) परियोजना अधिकारी प्रतिभा श्रीवास्तव बताती हैं कि इस बार महाकुम्भ में डूडा की तरफ से 1100 से अधिक स्किल्ड और अन स्किल्ड श्रमिकों को अस्थाई रोजगार दिया जा रहा है। मेला प्राधिकरण, नगर निगम प्रयागराज और सहायक निदेशक स्वास्थ्य की मांग पर ये श्रमिक उपलब्ध कराए जा रहे




हैं जो महाकुम्भ के कार्यों में लगाए जायेंगे। आपूर्ति किए जा रहे श्रमिकों में सबसे अधिक मेला प्राधिकरण को 480 ड्राइवर, 160 हेल्पर और 24 सुपरवाइजर दिए जा रहे हैं। इसके अलावा नगर निगम को 300 सफाई कर्मी, 50 ड्राइवर, 40 मलवा श्रमिक और 20 माली डूडा उपलब्ध करा रहा है। स्वास्थ्य विभाग को डूडा की तरफ से 97 कम्प्यूटर ऑपरेटर्स दिए जा रहे हैं। इन श्रमिकों को महाकुम्भ के आयोजन की अवधि में अस्थाई रोजगार प्रदान किया जा रहा है।

**श्रम विभाग की तरफ से 25 हजार श्रमिकों को मिलेंगे रोजगार के अवसर:** श्रमिक वर्ग को रोजगार से संयुक्त करने के लिए प्रदेश के श्रम विभाग की तरफ से किए जा रहे प्रयासों के अतिरिक्त प्रयागराज में लगने जा रहा महाकुम्भ भी इसके लिए बड़ा जरिया बनेगा। उप श्रमायुक्त राजेश मिश्रा बताते हैं कि महाकुम्भ की तैयारियों में 25 हजार से अधिक श्रमिकों को काम दिया जा रहा है। महाकुम्भ के विभिन्न विभागों के कार्यों को कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से इन श्रमिको का अस्थाई रोजगार दिया जाएगा। श्रम विभाग में इन श्रमिकों का पंजीयन कराया गया है ताकि प्रदेश सरकार की श्रमिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं से इन्हे आच्छादित भी किया जा सके।

# वॉल पेंटिंग को खराब किया तो होगी एफआईआर: नगर आयुक्त शशांक

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा:** सौंदर्यीकरण और स्वच्छता जन जागरूकता के लिए मथुरा वृंदावन को स्वच्छ सुंदर बनाने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है, जिसके क्रम में मथुरा वृंदावन नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वॉल पेंटिंग का कार्य नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है।

गुरुवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा नेशनल हाईवे के ओवर ब्रिज, मंडी चौराहा, जय गुरुदेव एवं मसानी चौराहा ओवरब्रिज पर नगर निगम द्वारा कराई जा रही वॉल पेंटिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के



दौरान नगर आयुक्त द्वारा वॉल पेंटिंग का पेंट एवं चित्रकारी की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिये गये। वॉल पेंटिंग कार्य को समय अंतर्गत किये जाने की हिदायत दी गई। वॉल पेंटिंग के पास चेतावनी बोर्ड भी लगाएं इस आशय की वॉल पेंटिंग के स्वरूप को क्षति पहुंचाने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड में घायल

**मथुरा। थाना** कोतवाली पुलिस की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त के साथ पुलिस मुठभेड़ हुई है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली है। इसके कब्जो से एक अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं। अभियुक्त को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्त सतीश कुमार पुत्र नेमीचंद निवासी मुडियापुरा थाना अछनेरा आगरा के खिलाफ नाम दज अभियोग पंजीकृत हुआ था। मुठभेड माल गोदाम रोड पर रेलवे लाइन की तरफ कच्चे रास्ते पर हुई। रात को करीब एक बजे हुई। छह वर्षीय नाबालिक लड़की को चिप्स खिलाने के बहाने ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गई।

# डीएपी की समस्या को लेकर सडक पर उतरी कांग्रेस, सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा:** डीएपी खाद की समस्या को लेकर कांग्रेस सड़क पर उतर आई है। गुरुवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंप कर जिला प्रशासन को सात दिन का अल्टीमेटम दिया हैं। ज्ञापन में कहा है कि सात दिन के अंदर इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेसी धरने पर बैठेंगे। जिले में चल रही डीएपी खाद की मारामारी को लेकर के कांग्रेस में गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर डाला। करीब चार घंटे तक जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया बाद में सिटी मजिस्ट्रेट के आश्वासन पर धरना समाप्त किया। गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी मथुरा के अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसी जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच गए। उनके द्वारा किसानों की खाद की समस्या को उठाया गया और जमकर नारेबाजी भी की गई। चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि जिले में किसान खाद की समस्या को लेकर के पीड़ित है यदि उनको खाद नहीं मिला तो वह भूखा मरने की स्थिति में आ जाएंगे। खेतों में बुवाई नहीं होगी और फसल फिर से चौपट हो जाएगी। जबकि किसानों का बारिश के बाद जो नुकसान हुआ है प्रशासन ने उसकी भरपाई भी नहीं की है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि प्रशासन को वह पहले भी इस संबंध में ज्ञापन देकर के अवगत करा चुके हैं उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट के द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया है के सात दिन के अंदर किसानों को पर्याप्त खाद मिलना प्रारंभ हो जाएगा और इसी आश्वासन के बाद उन्होंने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के साथ अश्वनी शुक्ला बृजेश शर्मा ठाकुर नरेश पाल सिंह जैसावत एडवोकेट ब्रजेश शर्मा सतीश शर्मा सतपाल चौधरी अशोक शर्मा विजय सिंह लोधी चिरागुद्दीन दिलीप चौधरी बनवारी लाल सैनी राखी चौहान सोनू वर्मा कमल शर्मा रोशन लाल नसरुद्दीन गंगा शरण दीक्षित सतीश शर्मा समीम अब्बासी पप्पू खान कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# देश में फिर से क्रांति की आवश्यकता है: अशोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: देश के** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर उन्हें याद किया गया और उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की गई उन्होंने बताया कि एक सप्ताह तक जिले भर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसके तहत दलित बस्तियों में पहुंचकर कांग्रेसी साफ सफाई अभियान चलाएंगे। इसके अलावा प्रत्येक ब्लॉक में सांस्कृतिक कार्यक्रम



आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया आज देश को पंडित जवाहरलाल नेहरू के विचारों की आवश्यकता है। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा देश को आजाद करने वाले देश के सिपाहियों को भुला दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा को आज भी नहीं मालूम कि देश की आजादी में कितने दीवानों की आहुति दी गई थी। उन्होंने कहा कि आज देश को पंडित जवाहरलाल नेहरू के पद चरणों पर चलने की आवश्यकता है। जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा के देश में फिर से क्रांति की आवश्यकता है भारतीय जनता पार्टी ने देश को 50 साल पीछे ला दिया है। कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ विजय नारायण सिंह ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है भारतीय जनता पार्टी सरकार दिए गए सिद्धांतों को डर किनार कर रही है। कार्यक्रम में महेश चौबे प्रकाश शर्मा शिखा चौधरी अशोक शर्मा गंगा शरण दीक्षित नसरुद्दीन अब्बासी बृजेश शर्मा रोशन लाल कमल शर्मा सोनू वर्मा राखी चौहान बनवारी लाल सैनी दिलीप चौधरी चिराग उद्दीन विजय सिंह लोधी पप्पू खान अखलाक चौधरी सलमान चौधरी सलीम अब्बासी आदि लोग मौजूद थे।

# राजपुर खादर में नगर निगम ने कब्जा मुक्त कराई जमीन

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। नगर** निगम की टीम ने निगम की जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत वृंदावन के राजपुर खादर स्थित मोहिनी नगर में नवीन परती के रूप में दर्ज जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। नगर निगम संपत्ति है लगभग 700 वर्ग मीटर भूमि पर कृष्ण मुरारी पुत्र कालीचरन, श्रीमती विमलेश पत्नी अशोक, अरविंद पुत्र पप्पू द्वारा बाउंड्रीवॉल कर अवैध कब्जा कर लिया गया था। नगर आयुक्त के निर्देशन में राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर



के द्वारा इस भूमि को अवैध कब्जे से रिक्त कर लिया गया है। इस नगर निगम भूमि पर नगर निगम संपत्ति के बोर्ड लगवा दिए गए हैं। इस कार्यवाही में नगर निगम के राजस्व निरीक्षक गंगाराम लेखपाल ओमपाल एवं ईटीएफ की टीम भी साथ उपस्थित रही।

# यूपीवीसी ऐजबैण्ड फर्नीचर इंडस्ट्री में ला रहा नए बदलाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** अभी हाल ही तक भारत की फर्नीचर इंडस्ट्री में ऐजबैण्ड को कुछ खास पहचान नहीं मिली थी, लेकिन तभी एचपीएल निमार्ताओं को लेमिनेट्स के लिए मैचिंग ऐजेज की जरूरत महसूस होने लगी। जब उन्हें लगा कि उन्हें लेमिनट्स के लिए मैचिंग ऐजेज मिलना मुश्किल हो रहा है, तब उन्हें ऐजबैंडिंग का महत्व समझ आया। डिस्ट्रीब्यूटर हो या कारपेंटर, इंटीरियर डिजाइनर या आकीर्टेक्ट्स- आज के दौर में सभी अपने आप को अपग्रेड कर रहे हैं ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि आने वाले सालों में ऐजबैंडिंग का मार्केट तेजी से विकसित होगा, इसमें 15 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़ोतरी की संभावना है। क्योंकि मार्केट में ऐसे प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है जो न सिर्फ फर्नीचर को सुरक्षित रखते हैं, बल्कि इसे देखने में भी अधिक आकर्षक बनाते हैं। रेहाउ राउकांटेक्स ने पिछले 50 सालों से दुनिया भर में इनोवेशन लाते हुए ग्राहकों का भरोसा जीता है। यह प्रोडक्ट खरोंच एवं अन्य बाहरी नुकसान से फर्नीचर को सुरक्षित रखता है और इसे अधिक टिकाउ बनाता है। इसके अलावा एंटीफंगल, एंटीबैक्टीरियल और नॉन-टॉक्सिक गुणों के चलते यह मार्केट में उपलब्ध अन्य विकल्पों की तुलना में कहीं बेहतर है। रेहाउ की प्रोडक्ट रेंज में एबीएस, पीएमएमए, पीपी से लेकर विनीर तक व्यापक रेंज शामिल है, जो फर्नीचर के डिजाइन को बेहद आकर्षक बना देती है। राउकांटेक्स के ऐजबैण्ड यूजर गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता किए बिना बेहतरीन अनुभव प्रदान करते हैं। इस तरह फर्नीचर निमार्ता फर्नीचर के लुक से समझौता किए बिना बहुत कम समय में बेहतरीन गुणवत्ता का फर्नीचर तैयार कर लेते हैं। ब्राण्ड की प्रॉपराइटरी जीरो-जॉइन्ट ऐजबैण्ड रेंज एक बड़ी उपलब्धि साबित हुई है।

फास्ट न्यूज

## कार्तिक पूर्णिमा पर विंध्यधाम में उमड़ेंगे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुर:** कार्तिक पूर्णिमा पर आस्था के धाम विंध्याचल में 15 नवम्बर को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन की तरफ से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। एएसपी सिटी नितेश सिंह ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर विंध्याचल के गंगा घाटों पर होने वाले दीपदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में स्थानीय पुलिस के साथ फ्लड पीएसी व एसडीआरएफ भी तैनात रहेगी। नगर क्षेत्र के कचहरी घाट, पक्का घाट, चील्ह, विंध्याचल एवं चुनार व अदलहाट में कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले कार्यक्रमों के दौरान पुलिस और पीएसी तैनात रहेगी। इसके अलावा गंगा नदी में डूबने से बचाने के लिए फ्लड पीएसी और एसडीआरएफ भी तैनात रहेगी।

## मध्य प्रदेश में बढ़ने लगी सर्दी

**भोपाल: मध्य प्रदेश में अब सर्दी** का असर तेज होने लगा है। प्रदेश के हिल स्टेशन पचमढ़ी में दिन-रात दोनों ही सबसे ठंडे हैं। मंगलवार-बुधवार की रात में भी पचमढ़ी में तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। एक रात में 1 डिग्री की गिरावट हुई। सीजन में पहली बार पचमढ़ी में पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। वहीं, प्रदेश के कई शहरों में रात का तापमान 1 डिग्री तक लुढ़का है। 15 नवंबर के बाद असर और बढ़ेगा। उत्तरी हवाओं से सर्दी बढ़ सकता है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अभी मौसम शुष्क है। ज्यादातर शहरों में दिन का तापमान एवरेज 15-16 डिग्री और दिन में 31-32 डिग्री तक ही रहेगा। उन्होंने कहा- पचमढ़ी, मंडला में तापमान लुढ़क सकता है। हिमालय की तरफ वेस्टर्न डिस्टबेंस की एक्टिविटी है।

# जौलजीबी मेला एक अनमोल धरोहर: धामी

## भारत, तिब्बत व नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के आपसी सौहार्द को बढ़ाता है: धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पिथौरागढ़: मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को ऐतिहासिक जौलजीबी मेला-2024 का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला राज्य के लिए एक अनमोल धरोहर है, जो सदियों से भारत-तिब्बत, भारत नेपाल और सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी सौहार्द को बढ़ाता आ रहा है। दस दिन तक इस सीमा क्षेत्र में भारत और नेपाल की सांस्कृतिक बयार बहती है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 64.47 करोड़ की 18 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें 29.65 करोड़ के 13 कार्यों का लोकार्पण एवं 34.72 करोड़ के पांच शिलान्यास शामिल हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से बनाये जा रहे विभिन्न उत्पादों का अवलोकन भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जौलजीबी मेला हमारी समृद्ध परंपराओं को संजोने का कार्य करता है। यहां का नेपाल और



तिब्बत से सदियों से सांस्कृतिक संबंध रहा है। नेपाल से इस क्षेत्र का रोटी और बेटी का सबंध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे संबंध और मजबूत हो रहे हैं। केदारनाथ और पशुपतिनाथ के बीच आध्यात्मिक यात्रा से भी दोनों राष्ट्रों के सबंधों को मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला भारत और नेपाल के बीच आर्थिक सबंधों को बढ़ाने का कार्य भी करता है। यह मेला छोटे व्यापारियों, किसानों और कारीगरों को अपने उत्पादों का मंच प्रदान करने का बड़ा माध्यम है।

हमारी अनेक प्रकार की औषधियों को प्रोत्साहित करने में भी यह मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। जिन गांवों को पहले अंतिम गांव कहा जाता था, इस अवधारणा को बदलकर प्रधानमंत्री ने इन गांवों को देश के पहले गांवों की संज्ञा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय को बढ़ाने के लिए परंपरागत खेती को बढ़ावा दिया जा

**संस्कृति**

**▶▶ यह मेला भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक के साथ आर्थिक सबंधों को बढ़ाता है: सीएम**

रहा है। राज्य सरकार की ओर से मंडवा, झिंगोरा और अन्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्टेट मिलेट मिशन को मंजूरी दी गई है। राज्य में कलस्टर आधारित 18 हजार पॉली हॉऊस बनाने का निर्णय लिया गया है। सड़क कनेटिविटी में विस्तार से किसानों को अपनी उपज को मंडी तक पहुंचाने में आसानी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमवार्ती क्षेत्रों में आधुनिक सड़कों, सुरंगों और पुलों का निर्माण किया जा रहा है। सीमांत क्षेत्रों के विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में हैं। इन क्षेत्रों के विकास के लिए अनेक कार्ययोजनाओं की मंजूरी दी गई है। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत पहले चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को विकसित किया जा रहा है।

**दस हजार लोग कर चुके हैं आदि कैलाश के दर्शन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आदि कैलाश आने के बाद इस क्षेत्र में तेजी से आवागमन बढ़ा है। पिछले साल की तुलना में इस बार 10 हजार से अधिक लोगों ने आदि कैलाश के दर्शन किये हैं। इससे हमारे इन क्षेत्रों को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मक्काना से सेकला तक मोटरमार्ग का निर्माण, आपदा प्रभावित क्षेत्र लुमती तोक बगीचा बगड़ में सुरक्षा दीवार का कार्य, मवानी रवानी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण और तेजम में मिनी स्टेडियम का निर्माण के साथ ही तीनखोल ढुंगातोली और पण्डा में चेक डैम निर्माण करने की घोषणा की। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक बिशन सिंह चुफाल,हरीश धामी मौजूद रहे।

## जिला अस्पाल में डांस पार्टी का वीडियो वायरल


**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि अस्पताल की गरिमा को धूमिल करने वाले दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाई की जायेगी। उप मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल, वाराणसी में स्टाफ नर्स एवं कर्मचारियों द्वारा चिकित्सालय की गरिमा धूमिल करने संबंधी वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। ब्रजेश पाठक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वाराणसी को उक्त प्रकरण की जाँचकर कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश दिये हैं।

# पर्यटकों को लुभा रहा काशी का नमो घाट

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी: काशी** की परंपरानुसार उदयागामी भगवान भास्कर का अभिवादन करता "नमो घाट" का नमस्ते स्कल्पचर पर्यटकों को लुभा रहा है। सुबह सूर्य की सिंदूरी किरणें काशी के अर्धचंद्राकार घाटों की छटा में चार चाँद लगाती हैं। ऐसे ही सुबह-ए-बनारस की अलौकिक दृश्य को देखने के लिए दुनिया से पर्यटक काशी खींचे चले आते हैं। सुबह-ए-बनारस का दिव्य और भव्य नजारा का लुत्फ अब पर्यटक विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले खुबसूरत नमो घाट से भी ले सकेंगे। आस्था ,पर्यटन और रोजगार के लिए



अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं वाला नमो घाट बन कर तैयार हो गया है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 15 नवंबर को नमो घाट का औपचारिक उद्घाटन करना प्रस्तावित है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी मौजूद रहेंगे। प्राचीनता और आधुनिकता के साथ तालमेल मिलाकर चलती काशी के घाटों की श्रृंखला में एक और पक्का घाट जुड़ गया है। यह

**विकसित**

**▶▶ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे उद्घाटन, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री पुरी रहेंगे मौजूद**

वाराणसी के पहले मॉडल घाट के रूप में जुड़ा है। इसका विस्तार नमो घाट से आदिकेशव घाट (लगभग 1.5 किलोमीटर) हुआ है। घाट की बनावट और अंतरराष्ट्रीय सुविधा के साथ नमस्ते का स्कल्पचर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

# जनजातीय चेतना के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा: यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान** बिरसा मुंडा जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने गुरुवार को अपने संदेश में कहा है कि "अबुआ दिशोम-अबुआ राज"... अपना देश और अपनी माटी के महत्व का उद्घोष करने वाले और उलगुलान क्रांति से स्वत्व, स्वाभिमान और स्वराज की चेतना जगाने वाले भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हम सब उनको सादर नमन करते हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया और जनजातीय गौरव का प्रतीक बन गये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके अभूतपूर्व योगदान को स्मरण करने के लिए भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर पर प्रति वर्ष "जनजातीय गौरव दिवस" के आयोजन की परंपरा आरंभ की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल, जंगल, जमीन के रक्षक बिरसा मुंडा ने वर्ष 1893-94 में अंग्रेजों द्वारा वन अधिनियम बनाकर जंगलों पर कब्जा करने का विरोध किया, शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और स्वतंत्रता के लिये उलगुलान क्रांति शुरू की। उन्होंने जनजातियों के स्वाभिमान को जगाया और उन्हें यह विश्वास दिलाया कि यह हमारी धरती है और हम ही इसके रक्षक हैं। अपनी धरती और माटी की रक्षा के लिये जनजातियों ने बिरसा मुंडा के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोला। यह क्रांति इतनी प्रभावी थी कि आखिरकार अंग्रेजों ने छोटा नागपुर टेनेंसी कानून पारित किया और जनजातियों को उनका अधिकार प्राप्त हुआ। जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज का गौरवमयी अतीत समाज के सामने लाना और उनकी संस्कृति तथा परंपराओं का संरक्षण है।

**जनजातीय वर्ग का समग्र विकास ध्येय: सीएम**

**मुख्यमंत्री** डॉ. यादव ने कहा कि गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जनजाति न्याय महाअभियान (पीएम जन-मन) योजना की शुरूआत की। इस योजना का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाना और उनका शैक्षणिक, आर्थिक, स्वस्थ और सामाजिक विकास करना है। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि इस योजना के क्रियान्वयन में मध्य प्रदेश की विशेष उपलब्धि रही है। पीएम जन-मन योजना में प्रदेश के 24 जिलों के 118 गांवों में निवासरत बैगा, भारिया एवं सहरिया विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह के 11 लाख 35 हजार से अधिक भाई-बहनों को सहायता, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण देकर इन्हें विकास की नई राह से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

